| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,097.28 ▲ | +335.39 | |
| डॉलर | 82.892 ▲ | +0.042 | |

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 34.0 | 18.0 | 29.0 |
| धनबाद | 36.0 | 21.0 | 31.0 |
| जमशेदपुर | 38.0 | 21.0 | 33.0 |
| पलामू | 36.0 | 18.0 | 30.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 रांची, शुक्रवार, 15 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-45, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय ➤ लोकतंत्र में युवाओं को मतदान की ताकत का हो भान ...06


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


स्ट्रीट वेंडरों को ऋण और मेट्रो के ...12 देश-विदेश



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND



## युवाओं की सरकार,
# युवाओं से सरोकार



श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (GSCC)







**₹15 लाख** तक विद्यार्थियों को ऋण सुविधा...

...बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के

**4%** साधारण ब्याज दर से भुगतान

शेष ब्याज का वहन झारखण्ड सरकार द्वारा

**15 वर्ष** तक ऋण वापसी की अवधि

ऋण बिना किसी जमानती सुरक्षा के

**ऋण वापसी की प्रक्रिया पाठ्यक्रम पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद से**

**अध्ययन अवधि में ही ऋण का ब्याज चुकाने पर ब्याज के दर में 1% की छूट**

PR No. 322712 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) 2023-24

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### मोमिन कांफ्रेंस के प्रखंड अध्यक्षों की हुई घोषणा

**मांडर।** ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस की जिला इकाई रांची जिला मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने कहा कि झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी के अनुमोदन के बाद रांची जिला के अंतर्गत सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्षों की घोषणा की गई है। खलारी - मजीद अंसारी , बेडो- सनाउल्लाह अंसारी, इटकी- इमरान अंसारी, चान्हो - लतीफ अंसारी मांडर - असलम अंसारी, बुडमु- गुलशाद रजा, काके - मजहरूल असारी, ओरमाझी- मोबारक असारी, अनगडा - कलम अंसारी, तमाड़- शमशाद अंसारी ,राहे - मोहम्मद नेसार को बनाया गया है।

### बिजली विभाग ने जारी की बकाएदार उपभोक्ताओं की सूची

**बरही।** बिजली विभाग ने बरही अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बकाए बिल वाले उपभोक्ताओं की सूची जारी किया है. जारी सूची के अनुसार बरही, चौपारण, पदमा, बरकट्ठा और चलकुशा में प्रखंड में लगभग 12000 से अधिक उपभोक्ताओं पर बिल की राशि बकाया है. सहायक विद्युत अभियंता के अनुसार बकाए बिल वसूली को लेकर लगातार छापेमारी किया जा रहा है. 5000 रुपए से अधिक बकाए वाले उपभोक्ताओं के विद्युत विच्छेद किए जा रहे है. अब तक कई उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करवाई जा चुकी है.

### बरही विधायक अकेला यादव ने प्रखंड की विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने चौपारण से ऑनलाइन बरही प्रखण्ड के आधा दर्जन से अधिक योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक श्री अकेला ने बरही प्रखण्ड के गोमदवा टांड विद्यालय बरही में किचन शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास, मध्य विद्यालय बरही किचन शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास, हरिजन स्कूल बरही छात्रावास संख्या 3 की मरम्मती,हरिजन स्कूल बरही चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली भव्य कलश यात्रा, भजनों पर थिरके भक्त



**नवीन मेल संवाददाता। राहे** प्रखंड के सताकी गांव में बृहस्पतिवार को शाम गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं व बालिकाएं सिर पर कलश रखकर यात्रा में शामिल हुई।कलश यात्रा का नेतृत्व गणेश शंकर विद्यार्थी एवं पं रवि ठाकुर कर रहे थे।कलश यात्रा में पुरुष, महिलाओं व बालिकाओं ने हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे नाम का उच्चारण एवं भक्ति भाव में लीन होकर आगे बढ़ रहे थे। सभी श्रद्धालु श्वेत और पीला वस्त्र धारण कर एवं हाथों में ध्वज लिए बैंड-बाजे के साथ नाचते-झूमते और जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे।राम दरबार से कलश यात्रा निकलकर गांव से होते हुए रामघाट पहुंची।जहां गांव की छोटी नदी से कलश में जल भरा गया। इसके बाद यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंची। पं सपन ठाकुर द्वारा विधिविधान पूर्वक पूजन कर कलश में जल भरा गया। कलश में भरे जल से रात्रि में प्रभु श्री राम चन्द्र जी का राज्याभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही पांच दिवसीय श्रीराम चरित मानस कथा, पाठ,प्रवचन एवं महायज्ञ का आज समापन हो जाऐगा। यज्ञ के अंतिम दिन संध्या कालीन आरती,रात में कथा, रामलीला, राज्याभिषेक एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन होगा एवं कल पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, विष्णु चरण महतो, रामेश्वर महतो, जयराम महतो, दशरथ महतो, फेकला महतो, रविन्द्र नाथ महतो, अश्विनी कुमार मेहता, अमीन, भीम, रमेश महतो, सुभाष, अकलू, अम्बुज, अक्षय, अनिल, विश्वनाथ, दिनेश आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सदक ए फित्र प्रति व्यक्ति 72 रुपये तय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** एदार ए शरिया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी की पहल पर गुरुवार को प्रदेश कार्यालय इस्लामी मरकज, हिंदपीढ़ी रांची में काजी ए शरीयत मौलाना मुफ्ती फैजुल्लाह मिस्बाही की अध्यक्षता में मुफ्तीयाने केरान, उलेमा, मस्जिदों के इमाम और जिम्मेदारों की बैठक हुई। इसमें रमजानुल मुबारक में गरीबों, बेसहारों, मदरसों और यतीमों के लिए निकाले जाने वाले सदक ए फित्र के संबंध में चर्चा हुई। इसमें एदारा की ओर से गठित सर्वे टीम मौलाना नेजामुद्दीन, कारी मुजीबुर रहमान, मौलाना गुलाम हैदर की रिपोर्ट पर मध्य वर्ग गेहूं की कीमत पर चर्चा हुई। इसके बाद फैसला लिया गया कि इस समय रांची के बाजारों में मध्य वर्ग गेहूं की कीमत प्रति किलो 35 रुपये है, शरीयत के अनुसार हर मालिके नेसाब पर वाजिब है कि वह अपने और अपने मातेहत बच्चों की तरफ से 2 किलो 45 ग्राम गेहूं या इस का मुल्य निकाल कर गरीबों में तकसीम वितरण कर दें। 2 किलो 45 ग्राम गेहूं की कीमत 71 रुपये 75 पैसे होता है और इस कारण एहतियात के तौर पर 72 रुपये सदक ए फित्र तय किया गया है। अतः रांची व आसपास के मुसलमान सदक ए फित्र प्रति व्यक्ति 72 रुपये निकाल कर गरीबों, मुहताजों, यतीमों और मदरसों को अदा करें। एदार ए शरिया झारखंड ने कहा कि 72 रुपये का हुक्म सिर्फ रांची व आसपास के लिए है। बाकी अन्य शहरों व क्षेत्रों के लिए वहां के बाजारों में बिक रहे गेहूं की कीमत के हिसाब से निकाला जाएगा, जिसके लिए एदार ए शरिया झारखंड ने हर जिले व शहर में रह रहे मुफ्तीयाने केराम व उलेमा को अधिकृत किया है। बैठक में मौलाना कुतुब्दीन रिजवी, मौलाना डॉ ताजुद्दीन रिजवी, मुफ्ती फैजुल्लाह मिसबाही, मुफ्ती एजाज हुसैन मिस्बाही, कारी अय्युब रिजवी, मौलाना फारुक मिस्बाही, मौलाना नेजामुद्दीन मिस्बाही, कारी मुजीबुर रहमान, मौलाना गुलाम हैदर, अकीलुर रहमान, मो. जमीरुद्दीन आदी शामिल थे।

### डीएवी हेहल में शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में डीएवी सेंटर फॉर एकेडमिक एक्सलेंस, नई दिल्ली व सीबीएसई, सीओई, पटना प्रक्षेत्र के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसके मिश्रा, प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-जे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। रिसोर्स पर्सन के रूप में सीओई, पटना द्वारा प्रशिक्षित संसाधिका अनुराधा सिंह ने 21 शिक्षकों को 'हैप्पी क्लास रूम' की अवधारणा के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से जानकारी दी। कार्यशाला के समन्वयक वरिष्ठ शिक्षक धीरेंद्र प्रसाद चांद थे। तकनीकी सहायक शिक्षक के रूप में विद्यालय के ऋषि कुमार का सहयोग रहा।

**छह नए सेंटर फॉर एक्सीलेंस का शुभारंभ, कोच को मिला नियुक्ति पत्र**

# हमारी मिट्टी में विश्व स्तर के खिलाड़ी बनाने की ताकत है : हफीजुल हसन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** अपने राज्य के युवाओं में विश्व के सबसे बेहतर खिलाड़ी बनाने की चाहत है। क्योंकि, यहां कि मिट्टी में वो ताकत है कि यहां से विश्वस्तर के खिलाड़ी निकलते रहे हैं। खेल ही एक ऐसा माध्यम है, जो राज्य की अलग पहचान दे सकती है। पिछले दिन लगातार दो अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का सफल आयोजन कर झारखंड ने अपनी पहचान बनाई है। ये बातें खेल मंत्री हफीजुल हसन ने कही। हसन गुरुवार को सचिवालय में छह नए सेंटर फॉर एक्सीलेंस के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों को स्वास्थ्य सहयोग राशि वितरण और सभी खेलों के लिए कोच को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने अंतरराष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खिलाड़ियों के बीच खेल किट का वितरण किया। इस अवसर पर खेल सचिव मनोज कुमार, निदेशक सुशांत गौरव, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनोहर टोप्पो समेत अन्य शामिल थे।

एथलेटिक्स के लिए चंदनकियारी बोकारो को सेंटर फॉर एक्सीलेंस : फुटबॉल के लिए बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रांची व धनबाद। एथलेटिक्स के लिए चंदनकियारी बोकारो। कुश्ती के लिए मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स होटवार रांची। बैडमिंटन के लिए मेगा स्पोर्ट कंपलेक्स फोटो रांची। हॉकी के लिए एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम सिमडेगा। फुटबॉल के लिए धनबाद। नवनियुक्त प्रशिक्षकों और जिला खेल कोऑर्डिनेटर को मिला नियुक्ति पत्र :कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त 18 खेल प्रशिक्षकों सहित18 जिला खेल कोऑर्डिनेटर को नियुक्ति पत्र दिया गया।

**क्रीडा प्रशिक्षण**

कबड्डी : रसपाल सिंह।
फुटबॉलः प्रेरणा मिश्रा, सुशीला कुमारी, प्रणिता तिर्की, रघुराज रोशन।
बैडमिंटनः मो इमरान अली तथा सौरड्डा कुमार।
एथलेटिक्सः आशु भाटिया व मनोज कुमार पाल
हॉकीः जी सुधीर वा तारिणी कुमारी
आर्चरीः श्वेता पांडे, चंदन कुमार सिंह, प्रकाश राम
पहले से कार्यरत को ऑर्डिनेटर को ड्डी मिला नियुक्ति पत्र
आशीष बनर्जी, निधि उपाध्याय, अमित साव, पूजा कुमारी उरांव, सरोज कुमार यादव, राहुल कुमार, ललित कुमार झा, मनीष चंद्र हेंब्रम, मनीषा तिर्की,आशुतोष कुमार राय, चंद्रड्डूषण, सुशील कुमार, लखेश्वर मंडल चंदन कुमार राणा, रिंकू कुमारी।

**इन खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को मिली खेल सामग्री**

तीरंदाजीः लक्ष्मी कुमारी, नाजिया परवीन, जीतू राम बेदिया, दिनेश मुर्मू कराटे : संतोष गोस्वामी वी अलीशा केरकेट्टा। बैडमिंटनः यशस्वी और वैभवी। ताइक्वांडो : प्रिया घोष। ड्रैगन बोटः संतोष कुमार, बरसा टोप्पो, दिलेश्वर मुंडा, कमलेश महतो और दिवाकर महतो। फुटबॉलः सूरज मुनि कुमारी, विकसित बाड़ा, वीना केरकेट्टा। एथलेटिक्सः क्रांति महतो, उपेंद्र कुमार, आशु भाटिया

## बाइक सवार युवक को अपराधियों ने सरेशाम गोली मारी, मौत

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो के प्रसिद्ध सब्जी मंडी में सब्जी खरीद कर अपने साला के साथ घर वापस लौट रहे 30 वर्षीय शंकर उरांव पिता स्वर्गीय जेंदो कच्छप की गोली मार कर हत्या कर दी गई। अपराधी भीड़ भाड़ वाले इलाके में घटना को अंजाम देकर भाग निकलने में सफल रहे। आनन फानन में शंकर उरांव को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शंकर उरांव की हत्या से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। समाचार लिखे जाने तक आक्रोशित ग्रामीणों ने महावीर चौक के पास मुख्य सड़क को जाम कर दिया । घटना के संदर्भ में बेड़ो पुलिस जांच में जुट गई है । शंकर उरांव की हत्या आखिर क्यों की गई हत्या के क्या कारण थे। इस संदर्भ में बेड़ो पुलिस कुछ भी बता नहीं पा रही है। फिलहाल पुलिस अनुसंधान में जुटी है। बेड़ो निवासी जेंदो उरांव के मंझले बेटे शंकर कच्छप की हत्या से पूरे बेड़ो में उबाल आ गया है। शंकर कच्छप अपने भाईयों में दूसरे नंबर पर था। मृतक का सबसे बड़ा भाई शंभु कच्छप, मृतक शंकर से छोटा शिव कच्छप तथा सबसे छोटा भाई भोला उरांव बताया जा रहा है।

### हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने की लूटपाट

**रामगढ़।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत कुजू बस्ती पुराना एनएच 33 के किनारे अर्जुन हार्डवेयर के संचालक अर्जुन मेहता के आवास में बुधवार की रात्रि भीषण डकैती हुई। इस दौरान नकाबपोश अपराधियों ने घर का दरवाजा तोड़कर हथियार के बल पर घर के सदस्यों को एक कमरे में बंद कर जमकर लूटपाट किया। घटना की सुचना पाकर रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, घाटो ओपी प्रभारी सदानंद प्रसाद, सअनि सुधीर ठाकुर, हीरालाल मुंडू पहुंचकर मामले की छानबीन किया।

# ईडी की कार्रवाई से हमारा परिवार मानसिक प्रताड़ना का शिकार हुआ है : अंबा प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** ईडी प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी)की कार्रवाई के बाद गुरुवार को बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद हजारीबाग के हुड़हुड़ु स्थित आवास पर एक प्रेस वार्ता आयोजित कर मिडिया से मुखातिब होकर अपना पक्ष रखते हुए बताया कि ईडी की कार्रवाई के दौरान उनके आवास से कुछ भी ईडी के अधिकारियों को बरामद नहीं हुआ है। नगदी बरामद होने की जो अफवाह उड़ाई जा रही है महज अफवाह है कहा कि विधानसभा से जो गाड़ी फाइनेंस किया गया है वही गाड़ी सिर्फ उनके नाम पर रजिस्टर्ड है इसके अलावा कहीं भी कुछ भी हमारे नाम से जमीन जायदाद नहीं है कहा कि ईडी केंद्रीय एजेंसी है हम उन्हें जांच में हर प्रकार से सहयोग करेंगे कहा कि ईडू की कार्रवाई में हमारी जो एक बहन मुंबई में रहती है जिसे मुंबई में भी परेशान करने का काम किया गया है वह मुंबई में रहकर स्नातक की पढ़ाई कर रही है और किराए के मकान में रहती है उसे भी प्रताड़ित करने का काम किया गया है। क्योंकि हमारा परिवार राजनीतिक परिवार से आता है इसलिए किसी साजिश के तहत बदनाम करने के लिए ईडी की कार्रवाई की जा रही है। ईडी के कार्रवाई को लेकर कहा कि मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का कार्य किया गया है कहा कि हमारा परिवार इस वक्त मानसिक प्रताड़ना का शिकार हुआ है।

### मनीष जायसवाल ने पतरातू और रामगढ़ के कई क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान

**हजारीबाग।** लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गुरुवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत बड़कागांव और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई इलाके में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत रामगढ़ के पूर्व भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ. कुंटु बाबू के आवासीय परिसर में सुबह की चाय पे चुनवी चर्चा के साथ किया। तत्पश्चात पतरातु के सोलीया, कटिया चौक, न्यू मार्केट, वीना टॉकीज चौक, जयनगर, सौंदा बस्ती, भुरकुंडा, मकतमा चौक और रामगढ़ शहर के कई इलाके में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील आवाम से किया।

**विरोध** — **संकेत व दूरसंचार विभाग संघ ने मनाया काला दिवस, कहा**

# आज भी कर्मी 24 घंटे कर रहे हैं काम यह एचओईआर कानून का उल्लंघन है



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी /रांची** संकेत एवं दूरसंचार मेंटेनेंस यूनियन के द्वारा गुरुवार को पूरे देश भर में रेलवे प्रशासन के खिलाफ अपने बाजू पर काला पट्टी और उपवास रखकर काला दिवस मनाया। रेलवे में एकमात्र विभाग संकेत और दूरसंचार है जिसमें कर्मचारियों के द्वारा आज भी चौबीस घंटे का काम लिया जा रहा है जो की एचओईआर 2005 रेलवे कार्य नियम का उल्लंघन है। चौबीस घंटे काम में व्यस्त रहने के कारण कर्मचारी दिन पर दिन मानसिक और शारीरिक बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं। रांची मंडल यूनियन के पदाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कुछ ही महीनो में देश भर में इस विभाग के दर्जनों कर्मचारी काम के दौरान रन ओवर का शिकार हुए हैं। रेलवे बोर्ड के द्वारा संकेत एवं दूरसंचार विभाग में रात्रि विफलता गैंग और आठ घंटे का ड्यूटी रोस्टर लागू करने का आदेश कई बार आ चुका है, फिर भी इसे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अब तक लागू नहीं किया गया है। आमजनमन को जरूरतों को ध्यान में रखकर दिन पर दिन रेलवे में ट्रेनों की संख्या बढ़ती जा रही है और रेलवे के सुरक्षित परिचालन में सबसे बड़ी भूमिका एस & टी विभाग का ही होता है। रेलवे प्रशासन द्वारा कर्मचारियों पर जिस तरह चौबीस घंटे का काम का दबाव बनाया जा रहा है उससे साफ प्रतीत होता है कि रेलवे को अपने यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा का थोड़ा भी चिंता नहीं है। जबकि दुर्भाग्यपूर्ण बालाशोर जैसी दर्दनाक घटनाएं घटित होने के बाद भी रेलवे प्रशासन को आज तक यह समझ में नहीं आया कि संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को मानसिक और शारीरिक आराम की आवश्यकता क्यों है। दिन पर दिन रेलवे में और भी अधिक सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए सुरक्षा यंत्र बढ़ते जा रहे हैं और जबकि कर्मचारियों की संख्या में कमी होते जा रही है जो कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं उनके काम का बोझ भी मौजूद कर्मचारियों पर ही डाल दिया जा रहा है जो रेलवे की सुरक्षा के लिए खतरा है।

**आठ घंटे का ड्यूटी रोस्टर लागू करने का आदेश कई बार आ चुका है, फिर भी लागू नहीं हो रहा है**

## लाल विचारधारा की आड़ में लोगों की हत्या को बयां करती है फिल्म 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** फिल्म निर्देशक सुदीप्तो सेन और निमार्ता विपुल अमृतलाल शाह की फिलम 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' शुक्रवार को रिलीज हो रही है। गुरुवार को विश्व संवाद केंद्र की ओर से रांची के पीवीआर में इसका प्रीमियर था। 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' को प्रोपगंडा फिल्म कहानी उनके लिए लाजिमी है, जो इसके हिस्से रहे हैं। नक्सलबाड़ी से चली किसानों के हितों की लड़ाई की यह आंधी जब देश के आधे हिस्से को ढंक लिया तब कुछ दिखाई नहीं देता था। यह फिल्म गरीबी, शोषण के नाम पर हिंसक लाल विचारधारा की आड़ लेकर अपने निरपराध आदिवासियों-ग्रामीणों की हत्या को जायज ठहराने की इस मुहिम में शामिल लोगों के चेहरे से उनके नकाब को उतारती है। दृश्यों और संवादों की बेहतर जुगलबंदी और जंगल की अद्भुत सिनेमेटाग्राफी दर्शकों को बांध कर रखती है। अदा शर्मा की अदाकारी देखने योग्य है। समाज के अलग अलग वर्ग से आये दर्शकों ने सराहा। मीडिया, सामाजिक संगठन, सोशल इनफ़्ल्यूएंसर्स, सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सक, शिक्षा जगत के लोग, स्टूडेंट्स , फि ल्म समीक्षक इत्यादि शामिल रहे।

### हत्या का आरोपी गया जेल

**मांडर।** पुलिस ने हत्या के आरोपी पुनगी निवासी धीरन उरांव उर्फ धीरज उरांव उर्फ चरका को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। वह परयागो निवासी 45 वर्षीय दुलारी कच्छप की हत्या के मामले का प्राथमिक अभियुक्त है। बताते चलें की 2 दिन पूर्व सुबह शौच के लिए निकली दुलारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले को लेकर उसके परिजनों द्वारा चार लोगों के खिलाफ मांडर थाने में नामजद प्राथमिक दर्ज कराई थी। धीरन ने पुलिस को बताया कि उसी ने गोली मार कर दुलारी की हत्या की थी। उसके निसानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रिवालवर और दो कारतूस जिसमे एक का वह हत्या में इस्तेमाल कर चुका था।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड-बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्र पर एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



**सिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुरी ओपी के द्वारा झारखंड बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र पर एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को जांच किया गया जांच के दौरान चालक को सड़क सुरक्षा नियम का पालन करने हेतु बिना हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग वाहन को को जप्त किया गया है वाहनों को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु सभी वाहन को सुरक्षित मुरी ओपी थाना परिसर में लाया गया है सभी वाहन साक्षी कार्रवाई करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी को भेजा जाएगा वहीं मुरी ओपी प्रभारी कुंदन सिंह ने लोगों से कहा कि आप जब भी घर से वाहन लेकर निकले तो हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस का उपयोग करें एवं नाबालिग बच्चों को दो पहिया वाहन चलाने के लिए ना दें। अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड मिल्क फेडरेशन के दूध उत्पादक किसानों ने की बैठक



**मांडर।** प्रखण्ड स्थित सोसई आश्रम मैदान में सुरजीत शाही की अध्यक्षता में झारखंड मिल्क फेडरेशन के दूध उत्पादक किसानों की एक बैठक गुरूवार को हुई। जिसमें रांची जिले के सभी प्रखंडों के किसान शामिल हुए। बैठक में में फेडरेशन द्वारा दूध की खरीद मूल्य पर लगभग 2 प्रति लीटर कमी की गई है। जिसको लेकर किसानों में आक्रोश है। सभी किसानों का कहना है गाय का खाना कोटी चोकर दर्रा की मूल्य में वृद्धि होते जा रही है। और फेडरेशन दूध कम रेट में लेने लगा है। जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ होगी। अगर फेडरेशन किसानों की दूध का दाम घटाती है तो किसान इसका पुरजोर विरोध करेंगे। मौके पर अरविंद सिंह, भानु महतो, जयप्रकाश जयसवाल, दिलीप साहू, इंद्रदेव महतो, विनोद सिंह ,जावेद अंसारी,अमर शाही समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कबड्डी में बीसीए वारियर्स ने जीता खिताब



रांची। बीआईटी मेसरा के लालपुर सेंटर में गुरुवार को खेल उत्सव के दौरान बेहतरीन खेल प्रदर्शन देखने का मौका मिला। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बीसीए वारियर्स ने टीम लूजर को हरा के खिताब जीत लिया। बालिकाओं की टीम यूरेका से बहुत ही कड़े मुकाबले में हुस्टलर्स ने मुकाबला जीत लिया। आज के बालकों के फाइनल मुकाबले में जुनैद, विनीत गुप्ता, दीपक जेना, प्रियांशु मोही, रौनील ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। बालिकाओं की मैच में हुस्टलर्स की शृष्टि, आयुषी, आकांशा, प्रिंसी, खुशी, संदीपा उरांव, तेजल, मिस्बाह, अनाएंन, साक्षी, मून ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। यूरेका की अपूर्वा, मिसबाह, तेजल ने कड़ा मुकाबला किया, पर अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं।

### वर्ल्ड किडनी डे पर डॉ राजकुमार ने दी जागरूक रहने की सलाह

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में वर्ल्ड किडनी डे पर गुरुवार को रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने कहा कि किडनी की बीमारी से बचने के लिए जागरूकता के साथ-साथ लोगों को पूरी जानकारी भी दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए। कहा कि नमक की सही मात्रा क्या हो, यह जानना भी बेहद जरूरी है। इस अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। रिम्स के नेफ्रोलॉजी विभाग एवं इकोलॉजिकल सोसाइटी ने आम लोगो को किडनी की बीमारी से बचने की जानकारी दी। एमबीबीएस के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक रिम्स के ट्रॉमा सेंटर परिसर और ओपीडी कांप्लेक्स में प्रस्तुत किया गया। साथ ही, अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में बताया गया। नारे और पोस्टर के साथ रैली निकाली गई। डॉ प्रज्ञा पंत, सहायक प्राध्यापक, नेफ्रोलॉजी विभाग ने कहा कि किडनी की बीमारी से बचने के लिए रक्तचाप और शुगर पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक दवाएं लेने से बचें, पानी का नियमित सेवन करें और समय-समय पर किडनी की जांच कराएं। कार्यक्रम में डीन प्रो (डॉ) विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरुआ, उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, नेफ्रोलॉजी विभाग से डॉ प्रज्ञा पंत घोष, रिम्स इकोलॉजिकल सोसाइटी के चेयरमैन डॉ राजीव रंजन मौजूद थे।

### विश्व किडनी दिवस पर चैंबर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर गुरुवार को चैंबर भवन में भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशिएलिटी अस्पताल ने जागरूकता कार्यशाला सह पैनल डिस्कशन का आयोजन कर लोगों को किडनी संबंधित जानकारी दी। कार्यशाला का आयोजन चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा की देखरेख में किया गया था। किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज मिश्रा और डॉ सिद्धार्थ कुमार ने कहा कि किडनी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह शरीर में मौजूद विशाक्त पदार्थों को फिल्टर करके मूत्र के जरिए बाहर निकलने का काम करती है। उन्होंने बताया कि यदि किडनी सही ढंग से काम न करे, तो इसके कारण शरीर के कई अंग प्रभावित होते हैं और कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। किडनी की बीमारी को इग्नोर करने से कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं और किडनी फेल भी हो सकती है। इस अवसर पर उपस्थित चैंबर सदस्यों ने विशेषज्ञों से कई प्रश्न भी पूछे। इसका उत्तर देते हुए स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी गई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने चिकित्सकों का धन्यवाद करते हुए भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशिएलिटी अस्पताल द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों के लिए आभार जताया। उन्होंने किडनी रोग के लक्षण और उसके निराकरण की बात भी पूछी, जिसे डॉक्टरों ने अच्छे ढंग से समझाया। पैनल डिस्कशन में पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे।

### पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने विधायक अंबा प्रसाद का जताया आभार

**हजारीबाग।** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ झारखंड का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव विधायक सुश्री अंबा प्रसाद से रांची धुर्वा स्थित उनके सरकारी आवास में मुलाकात कर कैबिनेट में उनके पक्ष में हुए फैसले पर आभार व्यक्त किया। विदित हो कि पंचायत स्वयंसेवक कर्मियों की मांगों को पूरा करने हेतु विधायक अंबा प्रसाद ने कई बार विधानसभा में मामला उठाया था एवं राज्य के मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री से मुलाकात करते हुए पंचायत स्वयंसेवक कर्मियों की मांगों पर सहानुभूतिक पूर्वक विचार करने हेतु अनुरोध किया था।

सेंसेक्स 73,097.28 ▲ +335.39
डॉलर 82.892 ▲ +0.042

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 34.0 | 18.0 | 29.0 |
| धनबाद | 36.0 | 21.0 | 31.0 |
| जमशेदपुर | 38.0 | 21.0 | 33.0 |
| पलामू | 36.0 | 18.0 | 30.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 रांची, शुक्रवार, 15 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-45, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय लोकतंत्र में युवाओं को मतदान की ताकत का हो भान ...06
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
स्ट्रीट वेंडरों को ऋण और मेट्रो के ...12 देश-विदेश


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

## कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया एवं पोटका में

# डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास कार्यक्रम



मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 15 मार्च 2024
समय : अपराह्न 01:15 बजे
स्थान : मारदाबांध स्टेडियम मैदान, चाकुलिया

दिनांक : 15 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 11:40 बजे
स्थान : प्रखण्ड मैदान, पोटका

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण सह-आपदा प्रबंधन विभाग

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री विद्युत बरण महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर लोकसभा

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक, घाटशिला

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक, जमशेदपुर पूर्वी

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक, जुगसलाई

**श्री समीर मोहंती**
माननीय विधायक, बहरागोड़ा

**श्री संजीव सरदार**
माननीय विधायक, पोटका



PR No. 322714 (IPRD) 2023-24
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# रांची से चलेंगी चार होली स्पेशल ट्रेनें



**रांची-पूर्णिया होली स्पेशल 23 को खुलेगी**

**पूर्णिया के लिए खुलने वाली यह ट्रेन केवल एक ट्रिप के लिए होगा। यह 23 मार्च को से खुलेगी। वापसी में यह ट्रेन पूर्णिया से इसी दिन खुलेगी। ट्रेन में एसएलआरडी की एक कोच, सामान्य श्रेणी के आठ कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 10 कोच और थ्री टीयर एसी के दो कोच मिलाकर कुल 21 कोच शामिल होंगे।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

होली पर दूसरे राज्यों से काफी लोग घर लौटते हैं। ऐसे में ट्रेनों में टिकट के लिए मारा-मारी बढ़ जाती है। यात्री सुविधा के लिए रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। भीड़ को कम करने के लिए इस बार भी रेलवे की ओर से रांची से चार स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। इससे यूपी और बिहार जाने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इसको लेकर रांची रेल डिविजन की ओर से इसकी घोषणा कर दी गई है।

रांची रेल डिविजन ने स्पेशल ट्रेनों के आने-जाने का समय भी निर्धारित कर दिया है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यूपी और बिहार से आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। इससे ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। सामान्य ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट को देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। चार स्पेशल ट्रेनों में तीन केवल बिहार और एक ट्रेन बिहार के रास्ते उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शहर तक जाएगी।

**रांची-जयनगर**

-यह ट्रेन एक ट्रिप चलेगी। रांची स्टेशन से यह ट्रेन 23 मार्च को खुलेगी। वहीं, 24 मार्च को यही ट्रेन ट्रेन संख्या 08839 बनकर जय नगर से रांची के लिए खुलेगी। इस ट्रेन में एसएलआरडी के 2 कोच, द्वितीय श्रेणी और स्लीपर के 22 कोच समेत कुल 24 कोच होंगे।

**रांची- कटिहार**

रांची से कटिहार के लिए 22 मार्च और 29 मार्च को खुलेगी। वहीं, कटिहार से यही ट्रेन 21 और 28 मार्च को खुलेगी। यह ट्रेन दो फेरे लगाएगी। रेलवे ने समय सारणी जारी कर दी है। इसमें एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 05 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 05 कोच और 3-टीयर के 03 कोच होंगे।

**रांची-गोरखपुर**

होली फेस्टिवल को देखते हुए यूपी तक के लिए रांची रेल मंडल से एकमात्र स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन रांची से गोरखपुर के लिए खुलेगी। फिर गोरखपुर से रांची के लिए वापसी होगी। रांची से ट्रेन संख्या 08821 और गोरखपुर से ट्रेन संख्या 08822 बनकर चलेगी। ट्रेन में जनरेटर यान के 02 कोच और वातानुकूलित 3-टियर (इकनॉमी) के 17 कोच

# राष्ट्रीय वुडबॉल में शानदार प्रदर्शन कर लौटी टीम का भव्य स्वागत

**फेयरवे इवेंट व स्ट्रोक में भी झारखंड की महिला तथा पुरुष टीम संयुक्त रूप से बनी चैंपियन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में विजेता बनने बाद रांची लौटी झारखंड की वुडबॉल टीम का गुरुवार को झारखंड राज्य वुडबॉल संघ की ओर से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, राज्य वुडबॉल संघ के अध्यक्ष राज कुमार पोद्दार, उपाध्यक्ष राजीव रंजन एवं सचिव गोविंद झा, रांची जिला वुडबॉल संघ के सचिव आशुतोष द्विवेदी एवं राहुल कुमार दुबे तथा दीपक वर्मा, शशि वर्मा, पीके प्रधान समेत कई लोगों ने खिलाड़ियों को माला पहनाकर एवं मिठाई देकर सम्मानित किया।

सफल प्रदर्शन के लिए झारखंड वुडबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों ने सभी वुडबॉल खिलाड़ियों को संयुक्त रूप से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ज्ञात हो कि नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए उप विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। फेयरवे इवेंट व स्ट्रोक इवेंट में भी झारखंड की महिला तथा पुरुष संयुक्त रूप से चैंपियन बनी। वहीं, डबल्स इवेंट स्ट्रोक में झारखंड के शुभम और बंटी ने गोल्ड मेडल जीता। डबल्स इवेंट फेयरवे में सौरभ नायक और निकित खलखो को कांस्य पदक प्राप्त किया। सिंगल फेयरवे इवेंट में झारखंड के आयुष नायक ने भी कांस्य पद प्राप्त किया। मिक्स्ड डबल्स में झारखंड के मनमोहन सुंडी तथा नेहा की जोड़ी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला टीम में कृपा तिग्गा, नेहा नायक, हिमांशी और अनीशा ने अच्छे स्कोर प्राप्त किए। पुरषों की टीम में सरवर अंसारी, बंटी टोप्पो, शुभम कुमार, अंकित कुजूर, मनमोहन सुंडी, राजेश गोप ने अच्छा प्रदर्शन कर झारखंड का नाम रोशन किया। यह जानकारी अमन ने दी।

## न्यूज बॉक्स

### पिठोरिया से कार से निकला व्यक्ति लापता, मामला दर्ज

**रांची।** पिठोरिया थाने में एक व्यक्ति के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में असफाक अहमद ने गुरुवार को थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले के अनुसार, असफाक के भाई इस्तीयाक अहमद आरिफ बुधवार को अपने घर से दोपहर में ऑल्टो कार से निकला। शाम में अपने पुत्र असहब से इस्तीयाक ने मोबाइल पर बातचीत की। इस्तीयाक ने पुत्र से कहा कि थोड़ी देर में घर आ जाएंगे। इसके बाद फोन करने पर इस्तीयाक का मोबाइल स्वीच ऑफ बताने लगा। परिजनों ने अपने सभी रिश्श्तेदारों के यहां खोजबीन की। लेकिन, वह नहीं मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की गहन जांचकर रही है। साथ ही, तकनीकी शाखा के सहयोग से लापता व्यक्ति को खोजने का प्रयास कर रही है।

### फिशरीज कॉलेज के छात्रों ने किया पतरातू डैम और कुजु कोल पिट में लगे केजों का भ्रमण



**रांची।** फिशरीज कॉलेज, गुमला के विद्यार्थियों ने गुरुवार को पतरातू डैम तथा कुजू कोल पिट में स्थापित केजों का भ्रमण किया। विदित हो कि फिशरीज कॉलेज के विद्यार्थी अपने अध्ययन यात्रा के दौरान मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र आए हुए हैं। फिशरीज कॉलेज, गुमला के विद्यार्थी यहां मछली पालन के तरीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही, ये छात्र जलकृषि के विभिन्न आयामों को सीख रहे हैं। फिशरीज कॉलेज के इन विद्यार्थियों का नेतृत्व सहायक प्राध्यापक श्वेता कुमारी कर रही हैं। यहां 26 विद्यार्थी स्थल अध्ययन सह प्रशिक्षण करने के लिए 15 दिनों के लिए आए हुए हैं। इस क्रम में वे मत्स्य पालन की तकनीक की जानकारियां प्राप्त करेंगे।

### राज्यपाल से मिले संत जेवियर स्कूल के प्राचार्य



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को डोरंडा संत जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य फादर इग्नेशियस लकड़ा ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को विद्यालय के प्राचार्य ने अवगत कराते हुए कहा कि संत जेवियर्स स्कूल, डोरंडा के 2 को-ऑर्डिनेटर और कंप्यूटर साइंस शिक्षक संतोष कुमार का सबसे लम्बा कंप्यूटर प्रोग्रामिंग क्लास लेने के लिए गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ है। उन्होंने लगातार 48 घंटे क्लास लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। राज्यपाल ने शिक्षक संतोष कुमार की इस उपलब्धि की सरहाना की।

### बंगाली समुदाय के उत्थान की सरकार की पहल सराहनीय : तुषार कांति



गैरसरकारी स्वयंसेवी संस्था श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव एवं शहर के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता तुषार कांति शीट ने कहा कि बंगाली समुदाय के उत्थान और बांग्ला भाषा के संरक्षण-संवर्द्धन के लिए झारखंड सरकार की पहल प्रशंसनीय है। बंगाली समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि गत दिन (बुधवार को) बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान राज्य सरकार द्वारा बांग्ला भाषा को प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में पुनर्स्थापित करने की सरकार के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। तुषार कांति ने कहा कि बांग्ला भाषा को पाठ्यक्रम में शामिल करने, पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा प्राथमिक स्तर से उच्च स्तर तक बांग्ला भाषा शिक्षकों की नियुक्ति के निर्णय से बांग्ला भाषी समाज गौरान्वित है। उन्होंने बताया कि झारखंड के सभी रेलवे जंक्शन, स्टेशनों पर पूर्व की भांति स्टेशनों के नाम बांग्ला भाषा में लिखे जाने की दिशा में राज्य सरकार से पहल करने का अनुरोध किया गया है।

### छात्र-छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं : छात्र आजसू



**डीएसपीएमयू के प्रशासनिक भवन में छात्र संगठन ने जड़ा ताला**

**अभी कुलपति बाहर, लौटने के बाद होगी कार्रवाई : रजिस्ट्रार**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने ज्योति सोनी और सुधांशु सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के प्रशासनिक भवन में विभिन्न मांगों को ले कर प्रदर्शन कर दिया। छात्र आजसू ने दावा किया कि डीएसपीएमयू के प्रशासनिक भवन में करीब दो घंटे तक तालाबंदी की गई। तालाबंदी के दौरान छात्र आजसू के सदस्यों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तालाबंदी के 15 मिनट बाद डीएसपीएमयू की रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने छात्र आजसू से वार्ता करने का प्रयास किया, लेकिन छात्र संगठन के सदस्य डॉ एसके बासुकी पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। मौके पर मौजूद डीएसपीएमयू की रजिस्ट्रार डॉ नमिता सिंह ने कहा कि अभी कुलपति रांची से बाहर हैं।

### मांगें पूरी हों, यही जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि : संघ

**बीआरपी सीआरपी संघ ने सेवा शर्त नियमावली कैबिनेट से पास करने को सीएम के नाम दिया ज्ञापन**

**रांची।** बीआरपी सीआरपी अपनी चिर प्रतीक्षित सेवा शर्त नियमावली कैबिनेट से पास करने के लिए गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। संघ के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने स्मारित करते हुए अनुरोध किया कि 19 वर्षों की सेवा के उपरांत अभी तक नियमावली कैबिनेट से पास नहीं हुआ है। इस कारण बीआरपी सीआरपी की स्थिति अत्यंत कष्टप्रद है। पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने आश्वासन दिया था कि उनकी मांगें पूरी होंगी, पर स्व महतो के असामयिक निधन के कारण मामला कैबिनेट तक नहीं पहुंच पाया।



## एक नजर

### 'निरंकारी संत समागम' के लिए रांची से जत्था काठमांडू रवाना




**रांची।** 'निरंकारी संत समागम' 16 और 17 मार्च को काठमांडू में होना सुनिश्चित हुआ है। इस में भाग लेने के लिए संत निरंकारी मंडल रांची से गुरुवार को 75 लोगों का जत्था नेपाल के काठमांडू के लिए रवाना हुआ। संत निरंकारी मंडल के सदस्यों ने बताया कि रांची से लगभग 75 भक्त जन गुरुवार को दिन में 1:00 बजे सड़क मार्ग से काठमांडू के लिए रवाना हुए हैं। ज्ञात हो कि संत निरंकारी मिशन के प्रमुख सद्गुरु माता जी महाराज की हजूरी में यह समागम होना निश्चित हुआ है। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के अनुकंपा द्वारा इस समागम का आयोजन सिर्फ भारतवर्ष के राज्यों में ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी वर्षों से जारी है। इसका मूल उद्देश्य पारब्रह्म परमात्मा की जानकारी को हासिल करके इसकी भक्ति करना है।

### उद्योग की जननी है रांची की एचईसी : धर्मेंद्र महतो

**रांची।** एचईसी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में गुरुवार को एक जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के रांची जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में एचईसी का बड़ा योगदान रहा है। यह उद्योग की जननी है, लेकिन आज यह प्रतिष्ठान बंद होने के कगार पर है। वर्तमान मोदी सरकार इस संस्थान को बंद कर इसे अपने व्यावसायिक मित्रों को देना चाहती है। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों से केसीसी के मजदूरों को वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। मजदूर भुखमरी की स्थिति में हैं। स्थानीय सांसद यहां के मजदूरों को सिर्फ बरगलाने का काम कर रहे हैं। वर्तमान मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है।

## विद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में अनूठी पहल

# सरकारी स्कूलों में प्रोजेक्ट 'इंपैक्ट' लागू

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को किया जाएगा प्रोत्साहित**

**कोडरमा उपायुक्त रहते हुए आदित्य रंजन ने की थी पहल**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) की ओर से राज्य के सभी सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में अनूठी पहल की गई है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के निर्देशानुसार राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में प्रोजेक्ट 'इंपैक्ट' की शुरुआत की गई है। यह स्वतः व्यापक मूल्यांकन अभियान है। इसमें विद्यालयों को कई मानकों के आधार पर स्वतः मूल्यांकन के लिए राज्य शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा दिए गए प्रपत्र को भरना होता है। इनमें कैंपस की स्वच्छता, पुनर्निर्माण, ग्रीन कैंपस, स्पोर्ट्स गतिविधियों, शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यालय स्तरीय समितियां, दैनिक प्रातः सभाएं, क्लास में अनुशासन, पठन-पाठन, विद्यालय का रख-रखाव, हाउस निर्माण समेत अन्य सांस्कृतिक व पाठ्येतर गतिविधियों के निरंतर आयोजन, टोला टैगिंग जैसे 15 मानक व उप मानक शामिल हैं।

राज्य के सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में बदलाव लाने और गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में लागू किए गए प्रोजेक्ट 'इंपैक्ट' की शुरुआत राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कोडरमा के उपायुक्त रहते हुए की थी। आदित्य रंजन की पहल पर कोडरमा से ही प्रोजेक्ट रेल और प्रोजेक्ट 'इंपैक्ट' की शुरुआत की गई थी। इन दोनों अभियानों से कोडरमा के सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था में ना केवल सुधार आया, बल्कि स्कूलों में बच्चों के नामांकन में भी बढ़ोतरी देखने को मिली।

**प्रोजेक्ट 'इंपैक्ट' का क्या होगा असर**



सरकारी स्कूलों के स्वतः व्यापक मूल्यांकन अभियान के रूप में शुरू किए गए प्रोजेक्ट 'इंपैक्ट' के माध्यम से इन स्कूलों के अंदर प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होगी। स्कूल अन्य सरकारी स्कूलों से अच्छे अंक लाने का प्रयास करेंगे और इस दिशा में तय किए गए सभी मानकों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि हर तिमाही में इस अभियान की समीक्षा की जाएगी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सरकारी स्कूलों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

## संत जेवियर्स में भूगर्भ विषय पर परिसंवाद कल

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में भू विज्ञान विभाग आगामी 16 मार्च को 'चट्टानों से संसाधनों तक : पृथ्वी विज्ञान को समझने की अंतर्दृष्टि' पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में प्रख्यात भूवैज्ञानिकों और संबंधित विज्ञान के प्रख्यात शिक्षाविद व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम का आयोजन संत जेवियर्स कॉलेज के फादर सी. डिब्रावर सभागार में दिन में 10:30 बजे होगा। तकनीकी सत्र में प्रमुख वक्ताओं के रूप में मनोज कुमार, निदेशक (भूतत्व), खान एवं भूतत्व विभाग, झारखंड सरकार, प्रो एसपी सिंह, पूर्व कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आनंद वर्धन सहाय, महाप्रबंधक (सेवानिवृत), सीएमपीडीआई एवं डॉ देबाश्री पी. सिंह, निदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, झारखंड उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा पृथ्वी विज्ञान से जुड़े विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले मौखिक/पोस्टर प्रस्तुति शामिल होगी।

## इक्फाई विश्वविद्यालय ने किया झारखंड टूल रूम के साथ एमओयू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने झारखंड सरकार टूल रूम, रांची के साथ गुरुवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए। दोनों संगठन समान हितों और उद्देश्यों से एकजुट हैं, और वे संचार और सहयोग के चैनल स्थापित करेंगे, जो उनके संस्थागत उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए उनके संबंधित कार्यों को बढ़ावा देंगे और आगे बढ़ाएंगे। यह शैक्षणिक उद्योग से जुड़कर छात्रों के विकास को बढ़ाएगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो (डॉ) रमन झा, डीन (छात्र कल्याण) डॉ शोवोना चौधरी, सहायक डीन (इक्फाई टेक स्कूल) प्रो मिथिलेश मिश्रा और शैक्षणिक प्रमुख कंप्यूटर विज्ञान विभाग, प्रो ऋषि श्रीवास्तव इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड से उपस्थित थे। झारखंड सरकार टूल रूम से प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता, प्रशिक्षण प्रभारी आशुतोष मिश्रा एवं मंगल टोप्पो उपस्थित थे।

# हड्डी से संबंधित दर्द को कभी भी नजरअंदाज न करें : डॉ सुरीन

**गंभीर बीमारी है एंकिलॉजिंग स्पांडिलाइटिस, पसलियां प्रभावित हुईं तो गहरी सांस लेना हो सकता है मुश्किल**




**मरीजों को मिले अच्छा और सस्ता इलाज**

अर्थराइटिस के मरीजों को काफी महंगी जांच, महंगी दवाओं के क्रम से गुजरना पड़ता है। इसके सरल और सस्ते विकल्प को ढूंढने की अत्यंत आवश्यकता है। प्रॉमिस हेल्थ केयर में डॉ अजीत कुमार सुरीन का यही प्रयास रहता है कि मरीजों को अच्छा और सस्ता इलाज मिले। यही डॉ सुरीन को सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचा रहा है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीते कुछ समय से देश भर में ऑर्थोपेडिक समस्याओं में इजाफा हुआ है। लोगों में ऑस्टियो आर्थराइटिस, रुमेटाइड गठिया, सोरियाटिक गठिया, गाउट व अन्य मामलों में वृद्धि हुई है। कई बार लोगों को आभास होता है कि उनके घुटने में दर्द हो रहा है, हड्डियों में दर्द है, लेकिन न तो वे डॉक्टर के पास आते हैं और न ही समय पर इसका इलाज कराते है। मामूली परेशानी बड़ा रूप लेकर सामने आने लगता है और परेशानी बढ़ा सकता है। इसलिए हड्डी से संबंधित दर्द को कभी भी नजरअंदाज न करें। ये बातें अपोलो भुवनेश्वर में सेवा दे रहे प्रसिद्ध रुमेटोलॉजिस्ट डॉ अजीत कुमार सुरीन ने गुरुवार को हरमू रोड स्थित प्रॉमिस हेल्थ केयर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। डॉ सुरीन ने प्रेस कांफ्रेंस में अर्थराइटिस और एंकिलॉजिंग स्पांडिलाइटिस जैसी बीमारियों के बारे प्रमुखता से बात की और मीडिया के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में हड्डी से जुड़ी कई बीमारियों के कारण लोग परेशान हैं। इनमें से प्रमुख है एंकिलॉजिंग स्पांडिलाइटिस। इसे एक्सियल स्पांडिलोअर्थराइटिस के रूप में भी जाना जाता है।

## प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का 'समागम' 30-31 मार्च को




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की 22वीं प्रांतीय सभा सह लघु अधिवेशन 'समागम' रांची समर्पण शाखा के आतिथ्य में आगामी 30 एवं 31 मार्च को रांची में होगा। प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रेस प्रभारी सरिता बथवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिवेशन के अंतर्गत झारखंड से मारवाड़ी समाज के युवा प्रतिभा को चुनकर उन्हें युवा रतन सम्मान से सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय अधिवेशन में झारखंड प्रांत से करीब 400 युवा शामिल होंगे। साथ ही, राष्ट्रीय अध्यश सुरेंद्र भट्टर, प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, झारखंड के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष, प्रांतीय पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं युवा साथी समेत समाज के कई सम्मानित सदस्य एवं अभिभावक शामिल होंगे। इसके लिए पूरे राज्य से अब तक 250 से अधिक साथियों ने अपना पंजीकरण करवा लिया है। सरिता बथवाल ने कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता के सफल मार्गदर्शन में प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) युवा विशाल पाड़िया, प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल के सहयोग से शाखा अध्यक्ष श्वेता भाला के नेतृत्व में समर्पण शाखा की सचिव सपना सिंघानिया, कोषाध्यक्ष दीपिका टेकरीवाल, कार्यकम संयोजिका सुमिता लाठ आयोजन का कार्य देख रही हैं।

# डब्ल्यूजेआई के पत्रकार हेल्पलाइन नंबर का आलमगीर आलम ने किया विमोचन

**पत्रकारों की मदद को चौबीस घंटे काम करेगा हेल्पलाइन : अनंत तिवारी**




**डब्ल्यूजेआई का पत्रकार हेल्पलाइन नंबर : 7481969596**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/पाकुड़।** वर्किंग जनर्लिस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूजेआई) की झारखंड इकाई ने राज्य के पत्रकारों की सहायता के लिए गुरुवार को पत्रकार हेल्पलाइन नंबर की शुरुआत की है। हेल्पलाइन नंबर का विमोचन एवं शुभारंभ राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने रांची स्थित अपने आवासीय कार्यालय में फोन घुमाकर किया। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में काम कर रहे पत्रकारों को निष्पक्ष होकर काम करने के दौरान कभी-कभी कुछ तथाकथित व्यक्ति द्वारा बेवजह परेशान किया जाता है। ऐसे में पत्रकार हेल्पलाइन नंबर का शुभारंभ होने से उन्हें तुरंत सहायता मिलेगी और उन्हें सही मार्गदर्शन मिलेगा। वर्किंग जनर्लिस्ट ऑफ इंडिया की झारखंड इकाई के प्रदेश अध्यक्ष अनंत कुमार तिवारी ने कहा कि डब्ल्यूजेआई झारखंड का एक मात्र पत्रकारों का ट्रेड यूनियन है। यहां पत्रकारों के हर सुख-दुख को संगठन न सिर्फ सुनती है, बल्कि उसके हर सुख-दुख में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेता है। साथ ही, उनकी समस्या का समाधान करता है। उन्होंने अन्य राष्ट्रवादी पत्रकारों को संगठन से जुड़ने की अपील की है। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार ने पत्रकार हेल्पलाइन नंबर को वर्तमान समय में आवश्यक कदम बताया। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में असामाजिक तत्व पत्रकारों के ऊपर कई तरह के षडयंत्रों के तहत झूठे मामले में फंसाने का काम कर रहे हैं। हेल्पलाइन नंबर से ऐसे पत्रकारों को मदद मिलेगी। मौके पर डब्ल्यूजेआई के संगठन मंत्री विश्वनाथ भगत, मंत्री अजय पांडेय, देवघर जिला संयोजक अनुज भोक्ता, सुनील कुमार सिंह, पत्रकार एलके साहू, सीमा कुमारी, रंजना शरण, संजय चक्रवर्ती, सुनील कुमार सिंह , सुबोध यादव, रामाशंकर प्रसाद समेत कई पत्रकार उपस्थित थे।

सेंसेक्स 73,097.28 ▲ +335.39
डॉलर 82.892 ▲ +0.042

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 34.0 | 18.0 | 29.0 |
| धनबाद | 36.0 | 21.0 | 31.0 |
| जमशेदपुर | 38.0 | 21.0 | 33.0 |
| पलामू | 36.0 | 18.0 | 30.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 | रांची, शुक्रवार, 15 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-45, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय ▸ लोकतंत्र में युवाओं को मतदान की ताकत का हो भान ...06

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

स्ट्रीट वेंडरों को ऋण और मेट्रो के ...12 ◂ देश-विदेश

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 61,950

चांदी (1 किलो) 78,500

# डॉ. प्रदीप वर्मा और डॉ. सरफराज अहमद राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

### नामांकन वापसी की समय सीमा तीन बजे समाप्त होते ही की गई औपचारिक घोषणा

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष दोनों को चुनाव आयोग का प्रमाण पत्र सौंपा गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में दो सीटों के लिए हुए राज्यसभा चुनाव में दोनों उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया है। भाजपा प्रत्याशी डॉ प्रदीप वर्मा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ सरफराज अहमद राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं। नामांकन वापसी की समय सीमा गुरुवार को दिन के तीन बजे समाप्त होते ही निवार्ची पदाधिकारी सैयद जावेद हैदर ने इसकी औपचारिक घोषणा कर दी।

राज्यसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के समक्ष दोनों निर्वाचित प्रत्याशी को चुनाव आयोग का प्रमाण पत्र सौंपा गया। इस दौरान प्रभारी सचिव सह निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, भाजपा विधायक सीपी सिंह, पूर्व भाजपा अध्यक्ष रविन्द्र राय सहित कई नेता मौजूद थे। महागठबंधन की ओर से सरफराज अहमद के साथ राज्यसभा सदस्य महुआ माजी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मालूम हो कि झारखंड में दो राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल तीन मई को पूरा हो रहा है। इसमें कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू और भाजपा के समीर उरांव हैं। समीर उरांव को भाजपा ने लोहरदगा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। वे इससे पहले सिसई विधानसभा से विधायक भी रह चुके हैं।

> पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। जिस उम्मीद के साथ मुझे देश के सर्वोच्च सदन में जाने का अवसर प्रदान किया गया है उसकी मयार्दा को जरूर रखूंगा। झारखंड में कई तरह की समस्या है, जिसके समाधान के लिए प्रयास करुंगा।
>
> **डॉ. प्रदीप वर्मा, नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य-भाजपा**

> हेमंत सोरेन और गुरु जी शिबू सोरेन के प्रति मेरा आभार। हेमंत सोरेन ने जो आश्वासन दिया था उसे पूरा किया गया। महागठबंधन के सभी सदस्यों का साथ मिलने से मुझे देश के उच्च सदन में जाने का मौका मिला है। मैं झारखंड की सेवा पहले से करता रहा हूं आगे भी करता रहूंगा।
>
> **सरफराज अहमद, नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य-झामुमो**

#### 11 मार्च को दोनों प्रत्याशियों ने दाखिल किया था पर्चा


डॉ प्रदीप वर्मा और डॉ सरफराज अहमद ने 11 मार्च को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया था। सरफराज अहमद गांडेय विधानसभा से विधायक थे लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से पहले उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

#### मुंबई के उद्योगपति हरिहर महापात्रा को नहीं मिले प्रस्तावक

मुंबई के उद्योगपति हरिहर महापात्रा ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र खरीदा था लेकिन वे विधायकों को प्रस्तावक के लिए तैयार नहीं कर पाए। इस वजह से उन्होंने खुद को चुनाव से दूर कर लिया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।




## एक नजर

### पीएम को धमकी देने पर तमिलनाडु के मंत्री के खिलाफ एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पीएम को धमकी देने के आरोप में तमिलनाडु के मंत्री टी.एम. अनबरसन के खिलाफ केस दर्ज किया है। तमिलनाडु के मंत्री का कथित वीडियो बुधवार को वायरल होने के बाद विवाद पैदा हो गया। इसमें वह पीएम को धमकी देते नजर आ रहे हैं। इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने मंत्री के खिलाफ पुलिस में शिकायत की।

### सीएम नीतीश समेत सभी 11 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

**पटना।** बिहार विधान परिषद की 11 सीटों पर हो रहे चुनाव में सीएम नीतीश समेत सभी 11 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इसके बाद सभी प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र दे दिया गया। गुरुवार को नाम वापस लेने की समयसीमा समाप्त होने के बाद सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। निर्वाचित होने वाले सदस्यों में तीन भाजपा, दो जदयू, चार राजद के अलावा भाकपा (माले) और आप से एक-एक सदस्य हैं। निर्वाचित घोषित किए गए प्रत्याशियों में जदयू के नीतीश कुमार और खालिद अनवर, भाजपा से मंगल पाण्डेय, लाल मोहन गुप्ता और अनामिका सिंह, हम से संतोष कुमार सुमन शामिल हैं। राजद से पूर्व सीएम राबड़ी देवी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, फैसल अली और उर्मिला ठाकुर तथा भाकपा (माले) की शशि यादव भी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं।

### केंद्रीय कृषि मंत्री ने रांची में अत्याधुनिक हनी टेस्टिंग लैब का किया शिलान्यास

# मीठी क्रांति का हब बनेगा झारखंड : अर्जुन मुंडा

### राज्य में लगभग 30 प्रतिशत भूमि जंगल से ढकी हुई है, यहां शहद उत्पादन की है काफी अच्छी संभावना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के विकास में नित नए आयाम जुड़ रहे हैं। रांची को केंद्र बनाते हुए राज्य में शहद उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए गुरुवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने देश की पांचवीं एवं पूर्वी क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक वृहद शहद परीक्षण प्रयोगशाला का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मधुमक्खी पालन विकास केंद्र, बांस संवर्धन परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस क्षेत्र से कभी शहद का निर्यात नहीं हुआ जबकि शहद उत्पादन के लिए यह एक बड़ा क्षेत्र है। क्षेत्र में शहद उत्पादन की काफी संभावना है, जिसका उपयोग किसानों की आय बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। क्षेत्र की लगभग 30 प्रतिशत भूमि जंगल से ढकी हुई है, जिसमें प्रचुर मात्रा में फसलें, फल, सब्जियां और जंगली पेड़ हैं, जो शहद उत्पादन के लिए सबसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं।



> **देश में बढ़ रहा शहद निर्यात**
>
> देश में शहद का उत्पादन बढ़ रहा है और इसका निर्यात भी बढ़ रहा है। शहद परीक्षण प्रयोगशालाएं उत्पादित शहद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद करेगी। मधुमक्खी बॉक्स निर्माण इकाइयां शहद उत्पादन को बढ़ाने में मदद करेगी। व्यापार, ब्रांडिंग और विपणन इकाइयां घरेलू व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहद की बिक्री को बढ़ावा देने में मदद करेगी। साथ ही मधुमक्खी पालकों और किसानों को भी लाभान्वित करेगी और झारखंड मीठी क्रांति का हब बनेगा।

**मिट्टी को नुकसान पहुंचाए बिना आगे बढ़ें :** मुंडा ने कहा कि 2013 के बाद हम कई मामलों में सतर्क हुए हैं, जिनमें मृदा स्वास्थ्य-पर्यावरण भी है। मनुष्य को प्रकृति के साथ संबंध बनाते हुए मिट्टी को नुकसान पहुंचाए बिना आगे बढ़ना है। क्षेत्र में बांस मिशन परियोजना भी शुरू हो रही है। मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों तथा किसानों को केंद्र सरकार ने हमेशा प्राथमिकता पर रखा है। भारत किसानों का देश है, यह समझते हुए केंद्र सरकार गारंटी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश हर मामले में आदर्श बने, सबके प्रयत्नों से भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान व मधुमक्खीपालक शामिल हुए। राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन व शहद मिशन एवं कृषि विज्ञान केंद्र-खूंटी, रांची, गुमला, सिमडेगा, सराईकेला, पश्चिमी सिंहभूम सहित विभिन्न संस्थान सहभागी रहे। रांची सांसद संजय सेठ, पद्मश्री अशोक भगत, बीएयू के कुलपति डॉ. एससी दुबे, निदेशक डॉ. अभिजीत कर, डॉ. सुजय रक्षित, खादी एवं ग्रामोद्योग के अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन उपस्थित भी थे।

# विधायक आवास पर आपराधिक गतिविधियों से वसूली व जमीन कब्जे को लेकर छापेमारी : ईडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी ने जबरन वसूली, लेवी की वसूली, अवैध बालू खनन और जमीन पर कब्जा करने को लेकर कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनसे जुड़े लोगों के 20 ठिकाने पर छापा मारा था। ईडी ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि योगेंद्र साव, उनके परिवार के सदस्यों और उनके सहयोगियों के खिलाफ आईपीसी, 1860, शस्त्र अधिनियम, 1959 की विभिन्न धाराओं के तहत झारखंड पुलिस के जरिये दर्ज 15 से अधिक एफआईआर के आधार पर ईडी ने यह जांच शुरू की। प्राथमिकी में आरोप है कि योगेन्द्र साव, अंबा प्रसाद अपने सहयोगियों के साथ विभिन्न प्रकार की आपराधिक गतिविधियों जैसे जबरन वसूली, लेवी की वसूली, अवैध रेत खनन, भूमि पर कब्जा आदि में शामिल हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने अपराध से आय अर्जित की है। तलाशी अभियान के दौरान 35 लाख रुपये, डिजिटल उपकरण, सर्किल कार्यालयों, बैंकों आदि के नकली टिकट और हाथ से लिखी रसीदें, डायरियां आदि के रूप में विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद और जब्त किए गए हैं। तलाशी के दौरान झारखंड राज्य में अवैध बालू खनन से जुड़े साक्ष्य भी जब्त किये गये हैं। ऐसी आपराधिक गतिविधियों से उत्पन्न अपराध की आय को नकद में अर्जित करने और बाद में आगे की व्यावसायिक गतिविधियों और कई अंचल संपत्तियों की खरीद के लिए उपयोग किए जाने की पहचान की गई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

> **हमारा परिवार मानसिक प्रताड़ना का शिकार हुआ : अंबा**
>
> 
>
> **हजारीबाग।** ईडी की कार्रवाई के बाद गुरुवार को बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने हजारीबाग के हुड़हुड्डु स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता कर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उनके आवास से कुछ भी ईडी के अधिकारियों को बरामद नहीं हुआ है। नकदी बरामद होने की बात महज अफवाह है। अंबा ने ईडी की कार्रवाई पर कहा कि उनका परिवार इस वक्त मानसिक प्रताड़ना का शिकार हुआ है। अंबा ने कहा कि विधानसभा से जो गाड़ी फाइनेंस किया गया है वही गाड़ी सिर्फ उनके नाम पर रजिस्टर्ड है। इसके अलावा कहीं भी कुछ भी उनके नाम से जमीन जायदाद नहीं है। साथ ही कहा कि ईडी केंद्रीय एजेंसी है। हम उन्हें जांच में हर प्रकार से सहयोग करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी की कार्रवाई में उनकी एक बहन जो मुंबई में रहकर स्नातक की पढ़ाई कर रही है और किराए के मकान में रहती है उसे भी प्रताड़ित किया गया। कहा वह एक राजनीतिक परिवार से है। इसलिए साजिश के तहत बदनाम करने के लिए ईडी की कार्रवाई की जा रही है। अंचल अधिकारी के साथ संबंधों पर कहा कि हमारा संबंध किसी भी भ्रष्ट अधिकारी के साथ नहीं है। हम लगातार मुखर होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। इसलिए हमारा नाम किसी भ्रष्ट अधिकारी के साथ ना जोड़ा जाए। दस्तावेज बरामद होने को लेकर कहा कि ईडी हमारे आवास से जो भी अपने साथ लेकर गई है वह जनता से जुड़ी हुई फाइलें हैं।

## पुलिस ने हेमंत की शिकायत पर ईडी अधिकारियों को भेजा समन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज कराई गई एफआईआर पर रांची पुलिस ने ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार एवं अमन पटेल को समन भेजा है। पुलिस ने इन्हें सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत भेजे गए समन में 21 मार्च को उपस्थित होकर पक्ष रखने को कहा है। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में हाईकोर्ट ने ईडी के अफसरों को राहत दे रखी है। हाईकोर्ट ने विगत 4 मार्च को ईडी अफसरों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है।

### पेट्रोल-डीजल 2 रुपये प्रति लीटर हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** केंद्र ने आम आदमी को बड़ी राहत दी है। सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी है। नई दरें शुक्रवार सुबह 6 बजे से लागू होंगी। केंद्रीय पेट्रोलियक मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट जारी कर यह जानकारी दी है। पुरी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम 2 रुपये प्रति लीटर कम करके देश के पीएम ने एक बार फिर साबित किया है कि करोड़ों भारतीयों के अपने परिवार का हित और उनकी सुविधा सदैव उनका लक्ष्य है।

## चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बांड का डाटा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के मुताबिक इलेक्टोरल बांड का डाटा सार्वजनिक कर दिया है। हालांकि इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि किस कॉर्पोरेट ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है। आयोग के अनुसार उक्त मामले में, चुनाव आयोग ने लगातार और स्पष्ट रूप से प्रकटीकरण और पारदर्शिता के पक्ष में अपनी बात रखी है।

वक्तव्य के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च, 2024 के आदेश (डब्ल्यूपीसी संख्या 880/2017 के मामले में) में निहित निर्देशों के अनुपालन में, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च, 2024 को भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को चुनावी बॉन्ड से संबंधित डेटा उपलब्ध कराया था। भारत के चुनाव आयोग ने आज एसबीआई से प्राप्त चुनावी बॉन्ड के डेटा को जैसा है जहां है के आधार पर अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एसबीआई से प्राप्त डेटा को इस यूआरएल पर देखा जा सकता है : https://www.eci.gov.in/candidate-politicalparty।

आयोग की ओर से जारी किए हुए डाटा में अलग अलग राजनीतिक दलों को प्राप्त चंदा की जानकारी है। वहीं दूसरी सूची में तिथि कंपनी और खरीदे गए इलेक्टरल बोर्ड की कीमत की जानकारी दी गई है। इस डाटा के आधार पर यह तय करना कि किस कंपनी ने किस राजनीतिक दल को कितना चंदा दिया है, संभव नहीं है।

### आज रांची आएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को रांची आयेंगे। उनके आगमन को लेकर गुरुवार को विधि-व्यवस्था की ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को पुलिस के वरीय अधिकारियों ने कई निर्देश दिए। बैठक में रांची सिटी एसपी राज कुमार मेहता, एनएसजी के अधिकारी, भाजपा नेता संजीव विजयवर्गीय सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रांची से चतरा जायेंगे। चतरा आगमन से दो दिन पहले ही इटखोरी में सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेने के लिए दिल्ली से एनएसजी के अधिकारियों की एक टीम मां भद्रकाली मंदिर परिसर पहुंच चुकी है।

**इंडिया**

## सेवानिवृत्ति के बाद खुशहाली के लिए जरूरी है तैयारी



सुनील बादल

**एक** समय था जब सेवानिवृत्ति पेंशन व परिवार, विशेषकर बच्चों से देखभाल की उम्मीद पर लोग टिके रहते थे कि सब ठीक ठीक होगा पर इधर नौकरी और पेंशन के नियम बदले हैं और साथ ही शहरों में रहने वाले लोग बढ़े हुए खर्च के कारण कई बार मां बाप की चाहकर भी सही देखभाल नहीं कर पाते । आज के दौर में सेवानिवृत्ति एक ऐसा लक्ष्य है जिस पर हम सभी की तैयारी और जानकारी जरूरी है। कामकाजी जीवन में बदलावों को देखते हुए, यह जानना कि कब सेवानिवृत्त होना है, थोड़ी भ्रमित करने वाली बात बन जाती है। रिटायर होने की उम्र तब होती है जब कोई 60 साल का हो जाए। लेकिन ऐसे कई संगठन हैं जो आपको 55 या 58 साल की उम्र में रिटायर कर देते हैं। भविष्य के लिए और आत्मनिर्भर बने रहने के लिए सिद्धांत है कि यदि 65 वर्ष की आयु तक आपके पास वार्षिक वेतन की कम से कम 10 गुना रकम हो, तो यह सहज सेवानिवृत्त के लिए पर्याप्त है। फिर ऐसे लोग भी हैं जो मानते हैं कि बचत और निवेश से चार फीसदी की निकासी से 25-30 वर्षों तक बचत पर जीवन जीना आरामदायक होगा। ये दोनों सामान्य नियम नहीं हैं। लेकिन आपको सोचने पर मजबूर करने के लिए एक अच्छा संकेतक है। चार फीसदी निकासी वाला फंडा इस तथ्य पर आधारित है कि यदि आप केवल उतना ही निकालते हैं जितना अपनी बचत से हर साल कमाते हैं तो आपका धन लंबे समय तक टिका रहेगा। हां, इस गणना में महंगाई पर विचार नहीं किया जा रहा है। लेकिन, आपको एक आइडिया मिलता है कि सेवानिवृत्त फंड से 7-8 फीसदी निकासी पर विचार करना चाहिए। नियमित खर्चों के लिए सेवानिवृत्त फंड से आपात खर्चों को अलग रखें।?इसलिए, सेवानिवृत्त में अपने सभी खर्चों और वित्तीय जरूरतों को एक ही टोकरी में डालने के बजाय आपात स्थिति के लिए पैसा अलग रखना चाहिए। सेवानिवृत्त में सभी प्रकार की स्थितियों से निपटने के लिए इस आपात खाते में आपके वार्षिक खर्चों के कम से कम 2-3 वर्षों के लिए पैसा अलग रखा जाना चाहिए। यदि रिटायर होने पर आपका वार्षिक खर्च पांच लाख रुपये है तो आपात स्थिति से निपटने के लिए 15 लाख रुपये अलग रखें। इनमें चिकित्सा शामिल नहीं है, जिसे बीमा से पूरा किया जाएगा।सेवानिवृत्त फंड को बचत और निवेश में लगाएं। जिस धन की सेवानिवृत्त के बाद 7-10 वर्षों में जरूरत होगी, वह इक्विटी म्यूचुअल फंड और शेयरों में होना चाहिए, ताकि धन अर्जित करने का लाभ मिल सके।



इक्विटी में पैसे लगाने का कारण समय के साथ उसके मूल्य को बनाए रखना है। याद रखें, इक्विटी में भी ऐसे विकल्प हैं जिनमें कम जोखिम होता है। जैसे लार्ज कैप और ब्लू चिप स्टॉक। यह उनके लिए महत्वपूर्ण है जो पेंशन पर सेवानिवृत्त होते हैं। इसमें पेंशन आय का एक स्रोत है न कि एकमात्र स्रोत। ब्याज दरें अक्सर कम होने के कारण सेवानिवृत्त के लिए की गई बचत पर्याप्त नहीं हो सकती है। इसलिए, सेवानिवृत्त में अतिक्ति आय के लिए तैयार रहें और केवल पेंशन पर निर्भर न रहें। आप सेवानिवृत्त में आय के कई साधन बना सकते हैं। पेंशन की रकम को नियमित खर्चों के लिए निवेश कर सकते हैं। इस फॉमूर्ले से महंगाई को मात देने वाले साधन से लाभ उठाने के लिए इक्विटी में निवेश की जाने वाली अतिरिक्त रकम का उपयोग कर सकते हैं। यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके पास धन उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त जगह है, जो महंगाई को मात देती है। सेवानिवृत्ति में जितना संभव हो सके, उतने वर्षों तक केवल पेंशन पर निर्भर रहने का प्रयास करें। रिटायरमेंट में हेल्थ केयर की लागत तेजी से बढ़ती है। लोग अपनी कंपनी से स्वास्थ्य बीमा प्राप्त करते हैं, लेकिन यह तब तक ही है, जब तक आप कार्यरत हैं। रिटायर होने से पहले खुद का स्वास्थ्य बीमा लें। सुनिश्चित करें कि इसमें आपकी उम्र 80 वर्ष और उसके बाद तक कवर हो। यदि आप कई वर्षों तक जीवित रहते हैं, तो संभावना है कि आप रिटायरमेंट बचत को अपनी योजना से अधिक वर्षों तक समाप्त कर देंगे। अगर आपने रिटायरमेंट में खर्च की उपरोक्त पांच बातों को ध्यान में रखा है तो संभावना है कि आप अपने रिटायरमेंट संबंधी खर्चों को आराम से प्रबंधन करने में सक्षम होंगे। कई लोग रिटायरमेंट के बाद भी आसानी से उसे स्वीकार नहीं कर पाते और न अपने खर्चों पर रोक लगाते हैं जिससे उन्हें परेशानी होती है। हमें इस बदलाव को मानसिक रूप से स्वीकार करना चाहिए और मान कर चलना चाहिए कि यह जीवन का एक अंग है जिसका स्वागत करना है।

## सुखबीर सिंह संधु और ज्ञानेश कुमार होंगे नए चुनाव आयुक्त




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति ने चुनाव आयुक्त के रूप में गुरुवार को पंजाब के पूर्व नौकरशाह सुखबीर सिंह संधु और केरल के ज्ञानेश कुमार का नाम तय किया है। समिति में शामिल कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मीडिया को इसकी जानकारी दी। तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में वर्तमान में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही थे। वहीं, चुनाव आयुक्त अनूप चन्द्र पांडे का पिछले महीने कार्यकाल समाप्त हो गया और अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया। इसके चलते आयोग में दो स्थान रिक्त थे। प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री और लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता की समिति चुनाव आयुक्त तय करती है। पिछले साल एक कानून लाकर सरकार ने इस समिति के माध्यम से चयन प्रक्रिया तय की थी।

> **अधीर रंजन की आपत्ति**
>
> अधीर रंजन चौधरी ने समिति के काम पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कौन-से नाम होंगे इसकी उन्हें जानकारी ही नहीं दी गई थी। इसके अलावा समिति में सरकार का बहुमत है। उन्होंने कहा कि बैठक से ठीक 10 मिनट पहले उन्हें 212 नामों की सूची दी गई। इतने कम समय में सूची में नामित लोगों की सत्यनिष्ठा और अनुभव के बारे में जानना असंभव था। उन्होंने नामों को अंतिम रूप दिए जाने की प्रक्रिया पर अपनी आपत्ति जताई और अपना असहमति नोट दर्ज कराया।

# उच्च सदन में झारखंड की सशक्त आवाज बनेंगे प्रदीप वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता, रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने निर्विरोध राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर डॉ प्रदीप वर्मा को दूरभाष पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मरांडी ने कहा कि डॉ वर्मा के अनुभव एवम उनकी कार्यक्षमता का लाभ राज्य की जनता को मिलेगा। डॉ वर्मा देश के उच्च सदन में झारखंड की सशक्त आवाज बनेंगे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी डॉ वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।**



## भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरी : अमर बाउरी




विधानसभा सचिवालय कक्ष में डॉ वर्मा को बधाई देते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि डॉ प्रदीप वर्मा का राज्यसभा के लिए चुना जाना एक कार्यकर्ता का सम्मान है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जिसने कार्यकताओं का सम्मान सर्वोपरी है।

**महापुरुषों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा ने विधानसभा परिसर स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, राज्य निमार्ता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एवं प्रदेश कार्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका नमन किया। डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो, विधायक कमलेश सिंह सहित केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। डॉ वर्मा ने कहा कि यह जीत प्रदेश के लाखों कार्यकताओं को समर्पित है, जिनके अथक परिश्रम से ही ऐसे सुखद परिणाम मिलते हैं। प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर डॉ प्रदीप वर्मा का महिला मोर्चा ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस मौके पर विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए दीपक बंका, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सुबोध सिंह गुड्डू, रांची महानगर जिलाध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, केके गुप्ता, बलराम सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ईडी ने अभिषेक प्रसाद डीएसपी पीके मिश्रा और प्रीति कुमार को किया समन




रांची । प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, हटिया डीएसपी पीके मिश्रा और प्रीति कुमार को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने पिंटू को 18 मार्च, डीएसपी पीके मिश्रा को 19 मार्च और प्रीति कुमार को 20 मार्च को ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले भी ईडी ने इन तीनों लोगों से अलग-अलग मामले में पूछताछ कर चुकी है।

## प्रदीप वर्मा ने चुनाव आयोग को दी संपत्ति की गलत जानकारी : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची । झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। भाजपा के नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य प्रदीप वर्मा के नॉमिनेशन एफिडेविट पर झामुमो ने सवाल खड़ा किया है। झामुमो ने कहा कि उन्होंने एफिडेविट के संपत्ति ब्योरे में अपनी चल-अचल संपत्ति को छिपाया है।

यहां तक कि कई जानकारियां भी छुपायी हैं। उनकी संपत्ति उत्तर प्रदेश से लेकर यहां तक कहां-कहां क्या-क्या है। इसके सारे दस्तावेज पार्टी के पास हैं। चूंकि अब लोकसभा चुनाव होने हैं, इसे लेकर इलेक्शन कमीशन व्यस्त रहेगा। इसलिए अब चुनाव के बाद झामुमो इलेक्शन कमीशन में जाकर सारे दस्तावेज के साथ मिलेगा और इस निर्वाचन को चुनौती देगा। सुप्रियो भट्टाचार्य गुरुवार को पत्रकारों से



**लोकसभा चुनाव के बाद झामुमो इलेक्शन कमीशन जाकर सारे दस्तावेज के साथ प्रदीप वर्मा के निर्वाचन को चुनौती देगा**

बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड़ में आदिवासी मूलवासी की बात करनेवाली भाजपा ने बाहर से उम्मीदवार लाकर राज्यसभा भेजने का काम किया है। आजमगढ़ के एक व्यक्ति को झारखंड से राज्यसभा भेजने का काम किया। लेकिन शपथ पत्र में रांची का जिक्र किया है।

साथ ही चुनावी पर्चे में अपनी संपत्ति के बारे में भी छुपाने का काम किया है। रघुवर राज में दिन दोगुनी रात चौगुनी पैसे में बढ़ोतरी हुई है। प्रदीप वर्मा फार्म हाउस, खेलगांव में फ्लैट, पंडरा में फ्लैट, सरला बिरला के अंदर दवाई दुकान के मालिक हैं। कई एनजीओं चलाते हैं। अरगोड़ा में जमीन है, धनबाद में जमीन के मालिक हैं।

इसके अलावा आजमगढ़ में आलीशान मकान है। इन सब के मालिक प्रदीप वर्मा हैं। प्रदीप वर्मा ने अपने किसी भी हलफनामा में आजमगढ़ का जिक्र नहीं किया है। सभी प्रोपर्टी में अलग अलग पता दर्ज कराया गया है। अब इसकी शुरूआत हुई है। सभी दस्तावेज मौजूद हैं।

## खबर का स्रोत बताने के लिए पत्रकारों पर दबाव डालना खतरनाक : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पत्रकार किसी को भी न्यूज का स्रोत बताने को बाध्य नहीं होते। फिर भी रांची पुलिस हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के लोगों के विरुद्ध दर्ज कराये गये फर्जी एवं बिना सिर के एक मुकदमे के मामले में पत्रकारों पर दबाव डालकर उनके सूत्र जानना चाहती है।

मरांडी ने कहा कि ईडी झारखंड में पिछले करीब दो सालों से झामुमो-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में चल रहे भ्रष्टाचार के खुलासे के लिए कार्रवाई कर रही है, जिसकी कवरेज स्थानीय और नेशनल मीडिया में भी होती रही है। पत्रकारों का काम ही है अंदर की खबरें निकालना लेकिन झारखंड पुलिस द्वारा कानून का दुरुपयोग कर पत्रकारों पर दबाव डालना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमले के समान है। मरांडी ने कहा कि



**ईडी झारखंड में पिछले करीब दो सालों से झामुमो-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में चल रहे भ्रष्टाचार के खुलासे के लिए कार्रवाई कर रही है**

झारखंड पुलिस के डीजीपी और रांची के एसएसपी न तो खुद भ्रष्टाचारी सरकार का टूलकिट बनें और न किसी दूसरे पुलिस वालों को बनने दें। पिछले दिनों गलत काम करने वालों का अंजाम देखकर सबक लें। पत्रकारों को अपना काम करने दें और राज्य में बेलगाम हो चुके अपराध और पुलिस की लूट-वसूली को रोकने की कोशिश करें।

## सीएए का विरोध करने वालों ने एक्ट पढ़ा नहीं : निरंजन ज्योति

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की फायर ब्रांड नेता साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि राज्य सरकार के जो नुमाईन्दे राज्यों के विकास फंड को लेकर केन्द्र सरकार पर पक्षपात का आरोप लगाते हैं वह सही नहीं है। केन्द्रीय मंत्री ने गुरुवार को गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में चम्पाई सोरेन सरकार द्वारा फंड रिलीज के संबंध में लगाये गये आरोप को खारिज करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हर राज्य को उनके डिमांड के अनुसार फंड देती रही है। झारखंड पर पीएम मोदी सरकार की खास नजर है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि यदि केन्द्र सरकार फंड देने में भेदभाव करती तो झारखंड में मनरेगा योजना फ्लॉप हो जाती? गांव गांव में पीएम आवास योजना के तहत गरीबों के पक्के मकान और शौचालय नहीं बनते। सीएए के बाबत केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि



सीएए का विरोध करना देश के विपक्षी दलों का कोई नया एजेंडा नहीं है। देश हित में हर मुद्दे पर विरोध होता रहा है। साथ ही कहा कि दूसरे देशों में रहकर सालों तक प्रताड़ित होते रहे हिंदू, जैन, सिख और पारसी समुदाय को उनका अधिकार दिलाने का ये एक्ट है लेकिन विपक्षी दलों ने कभी इस एक्ट को सही से पढ़ा तक नहीं और देश के लोगों में भ्रम पैदा करने पर आमादा है। इससे पूर्व गिरिडीह पहुंचने पर जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला महामंत्री संदीप डंगाईच, सुभाष चंद्र सिन्हा, संजू देवी समेत कई भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत किया।

## जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा पर विवाद फॉर्म भरने के मात्र 14 दिनों बाद हो रहा एग्जाम

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 17 मार्च को होने वाली सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। फॉर्म भरने की अंतिम तारीख और परीक्षा के बीच मात्र 14 दिनों का वक्त दिए जाने से अभ्यर्थी परेशान हैं। उनका कहना है कि देश में कहीं भी इतनी छोटी अवधि के नोटिस में सिविल सेवा की परीक्षा नहीं होती। गुरुवार को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी रांची जेपीएससी ऑफिस पहुंचे। उन्होंने परीक्षा की तारीख कम से कम 90 दिन बढ़ाने की मांग की। राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने भी परीक्षार्थियों की मांग को जायज बताया है। राज्य विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से अभ्यर्थियों की परेशानियों को देखते हुए इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

## कोर्ट की सुरक्षा पर रजिस्ट्रार की रिपोर्ट और सरकार के जवाब में अंतर क्यों?

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में कोर्ट की सुरक्षा एवं धनबाद के जज उत्तम आनंद हत्याकांड मामले में दर्ज कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि जज उत्तम आनंद हत्याकांड मामले के दोनों दोषियों को सजा हो चुकी है। फॉरेंसिक लैब में नियुक्ति से संबंधित जेपीएससी का मामला भी सुलझ गया है। सीबीआई ने भी रिपोर्ट दायर कर कह दिया कि अभियुक्त के व्हाट्सएप चैट में कुछ नहीं मिला है। अब इस मामले की सुनवाई 21 मार्च को होगी।

कोर्ट की सुरक्षा मामले में जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य की अदालतों में सीसीटीवी लगाने, मेटल डिटेक्टर लगाने, सिविल कोर्ट के जज एवं अधिवक्ता की सुरक्षा आदि विषय पर राज्य सरकार की ओर से प्रति शपथ पत्र दाखिल किया गया था। हाई कोर्ट




के रजिस्ट्रार जनरल ने भी राज्य की अदालत में सुरक्षा पर रिपोर्ट हाई कोर्ट को दी थी लेकिन राज्य सरकार के प्रति शपथ पत्र एवं रजिस्ट्रार जनरल की रिपोर्ट में अंतर है। यह अंतर क्यों है?

इस पर सरकार की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया कि रजिस्ट्रार जनरल की रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध करायी जाये। कोर्ट ने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की रिपोर्ट की प्रति राज्य सरकार को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट ने इस मामले की भी सुनवाई की 21 मार्च निर्धारित की है।

## जल है तो कल है, अन्यथा उसी दिन जीवन का अंत है : नीलकंठ मुंडा

**खूंटी ।** जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, जल है तो कल है] अन्यथा उसी दिन जीवन का अंत है। इसलिए प्रकृति द्वारा प्रदत्त इस अनमोल रत्न को हमें बेवजह बर्बाद नहीं करना चाहिए, जल संरक्षण के प्रति सभी को गंभीर होना चाहिए, ताकि आनेवाली पीढ़ियों को इसके लिए तरसना ना पड़े ये बातें खूंटी के भाजपा विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कही। विधायक गुरुवार को मुरहू प्रखंड की हास्सा पंचायत के बांधटोली गांव में चापानल अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास तथा नवनिर्मित सोलर आधारित जल मीनार का उद्घाटन करने के बाद आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने बताया कि उनकी अनुशंसा पर खूंटी विधानसभा क्षेत्र की 41 पंचायत में पांच-पांच कुल 205 चापानल अधिष्ठापन स्थापना का कार्य पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा किया जाना है। उन्होंने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण एवं कृषि उन्नयन के उद्देश्य से उन्होंने क्षेत्र में हजारों तालाबों का निर्माण कराया है।

## कोडरमा में दो फैक्ट्री के साथ मालिक के आवास पर सेंट्रल जीएसटी की जांच

**कोडरमा।** जिले में गुरुवार को अलग-अलग केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा एक साथ जांच किए जाने से शहर में हड़कंप मच गया। एक तरह जहां आयकर विभाग की टीम ने एक स्टील फैक्ट्री में सर्वे किया। वही दूसरी ओर सेंट्रल जीएसटी की टीम एक अन्य स्टील फैक्ट्री व उसके मालिक के आवास सहित अन्य जगहों पर जांच कर रही है। सेंट्रल जीएसटी की टीम की जांच देर शाम तक जारी थी। जानकारी के अनुसार गुरुवार की अहले सुबह आयकर विभाग कोलकाता की टीम तिलैया बस्ती में संचालित प्रतीक स्टील्स कांस्टिंग प्राइवेट लिमिटेड पहुंची। यहां घंटों सर्वे करने के बाद टीम के अधिकारी चले गए। इस कंपनी के धनबाद, दुगार्पुर, कोलकाता आदि ठिकानों पर भी आयकर की टीम के द्वारा सर्वे किए जाने की जानकारी सामने आ रही है।

# कभी था कांग्रेस का गढ़, अब है एनडीए का अभेद्य दुर्ग

## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की चुनावी कहानी

### छह विधानसभा वाले गिरिडीह लोकसभा में चार पर गठबंधन का कब्जा है, दो पर एनडीए का

**उपेंद्र गुप्ता**

रांची। गिरिडीह लोकसभा सीट पर कभी कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन 1989 के बाद कांग्रेस की इस सीट पर कभी वापसी नहीं हो सकी। कांग्रेस के इस गढ़ पर भाजपा ने पूरी तरह से कब्जा कर लिया। 1989 से भाजपा के जीत का सिलसिला शुरू हुआ, जिसे आजसू ने 2019 में भी जीत बरकरार रखा। गिरिडीह से कांग्रेस का चार बार तो एनडीए का 7 बार कब्जा रहा। झामुमो को भी दो बार सफलता मिल चुकी है।


**1989 में पहली बार भाजपा को मिली जीत :** गिरिडीह लोकसभा सीट से पहली बार 1989 में भाजपा को जीत मिली, तब भाजपा के रामदास सिंह ने झामुमो के संस्थापक और अलग झारखंड राज्य के अगुवा बिनोद बिहारी महतो को हराया था। उसके बाद 1991 और 2004 को छोड़ कर हर बार भाजपा को जीत मिली, 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के रविंद्र पाण्डेय ने हैट्रिक जीत दर्ज की फिर 2009 और 2014 में भी जीत हासिल की, इस तरह रविंद्र पाण्डेय रिकॉर्ड 5 बार गिरिडीह के सांसद रहे। लेकिन 2019 में यह सीट एनडीए के सहयोगी आजसू के खाते में चला गया, आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी ने भी दमदार जीत हासिल की।

**दो पिता और पुत्र को मिली जीत :** गिरिडीह लोकसभा सीट पर दो बार पिता और पुत्र को जीत मिली है। झामुमो के संस्थापक बिनोद बिहारी महतो और उनके बेटे राजकिशोर महतो गिरिडीह के सांसद रहे। 1991 में बिनोद बिहारी महतो सांसद बने, लेकिन कुछ दिन बाद ही उनका निधन हो गया, उपचुनाव में उनके बेटे राजकिशोर महतो झामुमो के टिकट पर जीत दर्ज की। इसके पहले 1967 में कांग्रेस के टिकट पर डॉ इम्तियाज अहमद ने जीत दर्ज की, फिर 1984 में उनके बेटे सरफराज अहमद ने जीत हासिल की, इस तरह गिरिडीह से दो पिता -पुत्र की जोड़ी ने सांसद बनने में सफल रहे।

**अभ्रक और कोयला खदानों के लिए प्रसिद्ध :** धनबाद-गिरिडीह और बोकारो के छह विधानसभा सीटों को मिलाकर बने गिरिडीह लोकसभा सीट अभ्रक और कोयला खदानों के लिए जाना जाता है। 6 विधानसभा वाले गिरिडीह लोकसभा में चार पर गठबंधन का कब्जा है, दो पर एनडीए का। गिरिडीह, टुंडी, डुमरी में झामुमो का और बेरमो में कांग्रेस का कब्जा है। जबकि बाघमारा में भाजपा और गोमिया में आजसू का कब्जा है।


### दोबारा जीत की तैयारी में आजसू

गिरिडीह लोकसभा सीट पर दोबारा जीत हासिल करने की तैयारी आजसू ने शुरू कर दी है। इसके तहत पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो तोपचांची में आजसू पार्टी के गिरिडीह लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में पार्टी कार्यकताओं के साथ जीत को लेकर मंथन किया। सुदेश महतो के साथ गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो मौजूद रहे। हालांकि आजसू ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा अभी नहीं की है, लेकिन चंद्रप्रकाश चौधरी के नाम पर मुहर लगना तय माना जा रहा है।



### भाजपा और झामुमो के बीच ही मुकाबला

1989 से 2019 के बीच सभी लोकसभा चुनाव में भाजपा और झामुमो के बीच ही मुकाबला रहा है, गठबंधन के कारण तो अब कांग्रेस पूरी तरह हाशिये पर चली गई है। 2019 में भाजपा की सहयोगी आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश महतो ने भी झामुमो प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से हराया था। तब इस क्षेत्र के टाइगर माने जाने वाले जगरनाथ महतो मैदान में थे, लेकिन उनके निधन के बाद झामुमो मजबूत प्रत्याशी की तलाश में जुटा है। कुर्मी नेता और विधायक मथुरा महतो के नाम पर झामुमो विचार कर रहा है, एक दूसरा टाइगर जयराम महतो भी ताल ठोक रहे हैं, यदि तीनों मैदान में उतरे तो गिरिडीह में कुर्मी नेताओं के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।



## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री से मिले इंडी गठबंधन के नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद



**रांची । मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य डॉ. सरफराज अहमद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।**

### पूर्व डीआईजी संजय रंजन आजसू पार्टी के महासचिव बने

**रांची।** पूर्व डीआईजी संजय रंजन को आजसू पार्टी में महासचिव बनाया गया है। पलामू के रहने वाले संजय रंजन हाल ही में आजसू पार्टी में शामिल हुए थे। उन्होंने राज्य में पुलिस सेवा के विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दी है। साथ ही सामाजिक सरोकार से भी जुड़े रहे हैं। पार्टी में महासचिव बनाये जाने के बाद संजय रंजन ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में भी वे दल तथा राज्यवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। संजय रंजन के महासचिव बनने पर पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।



### जमीन घोटाले के आरोपी विष्णु अग्रवाल ने चीन जाने के लिए कोर्ट से मांगी अनुमति

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित कारोबारी विष्णु अग्रवाल ने चीन जाने की इजाजत ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट से मांगी है। इसे लेकर उनकी ओर से अनुमति याचिका दाखिल की गई है। दाखिल अनुमति याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई । सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब देने के लिए समय की मांग की है। इस पर अदालत ने ईडी को समय दिया है। सुनवाई के दौरान विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि व्यापार को लेकर विष्णु अग्रवाल चीन जाना चाहते हैं। इसलिए उनका पासपोर्ट सहित अन्य फॉर्मेलिटी को पूरा किया जाए। जबकि ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने विष्णु अग्रवाल के वकील के इस दलील का विरोध किया। उन्होंने कहा कि विष्णु अग्रवाल जिस मामले में आरोपित हैं, उस मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित किए जाने हैं। विदेश जाने के बाद आगे की न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होगी। इस मामले में विष्णु अग्रवाल, छवि रंजन, अमित अग्रवाल सहित आरोपित चार्जशीटेड हैं । एक आरोपित के नहीं रहने से मामला लंबित रहने की संभावना है।

### अवैध खनन मामले में भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा पर आरोप गठित

**रांची।** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा के खिलाफ ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में गुरुवार को आरोप गठित किया गया। अब इनके खिलाफ मुकदमा चलेगा। ईडी की ओर से मामले में गवाह प्रस्तुत किए जाएंगे। आरोप गठन के दौरान आरोपितों ने खुद को बेकसूर बताया। मामले की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। कोर्ट ने इनपर लगे आरोपों को पढ़कर सुनाया। आरोपितों ने इसे बेबुनियाद बताया। ईडी कोर्ट इन तीनों की डिस्चार्ज पिटिशन पूर्व में खारिज कर चुका है। मामले में भगवान भगत, टिंकल भगत एवं कृष्णा साहा सहित अन्य के खिलाफ ईडी ने इसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है।



कृष्णा साहा को इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट से बेल मिल चुकी है। भगवान एवं टिंकल भगत ईडी के न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। भगवान भगत अपनी कंपनियों के जरिए पत्थर का कारोबार करता था। वह मामले के एक अन्य आरोपित पंकज मिश्रा का काम देखता था। आठ जुलाई, 2022 को ईडी की छापेमारी में भगवान भगत के घर से 28.50 लाख रुपये मिले थे। भगवान भगत और टिंकल भगत को ईडी ने 7 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। भगवान भगत, टिंकल भगत और कृष्णा साहा पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना माने जाते हैं। टिंकल और कृष्ण भगत अवैध खनन के पैसे पंकज मिश्रा को भी पहुंचाते थे। पांच जुलाई, 2023 को 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने अवैध खान मामले में कृष्णा साहा को देर रात गिरफ्तार कर लिया था।


### राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले में पंकज यादव और सूर्य सिंह बेसरा की हुई गवाही

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में 34 वें राष्ट्रीय खेल घोटाला की जांच वाली याचिका के शिकायतकर्ता पंकज कुमार यादव और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा गवाही के लिए गुरुवार को कोर्ट में उपस्थिति हुए। शिकायतकर्ता पंकज यादव ने कोर्ट के समक्ष दिये अपने बयान में कहा है कि मैं सीबीआई की जांच और क्लोजर रिपोर्ट से सहमत नहीं हूं। पंकज ने आरोप लगाया कि सीबीआई ने विधानसभा कमिटी की रिपोर्ट और विजिलेंस जांच को नजरअंदाज किया है। इसमें प्रथम दृष्टया में भ्रष्टाचार और अनियमितता की बात कही गयी है। हम जल्द ही इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन फाइल करेंगे। वहीं पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने भी क्लोजर रिपोर्ट का विरोध किया। उन्होंने कहा कि 424 करोड़ का घोटाला है। अदालत ने दोनों को 16 अप्रैल को सारे सबूत और कागजात के साथ उपस्थित होने को कहा है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

इससे पूर्व सेंटर फॉर आरटीआई के अध्यक्ष पंकज कुमार यादव ने राष्ट्रीय खेल में हुए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण और स्पोर्ट्स उपकरण की खरीद में हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। वहीं सूर्य सिंह बेसरा और सुशील कुमार ने भी अलग-अलग याचिका दायर करते हुए राष्ट्रीय खेल घोटाला मामले की जांच की मांग की थी। इसपर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया।

### राज्यपाल से पूर्व मंत्री लालचंद महतो सहित कई लोगों ने की मुलाकात

**रांची ।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में पूर्व मंत्री सहित अन्य लोगों ने मुलाकात की। गुरुवार को राज्य के पूर्व मंत्री और बहुजन सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालचंद महतो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात की। इसके बाद राज्यपाल को कतिपय समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल से फेडरेशन ऑफ द यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड का एक शिष्टमंडल अध्यक्ष डॉ० बबन चौबे के नेतृत्व में मिला। इस दौरान राज्यपाल का विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इसी प्रकार राज्यपाल से त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ का एक शिष्टमंडल विकास कुमार महतो के नेतृत्व में मुलाकात की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को कतिपय समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।



## एक नजर

### सिमडेगा मंडल कारा में एसपी और डीसी के नेतृत्व में हुई छापेमारी

**सिमडेगा।** सिमडेगा मंडल कारा मे बुधवार को करीब 8 बजे हड़कंप सी मच गयी।जब जिला पुलिस ने जेल मे दस्तक दी,ये दस्तक मे औचक छापेमारी को लेकर थी। एसपी डीसी के साथ जिला के सभी डीएसपी अवध कुमार यादव एसडीपीओ बैजू उरांव,बीडीओ समीर खलखो, सीओ इम्तियाज अहमद एवं भारी संख्या मे पुलिस बल मौजूद रही। छापेमारी के दौरान जेल के अंदर किसी प्रकार का कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नही हुई गौरतलब है सिमडेगा जेल मे कई नक्सली और हार्डकोर अपराधी बंद है। वही बताया गया कि कुख्यात अपराधी अमन साहू के करीबी और कुख्यात अपराधी आकाश रॉय मोनू की सेल की गहनता से तलासी ली गयी हलाकि किसी प्रकार की कोई आपत्तिजानक समान नहीं मिला सूत्रों से खबर मिली की कुख्यात अपराधी आकाश रॉय मोनू से करीब आधा घंटा तक एसपी ने पूछताछ की।गौरतलब हो लोकसभा चुनाव को लेकर झारखण्ड के सभी जैलों मे छापेमारी जारी है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की हुई बैठक

**सिमडेगा।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा के दिशा निदेर्शानुसार जिले में गठित मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला जन-संपर्क पदाधिकारी -सह- सदस्य सचिव पलटू महतो ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के साथ ही जिले के सभी समाचार निमार्ता, वेब पोर्टल न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज चैनल, फेसबुक, सोशल मीडिया आदि पर हर पल नजर रखने से संबंधित मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।उन्होंने ने कहा कि एमसीएमसी गठित समिति के सभी सदस्यों से विज्ञापन के प्रमाणीकरण और केबल नेटवर्क सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर निगरानी की बात कहीं।

### अलग-अलग घटनाओं में फांसी लगाकर दो लोगों ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सिमडेगा में गुरुवार को अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पहली घटना सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत भेड़ीकूदर लोहराटोली गांव की है जहां पर मानसिक रूप से विक्षिप्त सुधीर कच्छप नामक व्यक्ति ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि विगत कुछ महीनो से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह इधर-उधर भटक रहा था, 2 दिन पूर्व अपनी पत्नी एवं बच्चों से लड़ाई झगड़ा करने मायके भेज दिया था। जिसके बाद इधर-उधर भटक रहा था ,वहीं गुरुवार को अपने घर में फांसी लगाकर उसने जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस में मृतक के शव को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

### मनरेगा अधिनियम का उल्लंघन

# कार्य स्थल पर पानी और दवा की व्यवस्था नहीं, जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत कार्य स्थलों पर श्रमिकों को छाया-पानी एवं दवाइयों की सुविधा देना अनिवार्य है। मगर जलडेगा प्रखंड में संचालित हो रही इस योजना के तहत कार्य स्थलों पर न तो छाया व ना हीं पानी की व्यवस्था है। जबकि दवाइयां भी कार्य स्थल पर अभी तक नहीं पहुंच है। मनरेगा अधिनियम के तहत जो सुविधा श्रमिकों को कार्य स्थलों पर मिलनी चाहिए। वह सुविधा नहीं मिल रही है। जिसके कारण श्रमिकों को तेज धूप में भी कार्य करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के दौर में जहां हर किसी की हालत खराब है। वहीं ग्रामीण इलाकों में मनरेगा श्रमिक तपती दोपहर में काम करने को मजबूर है। श्रमिकों को विश्राम करने के लिए छाया भी नसीब नहीं हो रहा है। ऐसे में उन्हें भीषण गर्मी में आराम के लिए पेड़ों की तलाश करनी पड़ रही है। तेज धूप में काम करने पर कई श्रमिकों को आए दिन उल्टी-दस्त जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन उपचार के लिए मौके पर दवा तक नहीं मिलती है। इन श्रमिकों पर अधिकारियों का ध्यान तक नहीं जा रहा है। साथ ही श्रमिकों ने बताया कि पीने का पानी भी घर से ही लाना पड़ता है। सरकार ने कार्य स्थल पर छाया, पानी और दवा इंतजाम करने का निर्देश दे रखा है लेकिन कार्यस्थल पर कोई व्यवस्था नहीं है।

चालू वित्तीय वर्ष में मात्र 30 योजना ही फाइनल हुआ, जबकि अब भी 1033 योजना ऑन गोइंग

| पंचायत | ऑन गोइंग | कंप्लीट |
|---|---|---|
| जलडेगा | 99 | 0 |
| कोनमेरला | 122 | 2 |
| कूटूंगीया | 102 | 7 |
| लम्बोई | 141 | 13 |
| लमडेगा | 103 | 4 |
| ओडगा | 39 | 1 |
| परबा | 150 | 1 |
| पतिअम्बा | 107 | 0 |
| टाटी | 69 | 0 |
| टीनगिना | 101 | 2 |

### मनरेगा में रोजगार की है गारंटी, मजदूरी की नहीं

मनरेगा में रोजगार की गारंटी है, लेकिन मजदूरी की नहीं। मनरेगा के तहत प्रखंड में मजदूरों को रोजगार तो मिल रहा है, लेकिन मजदूरी नहीं। जलडेगा प्रखंड में पिछले कई महीनों से मनरेगा मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिली है। मजदूरों के लिए परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। इस कारण मजदूरों का मनरेगा से मोह भंग हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप उनकी सक्रियता कम हो रही है। प्रखंड में कुल 1033 योजनाएं संचालित हैं। इसमें प्रतिदिन औसतन 450 से 500 मजदूर काम करते हैं। उन्हें कई दिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है।

# विधायक ने इंडोर स्टेडियम का किया उद्घाटन, लोगों को किया समर्पित



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबीरा**

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना अंतर्गत निर्मित इंडोर स्टेडियम लचरागढ़ का गुरुवार को कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंनगाडी ने रिबन काटकर उद्घाटन किया जिसके बाद उन्होंने लजारागढ़ क्षेत्र के लोगों को समर्पित कर दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीडीसी संदीप कुमार दोराइबुरु, रुर्बन मिशन कोऑर्डिनेटर उमाशंकर, बीडीओ बिरेंद्र किंडो रावेल लकड़ा, श्यामलाल प्रसाद, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,जमीर हसन,जमीर अहमद फिरोज अली उपस्थित रहे।मौके पर इंडोर स्टेडियम उद्घाटन का संस्कार मुंडा संस्कृति के अनुरूप पाहन पुजार के हाथों किया गया।मौके पर मुंडा समाज के महाराजा पढ़हा राजा सनिका मुंडा, महासचिव लूथर टोपनो ,ढिशुम पाहन पुजार जेम्स धनवार के द्वारा किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि लचरागढ़ के लिए बहुत सुंदर उपहार के रूप में है हमारी सरकार की तरफ से इस क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए हर मौसम में हमारे क्षेत्र की बेटे-बेटियां,बूढ़े-बुजुर्ग,युवा साथी गण खेल के साथ-साथ मनोरंजन के लिए इस इण्डोर स्टेडियम का उपयोग करें।मनोरंजन के साथ-साथ अपनी प्रतिभाओं का उजागर करें।यह इंडोर स्टेडियम सभी समुदायों,सभी वर्गों के लिए है।इसके संचालन के लिए यहां एक समिति का गठन हुआ है प्रशासनिक पदाधिकारीयों और ग्राम सभा के अगुवाई में इन्हीं के द्वारा स्टेडियम का रखरखाव और संचालन किया जाएगा।

### सास की डांट से नाराज बहू ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

ठेठईटांगर। थाना क्षेत्र अंतर्गत तारबोगा पंचायत के मूडीपानी कुरूमडेगी गांव की है ।जहां पर 26 वर्षीय संगीता डुंगडुंग नामक महिला ने अपनी सास की डांट से नाराज होकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।जानकारी देते हुए पति ने बताया कि बुधवार को खपरैल मकान को बारिश से बचने के लिए मरम्मत करने के लिए मजदूर लगाए गए थे ,और घर में सभी लोग व्यस्त थे ।वहीं बहू घर के घर के बारी खेत में जाकर शाम तक नहीं आई, जब शाम में लौटी तब सासू के द्वारा उसे खरी खोटी सुनाया ,जिसके बाद गुस्से में आकर उसने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### हेठमा अंबाटोली में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

# जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं : सुशील लकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**



प्रखंड के हेठमा पंचायत के अम्बा टोली गाँव मे गुरुवार को समाजसेवी सह सिमडेगा विधानसभा प्रत्याशी सुशील लकड़ा के द्वारा ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। मौके पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए बताया की गांव तक आने जाने के लिए कच्ची रास्ता है, शिक्षा स्वास्थ्य संबंधी समस्या है। गांव में लगभग 50 परिवार हैं परन्तु सरकारी नौकरी में एक भी परिवार के लोग नहीं हैं। सरकारी खाते से बन्दोबस्त जमीन और रैयती जमीन के आनलाईन में व्यापक गड़बड़ी है जनता इसके लिए परेशान हैं। इसके अलावा राशन की कटौती पर सभी स्तर के जनप्रतिनिधि मौन हैं। अम्बाटोली की जानता राशन कटौती से दुःखी हैं। जिला प्रशासन मौन है इनको जनता की परेशानी से कोई मतलब नहीं है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता राष्ट्रीय पार्टियों को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। समाजसेवी सुशील लकड़ा ने कहा कि आपकी एक छोटी सी गलती की वजह से आप लोग इस प्रकार की परेशानी झेल रहे हैं, इसलिए इस बार आने वाले चुनाव में अपनी गलतियों को सुधार करते हुए ऐसे लोगों को दरकिनार करें जो आपकी भावनाओं को ना समझते हुए चुनाव के समय आपको बरगलाने का काम किया था ।

### ग्राम सभा की बैठक में ग्रामीणों ने हड़िया दारू बिक्री पर रोक लगाने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

प्रखंड के लोम्बोई बाजारटांड में 27फरवरी को घटित घटित पुलिस पब्लिक झड़प की घटना के संबंध में ग्राम सभा का आयोजन किआ गया। बैठक में झामुमो जिला समिति सिमडेगा के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि इस घटना का उचित एवम न्यायपूर्ण समाधान निकलने के लिए झामुमो भरपूर कोशिश कर रही है आशा है बहुत जल्द इसका समाधान होगा।उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज पिछड़ा हुआ समाज है और इसका पिछड़ेपन का मुख्य कारण नशा -पान है। जिस रोज हम आदिवासी नशा -पान पर नियंत्रण पा लेंगे उसी दिन से हमारा विकास शुरू होगा। झामुमो जिला सचिव ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा बाजार हाटों में शराब का बिक्री बन्द करना होगा, चूंकि शराब की वजह से क्षेत्र में आए दिन विभिन्न प्रकार के घटनाएं होती है। इसलिए ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, मुख्याओं से आग्रह है की वे इस दिशा में पहल करें ताकी बाजार हाटों में शराब के बिक्री पर रोक लगाई जा सके। बैठक में ग्रामीणों ने अध्यक्ष, सचिव के विचारों पर सहमति जताई। इस अवसर पर झामुमो जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, संगठन सचिव कल्याण मिंज, जिला युआ अध्यक्ष संजू डांग, युवा सचिव राजेश टोप्पो, जिला क्रीड़ा मोर्चा कोषाध्यक्ष अमलेन समद, कोमल कंडुलना, सीसीर लुगुन और भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

### खड़िया समाज के लोगों ने कोलेबिरा विधायक को सौंपा ज्ञापन

# आज करेंगे मुख्यमंत्री से मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के खुंटीटोली आवास पर गुरुवार की सुबह अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो के पदाधिकारी पहुंच कर समाज मांग पत्र सौपे।खड़िया समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार खड़िया भाषा की पढ़ाई कक्षा एक से लेकर स्नातकोत्तर तक हो,सीएनटी के अनुसार पूर्व में थाना की बैध्दता थी उसे समाप्त करते हुए रांची में भी खड़िया समाज जमीन अपने नाम ले सके वैसी व्यवस्था सरकार द्वारा किए जाएं।यूनिवर्सिटी में भाषाई शिक्षकों के बहाली के लिए भैकेंसी निकाली गई है उसमें खड़िया भाषा शिक्षक के लिए भी नियुक्ति आमंत्रित किया जाए।आदि बाते रखी।विधायक कोलेबिरा ने कहा कि थाना की बाध्यता पर टीएसी की बैठक में आवाज उठाया गया है । जिसपर टीएसी की कमिटी ने स्वीकारात्मक जवाब दिया गया था।भाषाई शिक्षकों के लिए भी सकारात्मक जवाब दिया गया था और उस पर कार्रवाई भी शुरू कर दिया गया है। विधायक ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया क खड़िया समाज के साथ साथ सभी आदिवासी समुदाय के हक और अधिकार के लिए आवाज लगातार उठाया जाएगा उन्होंने बताया कि सदन में वीर शहीद तेलंगा खड़िया का आदमकद प्रतिमा लगाने कि मांग सरकार से की गई है। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र में तेलंगा खड़िया का प्रतीमा लगाया गया है उन्होंने बताया कि आज कल्याण मंत्री, कल्याण सचिव एवं मुख्यमंत्री से मिलकर इस सकारात्मक पहलू पर चर्चा की जाएगी और समाज के उचित अधिकार के लिए सकारात्मक कार्य करने का आग्रह की जायेगा। वहीं समाज के लोगों ने विधायक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मिलने जाने के लिए तैयार है।मौके पर जेम्स पी केरकेट्टा,महासोहोर पी कुलकांत केरकेट्टा, परगना सोहोर जोन अगुस्टीन टेटे, पूर्व सोहोर निकोलस किड़ो, वार्ड पार्षद रांची कुलभूषण डुंगडुंग, पूर्व डिप्टी कमिश्नर बजील कीड़ो, सचिव अलफोंस डुंगडुंग, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम,जमीर अहमद, जमीर हसन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को किया जागरूक



**सिमडेगा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिमडेगा के सौजन्य से चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा द्वारा नागपुरी लोक गीत नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सिमडेगा प्रखंड में टैंसेरा पंचायत के बानबीरा बाजार टाड़, जोगबहार पंचायत में गुदड़ी बाजार,सिमडेगा बाजार और कुरडेग प्रखण्ड के गाड़िया जोर पंचायत में सांवा गांव, हेठमा पंचायत के हेठमा भंडार टोली में बाजार टाड़ में बाल विवाह, मानव तस्करी, डायन कुप्रथा,बाल मजदूरी , दहेज प्रथा, पलायन की समस्या, सड़क सुरक्षा, मतदाता जागरूकता,कुपोषण सर्प दंश,नशा खोरी जैसी समस्याओं के प्रति जागरूक अभियान चलाया गया। मौके पर चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर ने लोगों से मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मतदान हम सभों का अधिकार है जिससे वंचित नहीं होना है ।उन्होंने कहा पहले मतदान फिर जलपान,अपने मत को रुपया पैसा और दारू हड़िया में नहीं बेचने की बात कही। मौके पर कलाकार खिलेश्वर सिंह,बिमला देवी द्वारा एक से बढ़ कर एक शिक्षा,नशा खोरी,सड़क सुरक्षा पर आधारित गीत गाकर जागरूक किया ।कलाकारों में मुख्य रूप से रीना कुमारी,सीमा कुमारी,फिलोमिना,सोनू बड़ाईक, भीम प्रसाद सहित अन्य कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई।

### भेलवाडीह पूरबटोली में भाजपा ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान




पाकरटांड। प्रखंड के भेलवाडीह पूरब टोली में गुरुवार को भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा एवं प्रखंड सांसद प्रतिनिधि दीप नारायण दास ने लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया। मौके पर लोगों से मुलाकात कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दिए तथा लाभाथीयों के बीच में लाभार्थी स्टीकर और योजनाओं से संबंधित पत्रक वितरण कर , मोबाइल से मिस काल करने संबंधित जानकारी प्रदान किया गया। ग्रामीणों के द्वारा श्री बेसरा को बताया गया कि राशन डीलर के द्वारा सितंबर माह और फरवरी माह का राशन नहीं दिया गया है और गांव में जल नल योजना तहत घर घर नल लगाया गया है परन्तु जल आपूर्ति नहीं किया जा रहा है ।उपरोक्त संबंध में श्री बेसरा ने कहा कि इस संबंध में आपूर्ति विभाग एवं जल एवं स्वच्छता विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को इस बात कि जानकारी दी जाएगी एवं जल्द समस्या के समाधान के लिए कहा जाएगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अरूण सिंह एवं अनेक महिला पुरुष उपस्थित थे।

### लचरागढ़ में विश्व हिंदू परिषद समन्वय समिति की हुई बैठक



**बानो।** लचरागढ़ स्थित विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर स्कूल में विश्व हिंदू परिषद समन्वय समिति की बैठक हुई । बैठक में विश्व हिंदू परिषद के संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल देवराज उपस्थित थे। बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों को जागरूक करना है ।एक गांव एक परिवार सोच का जागरूक करना जरूरी है,संगठित ढांचा तैयार करना होगा ताकि समाजिक एकता बरकरार रहे पुर्व में हिंदुओं को जाति -पाती धर्म में बांट कर हिंदु? समाज को विखंडित करने का कार्य किया गया ।हमे हिंदु समाज को जागरुक करना है तथा संगठित बनाना है.उन्होने कहा कि देश बचेगा तो हम बचेंगे,हमे देश की अंखडता को बरकरार रखने के लिए आगे आने की आवश्यकता है ,हमें देश व धर्म के प्रति सजग रहें देश सेवा व धर्म की रक्षा भावना को जागृत करे। इस अवसर पर 22 जनवरी को हुए कार्यक्रमों के बारे में समीक्षा किया गया एकल विद्यालय के कार्यों सहित अन्य विभिन्न सामाजिक धार्मिक गतिविधियों के बारे में चर्चा किया गया। इस अवसर पर सुबोध कुमार, शंकर पंडा, प्रवीण साहू,अंकित साहू,अजय साहू, सुनील कुमार सिंह,रोहित साहू ,सुनीता देवी, प्रकाश ठाकुर, लीलांबर सिंह, मंगल सिंह, अनंत कुमार होता, सहित काफी संख्या में विश्व हिंदू परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

### झामुमो नेताओं ने रोजेदारों के बीच बांटी खाद्य सामग्री



**बानो।** झामुमो केन्द्रीय सदस्य प्रत्याशी सुदीप गुड़िया के द्वारा गुरुवार को बानो में रोजेदारों को खाद्यान्य समाग्री का वितरण किया। झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया जी बोले रामजान का माह पवित्र माह है, इसलिए हम सभी मिल कर देश, राज्य एवं गांव में अमन चैन और विकास, शान्ति स्थापित रहे। झामुमो के नेतृत्व में झारखंण्ड के पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वर्तमान के मुख्यमंत्री चांम्पाई सोरेन सभी वर्गों का विकास और शांति स्थापित कर चल रही है। लेकिन अमन चैन के दुश्मनों को हेमंत सोरेन के कार्यो से घबरा कर बिना सबुत के जेल में डाल रखा है ।सभी रोजेदारों से निवेदन है न्याय और सच्चाई कि जीत हो इसके लिए दुवा करें। झामुमो केन्द्रीय सदस्य सह जिप सदस्य बिरजो कन्डुलना ने रामजान के माह में सभी रोजेदारों को बधाई देते हुए बोले कि सभी धर्मो का सम्मान के साथ आगे बढ़ते रहें। झामुमो बानो प्रखंण्ड के पुर्व अध्यक्ष नियरजन जोजवार बोले बानो हमेशा भाईचारगी का मिशाल रहा है इसे बरकरार रखना है ।इस अवसर 20सुत्री प्रखंण्ड अध्यक्ष बिदेशीया बड़ाईक, उपाध्यक्ष मनीर खान, तनवीर अलाम,जकरियास कन्डुलना, तोरपा प्रखंण्ड उपाध्यक्ष जोनशन आईन्द ?,सहित अन्य लोग उपास्थित थे।

### दक्षिणी छोटानागपुर रेंज के डीआईजी ने सिमडेगा न्यायालय का किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** दक्षिणी छोटा नागपुर रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे के द्वारा सिमडेगा व्यवहार न्यायालय पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था विधि व्यवस्था से संबंधित निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने न्यायालय के मुख्य गेट मुख्य न्यायालय परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में भ्रमण करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सिमडेगा एसपी के साथ सभी प्रकार की सुविधाओं की जानकारी ली। जानकारी देते हुए रेंज डीआईजी अनुप बिरथरे ने कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश पर विभिन्न सिविल कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था से संबंधित निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट रिपोर्ट करनी है जिसको लेकर यह निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि सिमडेगा व्यवहार न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की सभी चीज उपलब्ध है जो भी चीज कमी है उन सभी चीजों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि न्यायालय परिसर में किसी प्रकार की कोई भी परेशानी उत्पन्न हो।

### आरोग्यम अस्पताल में विश्व किडनी दिवस मनाया गया

# किडनी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है : हर्ष अजमेरा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



जिले के आरोग्यम अस्पताल के परिसर में गुरुवार को विश्व किडनी दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल के मुख्य चिकित्साक, अस्पताल की प्रशासक सहित कई कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से केक काटकर विश्व किडनी दिवस मनाया, साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की बाते बताया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष अस्पताल परिसर में आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व किडनी दिवस पर लोगों को जागरूक करना है। विश्व किडनी दिवस इतिहास ही अलग है : किडनी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सबसे पहले साल 2006 में 66 देशों ने एक साथ मिलकर विश्व किडनी दिवस मनाया था। जिसके बाद दो सालों के अंदर ही 66 देशों की यह संख्या बढ़कर करीब 88 हो गई थी, यह डबल्यू के डी इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी ईस एन और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशन की एक संयुक्त पहल है। जिसका मकसद किडनी की स्थितियों के बारे में लोगों तक जागरूकता बढ़ाना था। मौके पर अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने बताया की विश्व किडनी दिवस को मनाने का उद्धेश्य किडनी रोगों के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। किडनी शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। देश में हर साल करीब 2.5 लाख लोगों किडनी से जुड़ी बीमारियों का शिकार होते हैं। किडनी का काम शरीर में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालना होता है जिनकी मौजूदगी कई बीमारियों को जन्म दे सकती है।

### युवा शक्ति ही देश और समाज की रीढ़ : मिथिलेश

**झुमरी तिलैया।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जगन्नाथ जैन महाविद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का इंडक्शन मीट कम ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रिमझिम रुखरियार ने सबका स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, कार्यों एवं राष्ट्र के विकास में युवा भागीदारी के संदर्भ में में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के लाभ व इसके प्रमाण पत्रों की उपयोगिता के बारे में भी बताया। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अशोक अभिषेक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को सेवा के महत्व और आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए जॉन डी रॉकफेलर की जीवनी को बताते हुए स्वेच्छा से किए जाने वाले सेवा ,दान आदि की महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्यरूप से मनीष कुमार ,शेखर ,जितेंद्र, अंकित ,उपासना ,परी सहित अनेक स्वयंसेवी उपस्थित थे।

### जनता दरबार का किया गया आयोजन

# सिमडेगा उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, जल्द समाधान का आवाश्सन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया ।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जानता दरबार में पुलिया निर्माण करने, गांव में विद्युत कनेक्शन करने, रहती जमीन पर अवैध कब्जा करने, सोलर संचालित खराब डीपबोरिंग को ठीक करने, जमीन विवाद, परिवारिक मामलों एवं अन्य विषय से संबंधित मामलें आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव उपस्थित थे।

## एक नजर

### एक साल से पानी की समस्या झेल रहे हैं आकाशदीप के लोग

**रामगढ़ / भुरकुंडा।** भुरकुंडा रिवर साईड स्थित सीसीएल की कॉलोनी आकाशदीप के लोग पिछले एक साल से पानी के लिए पसीना बहा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सीसीएल ने यहां जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं की थी, मगर वर्तमान में वो व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। इसका खामियाजा कॉलोनी में रहने वाले 62 परिवार भुगत रहे हैं। मौसम चाहे जो भी हो, इनकी दिनचर्या पानी ढोने से ही शुरू होती है। पीने के पानी के लिए तो इन्हें दूसरे कॉलोनियों में भटकना पड़ता है। इधर गर्मी के आगाज के साथ ही कॉलोनी वासियों की समस्या और प्रबल होते दिख रही है।

### स्वास्थ्य कर्मियों को लक्ष्य पूरा करने का दिया गया निर्देश

**पतरातू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में बुधवार को स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक में उन्हें कार्यों के लिए लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में टीकाकरण, मलेरिया, टीबी और प्रसव कार्य की समीक्षा की गई। साथ ही एएनएम और सहिया को कई निर्देश दिए गए। जिसमें मुख्य रूप से एएनएम और सहिया को टीकाकरण, बीसीजी, प्रसव कार्य, पोलिओ डोज, टीबी के रोकथाम के लिए रोगियों का बलगम लाने आदि पर विशेष कार्य करने को कहा गया। इसके अलावा मलेरिया उन्मूलन के लिए ठोस कदम उठाने पर बल दिया गया। मौके पर बीपीएम मनीष कुमार, मलेरिया निरीक्षक रवीश कुमार, सरिता कुमारी आदि शामिल थे।

### गोला में 18 लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण

**रामगढ़ गोला।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत गोट बैंक परियोजना की ओर से गोला में 18 लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी कमलेश कुमार पिंगले, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएमएफटी से गौरव कुमार सहित बीडब्लूसी और एफपीसी के कर्मचारी उपस्थित थे। गोट बैंक परियोजना के कर्मियों ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 200 लाभुक किसान के बीच जल्द बकरियों का वितरण किया जाएगा। डीडब्लूओ ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एक अनोखी परियोजना है। जिसमें किसान को लोन के रूप में बकरियां दी जाती है।

### केंद्रीय कर्मशाला प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

**रामगढ़ / बरकाकाना।** केंद्रीय कर्मशाला मुख्य द्वार के समक्ष चार यूनियन ने संयुक्त रूप प्रबंधन के मनमानी, पक्षपातपूर्ण रवैए, मजदूर विरोधी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इसमें सीएमयू, जेएमएस, आरकेएमयू तथा एजेकेएसएस के यूनियन शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील कुमार और संचालन हरिरत्नम साहू ने किया। मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में रंजीत पांडेय, महाकांत मिश्रा, रामचंद्र प्रजापति शामिल हुए।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ की हुई शुरुआत

# 'जय माता दी' के गगनभेदी उद्घोष के साथ कलश यात्रा शहर भ्रमण कर मंडप पहुंची



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मां भगवती मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट की ओर से नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह 14वें बरही महोत्सव की शुरूआत गुरुवार से भव्य कलश यात्रा के साथ हुई. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, गुरुदेव गुप्ता, संरक्षक सुरेंद्र रजक, रमेश ठाकुर, अध्यक्ष बिपिन कुमार सिन्हा आदि ने कलश यात्रियों को कलश देकर किया. बाजे गाजे के साथ भव्य रूप से निकाली गई कलश यात्रा। भगवती मंदिर प्रांगण से निकलकर सूर्य मंदिर स्थित बरही उत्तरवाहिनी नदी पहुंचकर जल भरने का काम किया. जहां से जय माता दी के गगनभेदी नारों के साथ कलश यात्री बरही के चारों रोड का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे. जहां आचार्य जयनन्दन मिश्रा व ब्राह्मण मंडली ने मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित करवाया. कलश यात्रा में बलराम केसरी, राजकुमार केसरी, राजकुमार यादव, हितेश कुमार, नंदकिशोर कुमार, बबलू ठाकुर, मनोज उपाध्याय, शिव गुप्ता, विनोद केसरी, यमुना साव , युगल यादव, अशोक यादव, राजेश केसरी उर्फ मेवा लाल, विरेंद्र कुमार रवि, संजीब घोष, मनोज साहू, रूपेश साहू, रिंकी विश्वकर्मा, तारा देवी, लक्ष्मी देवी, रवि केसरी, रमेश श्रीवास्तव, प्रदीप स्वर्णकार, महेश प्रसाद केसरी आदि 1008 महिलाए व कुंवारी कन्याएं व सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. महायज्ञ समिति के अध्यक्ष ने कहा कि महायज्ञ के दौरान मीना बाजार, प्रवचन सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

### रिवर साइड में चारदीवारी निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन

**रामगढ़ / भुरकुंडा।** भुरकुंडा रिवर साईड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय सौंदा की सुरक्षा को लेकर हो रहे चहारदीवारी निर्माण के खिलाफस्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। कहा कि चहारदीवारी बनने से आम रास्ता बंद हो जाएगा। इससे हजारों लोग प्रभावित होंगे। यही नहीं, इमलीगाछ पंचायत भवन की दूरी एक किलोमीटर बढ़ जाएगी। मौके पर आजसू पार्टी के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने बताया कि इस संदर्भ में उन्होंने रामगढ़ डीसी से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि स्कूल की सुरक्षा के लिए बनी रही चहारदीवारी से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। यदि अगर पश्चिम दिशा में खोदे गए नींव को छोटा कर दूसरी दिशा में चहारदीवारी बढ़ा दी जाए तो रास्ता बच सकता है। विश्वरंजन सिन्हा ने कहा कि स्कूल से होकर ही पंचायत के लोगों का आवागमन होता है। यदि रास्ता बंद हो गया तो हजारों लोग प्रभावित होंगे। इसलिए चहारदीवारी निर्माण के नक्शे पर संशोधन होना चाहिए।

## जन समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक ने की प्रेस वार्ता

# विस क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर : जानकी प्रसाद यादव



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जन समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में कार्यकर्ताओं के साथ प्रेस वार्ता की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि तमाम समस्याओं को लेकर लगातार मैं और सहयोगियों ने जन आंदोलन किया है, ताकि क्षेत्र में बेहतर विकास हो। कहा कि बिजली की समस्या को लेकर मेरमगड्डा में डुगडुगी बजाकर बिजली में सुधार करने का प्रयास किया। कहा विद्युत विभाग गरीबों का बिल माफ कर 300 यूनिट बिजली फ्री करें। उन्होंने विद्युत विभाग को बेवजह मुकदमा बंद करने तथा क्षेत्र में जले ट्रांसफार्मर एवं जर्जर तार को हटाने की मांग की। कहा पूरे क्षेत्र में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करें अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने झामुमो सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 125 यूनिट विद्युत फ्री कर चंपई सोरेन ने बेहतर कार्य किया है ।उन्होंने विद्युत विभाग के लोगों द्वारा गरीबों पर जुल्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विद्युत के नाम पर अधिक रकम वसूली हो रही है तथा केस दर्ज कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। पानी की स्थिति क्षेत्र में विकराल समस्या बन चुकी है। बरकट्ठा मुख्यालय के समीप बने टंकी वर्षों से बंद है। नल जल योजना में भयंकर लूट मची है। घटिया किस्म का टंकी, पाइप तथा टावर लगाए जा रहे हैं ।इसमें बोरिंग भी मनमाने ढंग से संवेदक कर रहे हैं।

# आईसेक्ट विवि की चार छात्राओं ने महिला संसद सत्र में शिरकत की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
नेचर एंड ब्लू फाउंडेशन की ओर से महिला संसद सत्र का आयोजन जमशेदपुर के विष्टुपूर स्थित तुलसी भवन में किया गया, जिसमें आईसेक्ट विश्वविद्यालय की चार छात्राएं तन्नू श्री, हेरा फातमा, रिया कुमारी व अनुष्का कुमारी ने हिस्सा लिया। बता दें कि प्रथम चरण में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा की गई, वहीं द्वितीय चरण में शुन्यकाल प्रस्तावित किया गया। उक्त छात्राओं ने जमुआ, जामा, कोडरमा और धनवार विधायक के तौर पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि राजनीति की समझ और अपने अधिकार की जानकारी देश के हर नागरिक को होनी चाहिए। इससे ना केवल विभिन्न योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचने में मदद मिलेगी बल्कि देश के विकास के लिए भी सहायक सिद्ध होगा। संसद सत्र समाप्त होने के बाद सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय प्रतिभागियों का मार्गदर्शन डॉ रोजीकांत ने किया।

## साइबर अपराधियों का तांडव चरम पर

# सुरक्षा की गारंटी दे सरकार : डॉ प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
साइबर अपराधियों के लिए हजारीबाग सुरक्षित जोन हो गया है, साइबर सेल मूकदर्शक बनी बैठी है जिस पर जिला प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। पूर्व में हुए दर्जनों हत्याओं और चार किडनैपिंग का खुलासा नहीं हुआ। भुमि माफियाओं से आम नागरिक त्रस्त है। जनता का पैसा बैंक से साइबर अपराधी निकाल ले रहे हैं। उक्त बातें हजारीबाग विधानसभा के कांग्रेस उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने अपने कार्यालय में कही। डॉ मेहता ने कहा की आज मेरे नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बना मेरी उम्र 25 वर्ष लिखकर साइबर अपराधी मेरे नाम से लोगों से पैसा ठग रहे है। तीन-चार दिन पूर्व बड़ासी जगदीशपुर के दर्जनों लोगों का फेसबुक हैक करके लोगों को परेशानी में डाला गया है आज इस साइबर अपराध से जिले के डॉक्टर इंजीनियर डीएसपी प्रोफेसर छात्र छात्राएं महिलाएं व्यापारी नाबालिक बच्चे तक पीड़ित है। श्री मेहता ने झारखंड के मुख्यमंत्री चांपाई सोरेन से मांग की है कि हजारीबाग जिले सहित तमाम झारखंड वासियों को साइबर अपराध से मुक्त करावे।

## शिव मंदिर कुरूम की छत ढलाई का कार्य हुआ संपन्न

# अब मंदिर के गुंबज का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा : अवधेश सिंह



रामगढ़। नगर परिषद के वार्ड नंबर 32 स्थित कुरूम शिव मंदिर की छत ढलाई का कार्य 14 मार्च की देर -शाम संपन्न हुआ। इससे पूर्व 1:00 बजे शिक्षक मनोज सिंह के हाथों ढलाई कार्य का विधि पूर्वक शुभारंभ किया गया। जिसके पश्चात ढलाई का कार्य आगे बढ़ा। मंदिर की ढलाई को लेकर लोगों में काफी उत्साह का माहौल दिखा। ढलाई कार्य में सभी ने बढ़ चढ़कर योगदान दिया। मौके पर मनोज सिंह ने कहा कि उन्हें शिव मंदिर की ढलाई का कार्य संपन्न होने पर काफी खुशी हो रही है। जबकि अवधेश सिंह ने कहा कि आज शिव मंदिर की ढलाई का कार्य संपन्न हो गया। अब शीघ्र ही मंदिर के गुंबज का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, अमित कुमार सिंह ने कहा कि आज मंदिर की ढलाई का कार्य संपन्न हो गया है। अब हमलोग मंदिर के गुंबज का निमार्ण होगा। उसके उपरांत फिनिशिंग का कार्य भी संपन्न करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। इस मौके पर कामेश्वर सिंह, मनोज सिंह, दीपनारायण सिंह, पवन कुमार सिंह, अवधेश सिंह, अमित कुमार सिंह, बिनय कुमार सिंह, बबन सिंह, राकेश सिंह, कौशल सिंह, झुलन सिंह, क्रिश कुमार, आदित्य सिंह, अविनाश सिंह, गुलन सिंह, अनुभव कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हुई एनफोर्समेंट एजेंसी सह डीएलबीसी की बैठक



**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गुरुवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं निजी बैंकों के प्रबंधकों व प्रतिनिधियों के साथ एनफोर्समेंट एजेंसी सह डीएलबीसी की बैठक एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त प्रतिनियुक्त विभिन्न मास्टर ट्रेनरों के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वच्छ, निष्पक्ष व स्वतंत्र आयोजन व आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान बैंकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर सभी बैंक प्रबंधकों को आवश्यक जानकारियां दी गई। इसके साथ ही बैठक के दौरान सभी बैंक प्रबंधकों व प्रतिनिधियों को निर्वाचन के मद्देनजर बनाए गए इएसएमएस पोर्टल तथा ईएसएमएस सॉफ्टवेयर/ पोर्टल के माध्यम से जपती प्रतिवेदन प्रविष्टि सहित अन्य कार्यों को लेकर प्रशिक्षण भी दिया गया। मौके पर अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनरों के द्वारा बैंक प्रबंधकों व प्रतिनिधियों की दुविधाओं को भी दूर किया गया।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से झुलसी



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेंबुवा में एक महिला हाई टेंशन तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना गुरुवार की है। इस बाबत जीरा देवी 50वर्ष पति तिलक ठाकुर थाना विष्णुगढ़ निवासी ने बताया कि हम अपने दामाद के यहां आई थी। दामाद जितेंद्र शर्मा पिता सुरेश ठाकुर घर के छत के उपर हाईटेंशन तार गुजरा है। जिसकी चपेट में जीरा देवी आ गई। परिजनों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस बाबत समाजसेवी समीम अंसारी ने कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण महिला चपेट में आई।वहीं एक बड़ी हादसा टल गया।कहा कि शिलाडीह पंचायत क्षेत्र में कई जगह पर इसी तरह है। विद्युत विभाग से जल्द तार को हटाने की मांग की है।

### मध्य विद्यालय बरकट्ठा में 765 बच्चों के बीच स्कूली किट का वितरण



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा उत्तरी पंचायत मुखिया प्रमिला देवी ने गुरुवार को 765 छात्र छात्राओं के बीच स्कूली कीट पेंसिल, रबर ,कटर ,पेन तथा इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का वितरण किया। राजकीय मध्य विद्यालय बरकट्ठा में वितरण के दौरान मुखिया ने सभी बच्चों को नियमित स्कूल आने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद साव, प्रधानाध्यापक रामकिशुन महतो, प्रबंधन समिति के सदस्य अशोक प्रसाद तथा विद्यालय के शिक्षक बालदेव मंडल, सहदेव मंडल, मनीषा देवी, शबाना शीरीं, सावित्री देवी, इन्द्र साव, त्रिलोकी साव, इन्दू देवी, मनमोहन दास, प्रकाश तुरी, मनोज कुमार, राघवेन्द्र लाल, विजय कुमार, हरिहर दास, धानेश्वर साव, रुस्तम अहमद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### दिव्यांग व्यक्तियों को सरकार निःशुल्क दिव्यांग यंत्र देती है : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को चार दिव्यांगों के बीच समाज कल्याण विभाग की ओर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश व अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ मदन महली ने ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि गरीब दिव्यांग व्यक्ति चलने फिरने में असमर्थ होते हैं। इसलिए उनकी परेशानियों को देखते हुए ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया गया है। अगर किसी पंचायत में कोई दिव्यांग हैं और उन्हें दिव्यांग यंत्र की आवश्यकता है तो वे उचित प्रमाण पत्र के साथ बाल विकास परियोजना कार्यालय में जमा कर दिव्यांग यंत्र ले सकते हैं। मौके पर युगल किशोर महतो, भोला गंझु, विजय मुंडा, सुनील करमाली, जगतू मुंडा आदि उपस्थित थे।

### झरपो में जल जीवन मिशन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संगोष्ठी का किया गया आयोजन



**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत भवन परिसर में की रिसोर्स सेंटर (के.आर.सी) जन जागरण संस्था ने पेय जल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग जल जीवन मिशन के निदेर्शानुसार मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार प्रजापति सहायक नरेंद्र कुमार ने एस.एच.जी.(महिला मंडल) , पी. आर .आई. सदस्यों में मुखिया, पसंस,वार्ड सदस्य,सहिया , एन. वाई.के. के की उपस्थिति में 14 मार्च 2024 गुरुवार को दो दिवसीय जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार प्रजापति ने कहा की जल जीवन मिशन के तहत योजना का रख रखाव संचालन तथा जल प्रबंधन, अपशिष्ट पदार्थों के बारे में होने वाले नुकसान के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने यह भी कहा की पेय जल प्रबंधन सह स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग विभाग के द्वारा सख्त आदेश देते हुए बताया गया है कि जब तक पूर्व में निर्मित चापानल या नया से किया गया।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आगाज

# रिसर्चर को कई समस्याओं का करना पड़ता है सामना : डॉ अमिताभ

**प्रमंडल स्तर पर भी पेयजलापूर्ति से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए सभी प्रखंड कार्यालय में एक-एक शिकायत पुस्तिका का संधारण किया गया है**



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
गुरुवार से रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में दो दिवसीय मल्टी डिसीप्लिनिटी राष्ट्रीय सेमिनार का आगाज हुआ. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग व आईटी प्रभारी डॉ अमिताभ सामंता, विशिष्ट अतिथि डॉ सरोज रंजन और आईसीएआरए गौरियाकरमा के विशेष अधिकारी डॉ विशालनाथ पांडेय, महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ बिमल किशोर और आईसीएसआरडी के निदेशक डॉ एन कुमार व डॉ केके मिश्रा ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया. सेमिनार महाविद्यालय एवं आईसीएसआरडी बेंगलुरु के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया. सेमिनार आज के ज्वलंत मुद्दा शोध और तकनीकी शिक्षा में महत्व था. जिस पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखें. अपने उद्बोधन में आईसीएआर के विशेष पदाधिकारी श्री पांडेय ने कहा कि रिसर्च और टेक्नोलॉजी ही सोसाइटी डेवलमेंट का आधार है. जीवन के हर एक क्षेत्र में इसे अमल करना चाहिए. वीबीयू के डॉ रंजन ने बताया कि शोधार्थियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है. परंतु लक्ष्य की प्राप्ति मुख्य उद्देश्य होना चाहिए. उन्होंने प्रैक्टिकल आधारित शिक्षा पर जोर दिया. साथ ही गरीब, यूथ और किसान जैसे विन्दुओ पर शोध करने की बात कही. मुख्य अतिथि डॉ सामंता ने पीएम के लोकल फॉर वॉकल की यार्थथता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि रिसर्च के दौरान कई समस्याएं आती है।

### गोला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़ / गोला।** गोला के झींझरी टांड़ स्थित महतो लाइन होटल के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बाल विवाह से आजादी के लिए जन सवांद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन अग्रगति संस्था ने कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के मदद से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सुनीता चौधरी उपस्थित हुए। सांसद ने कहा कि पहले के अपेक्षा बाल विवाह की दर में कमी आई है। लेकिन अभी भी इस मुद्दे पर बहुत काम करने की आवश्यकता है। बाल विवाह समाजिक मुद्दा है, इसे एक व्यक्ति विशेष से समाप्त नहीं किया जा सकता है। इसके लिए महिलाओं को खास कर आगे आना होगा। सांसद ने मौजूद महिलाओं को भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे पर हम हर समय आपके साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब बाल विवाह के बारे में बहुत कम लोग जानते थे।

# किसी तरह की शिकायत व मरम्मती के लिए नियंत्रण कक्ष का किया गया गठन

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
बढ़ती गर्मी के मद्देनजर रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत पेयजलापूर्ति मुहैया कराने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार रामगढ़ जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत व मरम्मती के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। नियंत्रण कक्ष कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ में बनाया गया है। पेयजलापूर्ति संबंधित किसी भी तरह की शिकायत एवं समाधान के लिए कार्यालय दूरभाष नंबर:06553-223193 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रमंडल स्तर पर भी पेजलापूर्ति से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए सभी प्रखंड कार्यालय में एक-एक शिकायत पुस्तिका का संधारण किया गया है। प्रमंडल के सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं से उनके निम्न वर्णित मोबाइल नंबरों पर भी संपर्क कर शिकायत दर्ज किया जा सकता है। इसके अलावे झार जल ऐप या झारजल झार जल टोल फ्री नंबर:18003456502 एवं झार जल व्हाट्सएप नंबर व्हाट्सएप नंबर: 9470176901के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। जिला अंतर्गत अगर कहीं भी पेयजल संबंधित शिकायत या मरम्मती कार्य की आवश्यकता हो तो संबंधित क्षेत्र के कनीय अभियंता या सहायक अभियंता को कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। रामगढ़, चितरपुर, दुलमी, गोला प्रखंड अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए कनीय अभियंता शिव कुमार बेदिया संपर्क नंबर:7004499328 एवं मांडू तथा पतरातु प्रखंड अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए कनीय अभियंता मिनहाज अंसारी संपर्क नंबर: 9471793990 पर सम्पर्क किया जा सकता है। साथ ही सभी छह प्रखंडों के पेयजल संबंधित शिकायत एवं निवारण हेतु सहायक अभियंता युगल प्रसाद सिंह संपर्क नंबर: 7488339321 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### पंचायत सहायकों ने बीडीओ को दिया योगदान पत्र

कांडी। प्रखंड के सभी पंचायत सहायक गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय में योगदान दिए। 253 दिनों से चल रहे हड़ताल के बाद 12 मार्च को कैबिनेट की बैठक में पंचायत स्वयं सेवकों की पांच सूत्री मांगों पर मुहर लग गई। जिसमें पंचायत सेवकों का नाम बदलकर पंचायत सहायक कर दिया गया। साथ ही मानदेय के रूप में 2500 रुपए व स्टाइपेन्ड देने भी मिलेगा। विदित हो कि पंचायत स्वयं सेवकों का संघर्ष आठ जुलाई 2023 से चल रहा था। कैबिनेट की बैठक में पंचायत स्वयं सेवकों की पांच सूत्री मांगों पर मुहर लगने के बाद सभी पंचायत सहायक अपने-अपने कार्यों पर पुनः वापस लौट आए। इसे लेकर कांडी प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर खुशी प्रकट करते हुए योगदान करने का निर्णय लिया गया। वहीं सभी पंचायत सहायकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मोहम्मद आफताब आलम, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय व बीस सूत्री अध्यक्ष चन्द्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय को गुलदस्ता देकर व शॉल ओढ़ाकर खुशी का इजहार किया। जबकि हड़ताल के बाद पुनः योगदान देने आए पंचायत सहायकों को प्रखंड प्रमुख व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह से पूर्व सभी पंचायत सहायकों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर योगदान स्वीकार करने के लिए अनुमति प्रदान पत्र सौंपा।

## बीडीसी ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड अंतर्गत मझिगांवा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने गुरुवार को पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगांवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में चल रही कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से उनका परिचय पूछकर कई सवाल किए। जिसका अधिकतर छात्र-छात्राओं ने सही जवाब दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय में बन रहे मध्याह्न भोजन की भी जांच की। कहा कि मध्याह्न भोजन बनाने में साफ-सफाई व सुरक्षा का ध्यान रखें। निरीक्षण के क्रम में छात्र-छात्राओं की विद्यालय में उपस्थिति सही पाई गई। शैक्षणिक व्यवस्था से बीडीसी संतुष्ट दिखे। प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने विद्यालय में चहारदीवारी की मरम्मत की आवश्यकता के बारे में बताया एवं पेयजल की समस्या को लेकर अवगत कराया। पंसस ने समस्याओं का जल्द निराकरण का भरोसा दिया। मौके पर शिक्षक राजीव कुमार, अरविंद कुमार गुप्ता,इंद्रमण प्रसाद यादव,राजेन्द्र सिंह,मुनेश्वर राम,एसएमसी अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह,पंचायत स्वएंसेवक महेंद्र मोची आदि उपस्थित थे।

अल्लाह अकीदत मंदों की दुआओं को करता है कबूल, गुनाहों से मिलती है माफी

## रहमतों एवं बरकतों का महीना है रमजान



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** पवित्र माह -ए- रमजान रहमतों एवं बरकतों का महीना है। इस दौरान अल्लाह अकीदतमंदों की सभी दुआओं को कबूल करता है। उक्त बातें समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी आमीन खान ने कही। उन्होंने कहा कि रोजा रखने का असल मकसद महज,भूख-प्यास पर नियंत्रण रखना नही हैं, बल्कि रोजे की रूह दरअसल आत्म संयम नियंत्रण, अल्लाह के प्रति अकीदत और सही राह पर चलने के संकल्प और उस पर मुस्तैदी से अमल में बसती है। उन्होंने कहा कि मुसलमान पर रोजा इसलिए फर्ज है ताकि इस खास बरकत वाली रूहानी महीने में उनसे कोई गुनाह ना हो पाए। यह खुदाई असर का नतीजा है। उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह -ए- रमजान ना सिर्फ रहमतों और बरकतों का महीना है, बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारा और इंसानियत का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि अल्लाह इस माह में रहमतों के दरवाजे खोल देता है और गुनाहगारों को माफी अता करता है। उन्होंने कहा कि रोजेदारों की माने तो रमजान पवित्र रहमत एवं बरकतों का महीना है। सुबह में सहरी एवं शाम में इफ्तार का आयोजन इसकी अनूठी पहचान है। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान में आपसी प्रेम दूसरे महीने से कहीं ज्यादा सभी मजहब के लोगों में दिखाई पड़ता है।

## मुखिया ने विधायक को गांव की समस्याओं से कराया रूबरू



आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि ग्राम कुशदण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराया जाना निहायत जरूरी है। समुचित सड़क नहीं होने से आवागमन करने में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** प्रखंड के कुशदण्ड पंचायत की मुखिया कुमारी रेखा ने विधायक भानु प्रताप शाही को आवेदन देकर कुसदण्ड पंचायत के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में मांग पत्र सौंपा। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि ग्राम कुशदण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराया जाना निहायत जरूरी है। समुचित सड़क नहीं होने से आवागमन करने में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विधायक से ग्रामीणों की समस्या को देखते हुये तत्काल समुचित कदम उठाये जाने का अनुरोध किया है।

श्रीबंशीधर नगर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत, रिकार्ड मतों से जीत का लिया संकल्प

## सांसद वीडी राम ने बांके बिहारी से मांगा आशीष

**चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर ने शहर के यमुना ज्वेलर्स में गत तीन मार्च की रात हुई भीषण चोरी का उद्वेदन अभी तक नहीं होने की बात संसद के समक्ष रखते हुये चोरी का उद्भेदन कर चोरों को गिरफ्तार कराने की मांग की**




**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार भाजपा द्वारा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद सांसद विष्णु दयाल राम गुरुवार को पहली बार श्रीबंशीधर नगर पहुंचे। यहां जंगीपुर स्थित पार्टी कार्यालय सहित जगह-जगह कार्यकर्ताओं के द्वारा सांसद का जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद ऐतिहासिक श्रीबंशीधर मंदिर पहुंच कर बांके बिहारी का दर्शन-पूजन कर सांसद ने मनोवांछित फल की कामना की। श्रीबंशीधर नगर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के गुलाब मेमोरियल मार्केट स्थित कार्यालय पहुंच व्यवसायियों की बातों को सुना। चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर ने शहर के यमुना ज्वेलर्स में गत तीन मार्च की रात हुई भीषण चोरी का उद्वेदन अभी तक नहीं होने की बात संसद के समक्ष रखते हुये चोरी का उद्भेदन कर चोरों को गिरफ्तार कराने की मांग की। सांसद ने इस संबंध में अभी तक के पुलिसिया कार्रवाई की प्रगति पर एसपी से मिलकर जानकारी लेने तथा घटना का उद्वेदन कर चोरों को गिरफ्तार कराने का आश्वासन दिया। सांसद ने भवनाथपुर मोड़ स्थित प्रखर समाजवादी नेता डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पार्टी कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में सांसद व जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत तथा तीसरी बार विजयी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पांडेय, मनोज पहाड़िया, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, मुकेश चोबे, पूर्व जिपस प्रियंका देवी, विकास स्वदेशी, ईश्वरी पांडेय, विभूति भूषण चौबे,ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान,उप प्रमुख गणेश प्रताप देव,अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम,उमेंद्र यादव उपस्थित थे।

## मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय में विशेष ग्राम सभा आयोजित



केतार। प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया मुंगा साह की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। विशेष ग्राम सभा में पूर्व में पंचायत के प्रत्येक गांवों में हुई ग्राम सभा में सूचीबद्ध योजना को सर्व समिति से पारित किया गया। मुखिया मुंगा साह ने कहा कि सभी योजनाओं को पारित कर दिया गया है। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह,बीपीओ दीपक जयसवाल, पंचायत सचिव आदित्य कुमार,बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, धर्मेन्द्र सिंह, विरेन्द्र लाल, महेंद्र चौबे,विजय कुमार मौजूद थे।

कार्यशाला में ईवीएम-वीवीपैट की पारदर्शिता के बारे में दी गयी जानकारी

## स्वीप कोषांग के माध्यम से नैतिक मतदान के लिये किया प्रेरित




**नवीन मेल संववाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय परसिर के सभागार में स्वीप कोषांग के द्वारा नैतिक मतदान एवं ईवीएम वीवीपेड के संबंध में जागरूक करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान ईवीएम-वीवीपैट की पारदर्शिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम हर योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़कर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराएं। कार्यशाला में उपस्थित सभी कैंपस एंबेसडर अपने कॉलेज में जाकर योग्य मतदाताओं को भी यहां से प्राप्त जानकारी साझा करें। मतदाता सूची में नाम जोड़ने में उनकी सहायता करें एवं मतदान के लिए सभी को प्रेरित करें। नैतिक मतदान को लेकर भी कैंपस एंबेसडर के बीच जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपनी बातों को रखा। उनसे अपील की कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश एवं राज्य के सर्वांगीण विकास में भागीदारी बने। किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आएं, ना ही किसी के दबाव में आकर वोट करें। अपने मर्जी से पूरी सूझबूझ के साथ मतदान करें। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं कैंपस अम्बेसडर को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। कार्यशाला में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय एवं नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग परमेश कुशवाहा द्वारा कार्यशाला में सभी का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताया गया।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम हर योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़कर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराए**

### मतदान प्रक्रिया की दी गयी जानकारी

मास्टर ट्रेनर नितिन कुमार तिवारी एवं अमित कुमार शुक्ला ने बारी-बारी से मतदाताओं को जागरूक करने समेत मतदान प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। डीआरडीए की सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह द्वारा एथिकल वोटिंग यानी नैतिक मतदान को लेकर बताया गया कि हमें अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल देश के विकास के लिए अवश्य करना चाहिए। कार्यशाला में मतदान एवं मतदाता के बारे में लोगों की शंकाओं का भी निवारण किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा व सहायक जन सम्पर्क पदाधिकारी अमित कुमार केशरी भी उपस्थित थे।

## मधुमक्खियों के हमले में वृद्ध घायल

भवनाथपुर। बुका टोला निवासी 65 वर्षीय रिझन राम गुरुवार को मधुमक्खियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के बारे में वृद्ध ने बताया कि घर के पास चापानल के पास स्नान करने गये थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया।

मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बीइईओ को सौंपा आवेदन, कार्रवाई की मांग

## प्रधानाध्यापक पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप

**आवेदन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमवाडीह के प्रधानाध्यापक अखिलेश मिश्रा के तानाशाही रवैया से ग्रामीण प्रस्त है। विगत 12 मार्च को विद्यालय परिसर में आयोजित अभिभावक गोष्ठी में विद्यालय के रख रखाव, पठन-पाठन, साफ-सफाई एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन पर चर्चा- परिचर्चा शुरू हुआ।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के आमवाडीह गांव के ग्रामीणों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पांडे को आवेदन सौंपकर प्रधानाध्यापक पर मनमानी करने और प्रबंधन समिति , माता समिति के साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की है। आवेदन में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमवाडीह के प्रधानाध्यापक अखिलेश मिश्रा के तानाशाही रवैया से ग्रामीण प्रस्त है। विगत 12 मार्च को विद्यालय परिसर में आयोजित अभिभावक गोष्ठी में विद्यालय के रख रखाव, पठन-पाठन, साफ-सफाई एवं गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन पर चर्चा- परिचर्चा शुरू हुआ। इस दौरान प्रधानाध्यापक द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए कहा गया कि सभी ग्रामीण मूर्ख और गंवार हैं। प्रधानाध्यापक ने गोष्ठी में उपस्थित मुखिया और प्रबंधन समिति अध्यक्ष को कहा की आप दोनों पांच साल और तीन साल के लिए चुने गये हैं, लेकिन वे 60 वर्ष के लिए बहाल होकर शिक्षक बने हैं। ग्रामीणों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से प्रधानाध्यापक पर कारवाई करने का आग्रह किया है। इस आवेदन में मुखिया मुन्नी देवी, पंचायत समिति सदस्य गुड्डी देवी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष रंजय यादव, नागेन्द्र प्रजापति, उपेंद्र चेरो, पिंटू प्रजापति, राजनाथ राम, विरेन्द्र सिंह, चमन साह, अनिल सिंह, बाबूलाल प्रजापति सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

बिजली विभाग के सघन अभियान से अवैध कनेक्शनधारियों में हड़कंप

## 50 बकायेदारों के काटे गये विद्युत कनेक्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी बिजली विभाग के द्वारा लगातार बिजली चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पांच हजार रुपये से अधिक बिल बकाया वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन विच्छेदित किया जा रहा है। बीते एक सप्ताह के अंदर 150 से अधिक बकायेदारों का बिजली कनेक्शन काटा गया है। विद्युत विभाग के अभियान से बकायेदारों के साथ अवैध कनेक्शनधारियों में हड़कंप मच गया है। इस विषय में बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि जिनका भी बिजली बिल पांच हजार रुपये से अधिक बकाया है। वे तत्काल ऑनलाइन अथवा बिजली विभाग के कार्यालय में जाकर बिल का भुगतान कर दें। बिजली बिल का भुगतान उपभोक्ता प्रति माह जमा करें। विभाग के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बिल बकाया रहने की स्थिति में कनेक्शन काटने के साथ विधिक कार्रवाई भी की जायेगी।

### व्हाट्सअप पर भेजा जा रहा बिल

सहायक अभियंता ने बताया कि अब बिजली उपभोक्ताओं को व्हाट्सएप पर बिजली बिल भेजा जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर उपभोक्ता संख्या में नहीं जुड़ा है। वह बिजली विभाग के ऊर्जा मित्र तथा बिजली ऑफिस में जाकर अपना मोबाइल नंबर अपने उपभोक्ता संख्या में जुड़वा लें। जिससे कि समय पर बिजली बिल मिल सके और वे बिजली बिल का भुगतान कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त दिया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं का बिजली मीटर लगा हुआ है। उन्हें ही यह सुविधा मिलेगी। जिन उपभोक्ताओं का बिजली मीटर नहीं लगा है। वह बिजली विभाग के कार्यालय से संपर्क करके अपना बिजली मीटर लगवा लें।

## मुखिया ने धोती-साड़ी का वितरण किया



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव में ज्योति महिला स्वयं सहायता जन वितरण प्रणाली की दुकान पर गुरुवार को मुखिया मुंगा साह ने लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व लूंगी और चना दाल का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत लाभुकों को रु.20 में धोती-साड़ी मिल रहा है। उन्होंने डीलर को समय पर लाभुकों के बीच राशन, दाल, धोती, साड़ी वितरण करने को कहा।इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम, धर्मेन्द्र सिंह,अरविंद वर्मा, बिंदु साह, महेंद्र साह, गोखुला सिंह मौजूद थे।

## विधायक ने मृतक के परिजनों को दी मदद

भवनाथपुर। कुछ महीने पूर्व हाथियों के हमले में मृत धुरकी थाना क्षेत्र के केतमा निवासी इंद्रदेव सिंह खरवार के परिजनों से मिलकर विधायक भानु प्रताप शाही ने मृतक की पत्नी को चार लाख रुपये का चेक सौंपा। कहा कि उनके प्रयास और वन विभाग के सहयोग से अनुग्रह अनुदान राशि का चेक दिया गया। सरकार को यह राशि 10 लाख करनी चाहिए। इस मौके पर रेंजर प्रमोद कुमार,लक्ष्मण राम सहित कई लोग उपस्थित थे।



**परेशानी** — जिले में धरातल पर नहीं उतर पा रहीं सरकारी योजनायें, असमय काल के गाल में समा रहे पशु

# पशुपालन विभाग में आधे से अधिक पद खाली, पशुपालक परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पशुधन की सुरक्षा के लिए संचालित पशुपालन विभाग कर्मियों के अभाव में जिले भर में मृत होती जा रहा है। जिले में पशु चिकित्सक सहित आधे से अधिक पद खाली हैं। ऐसे में सरकार के पशुपालकों की आय दोगुना करने का सपना जमीन पर खोखला साबित हो रहा है। जिले में पशु चिकित्सक सहित प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के आधे से अधिक पद खाली हैं। ऐसे में सरकार की ओर से पशुपालकों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनायें कर्मियों के अभाव में दम तोड़ रही है। जिले में पशुओं का निबंधन और उनका टैगिंग जैसे कार्य भी कर्मियों के अभाव में लेट लतीफी में फंसे हुये हैं। जिले में सगमा, बरडीहा, डंडा और केतार को छोड़ प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के आठ पद स्वीकृत हैं। उसमें सात पद खाली हैं। भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी के 17 पदों में छह कार्यरत हैं। 11 पद खाली हैं। वहीं लिपिक के तीन व प्रवेदिक के सात में तीन कार्यरत हैं। अनुसेवक के 18 में दो कार्यरत हैं। 16 पद खाली हैं, रात्रि प्रहरी के 18 में सभी पद खाली हैं। जबकि माली के एक, मिश्रक के एक, पट्टीबंधक के एक और चालक के एक पद खाली हैं।

**जिले में पशुओं का निबंधन और उनका टैगिंग जैसे कार्य भी कर्मियों के अभाव में लेट लतीफी में फंसे हुये हैं। जिले में सगमा, बरडीहा, डंडा और केतार को छोड़ प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के आठ पद स्वीकृत हैं।**




### भगवान भरोसे जिंदा हैं पशु

पशुपालन विभाग में चिकित्सक सहित कर्मी की कमी के कारण जिले के पशुपालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पशुओं के बीमार होने पर उन्हें गांव के नीम हकीमों का सहारा लेना पड़ता है। पशु चिकित्सक की कमी के कारण आये दिन मवेशियों की मौत हो जाती है। सबसे ज्यादा परेशानी इन दिनों कांडी, बरडीहा, मझिआंव, सगमा, डंडा, केतार प्रखंड के पशुपालकों को है। पशुपालक संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में पशु चिकित्सकों की भारी कमी है। जिला मुख्यालय सहित पशु अस्पताल में भी चिकित्सकों की भारी कमी है तो प्रखंड का क्या पूछना है। उन्होंने बताया कि जिले में मवेशी भगवान भरोसे ही जी रहे है। बरसात के दिनों में अक्सर कोई न कोई बीमारी आती है और कई मवेशी उसकी चपेट में आ जाते हैं। उक्त बीमार मवेशियों को देखने वाला तक कोई नहीं है।

**वर्जन**

विभाग में चिकित्सक और कर्मियों की कमी की सूचना कई बार विभाग को दी गयी है, पर कर्मियों की कमी को दूर नहीं किया जा रहा है। कर्मियों की कमी होने के बाद भी सरकार की योजना को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है।

**डॉ विद्यासागर सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी गढ़वा।**

सुप्रभात

**अगर आप अपने बारे में सच नहीं बोल सकते, तो दूसरों के बारे में भी सच नहीं बोल सकते : अज्ञात**

# मायावती की घोषणा और यूपी का सियासी माहौल

सबसे अधिक सीटों के कारण निर्णायक भूमिका वाला उत्तर प्रदेश हाल में बसपा सुप्रीमो मायावती की एक घोषणा कि वह बगैर गठबंधन के ही सियासी मैदान में उतरने जा रहीं हैं आनेवाले चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। पहले की सियासी गलियारों में चर्चाएं इस बात की हो रही थीं कि मायावती समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन समूह इंडी गठबंधन का हिस्सा हो जाएंगी। क्योंकि कांग्रेस ने अपने बड़े नेताओं के माध्यम से संपर्क कर गठबंधन में आने की बात की थी। अब जब मायावती ने एक बार फिर खुलकर किसी भी राजनीतिक दल से गठबंधन न करने की बात की है, तो माना जा रहा है कि क्या मायावती गठबंधन समूह इंडी का खेल बिगाड़ने वाली हैं। क्योंकि सपा बसपा और कांग्रेस के सियासी गठबंधन को चुनावी नजरिए से बेहद मजबूत माना जा रहा था। फिलहाल अब इस फैसले के बाद मायावती जल्द ही अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती हैं। इसके लिए बाकायदा पार्टी आकाश आनंद की अगुवाई में एक महत्वपूर्ण बैठक करने वाली हैं।भाजपा को टक्कर देने के लिए I.N.D.I गठबंधन समूह में बहुजन समाज पार्टी के भी शामिल होने के कयास लगाये जा रहे थे। चर्चा इस बात की थी कि अगर बहुजन समाज पार्टी इस समूह में शामिल हो जाती है, तो मुस्लिम और दलितों के बड़े बिखराव को रोका जा सकता है। सियासी जानकार भी मानते हैं कि सपा, बसपा और कांग्रेस का गठबंधन होता तो निश्चित तौर पर उत्तर प्रदेश में सियासत की एक दूसरी तस्वीर सामने आ सकती है। दरअसल यह कयास इसलिए भी लगाए जा रहे थे कि बहुजन समाज पार्टी के 2014 और 2019 के वोट प्रतिशत क्रमशः शून्य और दस सीटों पर तकरीबन बराबर रहे थे। ऐसे में अगर सपा बसपा और कांग्रेस मिलकर सियासी मैदान में उतरती, तो बसपा के 19 फीसदी वोटों से कई सियासी समीकरण साधे जा सकते थे।सियासी जानकारों का मानना है कि बहुजन समाज पार्टी जिस तरह मुस्लिम और दलित प्रत्याशियों पर दांव लगा रही है, उससे कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सियासी गणित बिगड़ सकती है। राजनीतिक विश्लेषक नसरुद्दीन सिद्दीकी का मानना है कि बसपा ने मुस्लिम और दलित समुदाय समेत पिछड़ों पर पूरा फोकस करते हुए टिकट बंटवारे की तैयारी की है। पिछले कुछ चुनाव में भी इसी जातिगत समीकरण को साधते हुए बसपा ने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। ऐसे में इस लोकसभा चुनाव में भी अगर बसपा इस तरह प्रत्याशी मैदान में उतारती है, तो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के मतदाताओं में सेंधमारी हो सकती है। जो कि सियासी नजरिए से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लिए मुफीद नहीं है। यही वजह है कि कांग्रेस इन परिस्थितियों को भांपते हुए बसपा के साथ कदमताल करने को तैयार थी। चर्चा है कि बहुजन समाज पार्टी से समझौते को लेकर समाजवादी पार्टी पक्षधर नहीं थी। समाजवादी पार्टी से जुड़े नेताओं ने इस बात का जिक्र भी किया कि बहुजन समाज पार्टी के साथ समझौते में उसका वोट ट्रांसफर नहीं हो सकता। पार्टी के नेताओं ने 2019 के चुनाव में इसका उदाहरण बताते हुए अंदरूनी विरोध भी किया था। समाजवादी पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि 2019 के लोकसभा चुनाव में जब सपा और बसपा का गठबंधन हुआ, तो समाजवादी पार्टी का वोट बहुजन समाज पार्टी को गया। नतीजतन 2014 की तुलना में 2019 में कम सीटों पर लड़ने के बाद भी बसपा शून्य से 10 सीटों पर आ गई। जबकि समाजवादी पार्टी को उसका कोई फायदा नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक ऐसी तमाम दलीलों के बाद भी कांग्रेस पार्टी के नेता बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर लगातार प्रयासरत थे। कांग्रेस पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता बताते हैं कि दरअसल पार्टी मुस्लिम वोटों के बिखराव को लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहती थी। यही वजह थी कि वह बहुजन समाज पार्टी से गठबंधन के लिए संपर्क में थी। सियासी जानकारों का मानना है कि भले ही बहुजन समाज पार्टी के गठबंधन में शामिल होने की बात की जा रही हो, लेकिन मायावती ने अमरोहा से प्रत्याशी उतार कर स्पष्ट कर दिया था कि ऐसा कुछ नहीं होने वाला। दरअसल अमरोहा से बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को ही डॉक्टर मुजाहिद हुसैन उर्फ बाबू भाई को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया था।

इन दिनों

# लोकतंत्र में युवाओं को मतदान की ताकत का हो भान

***खिलाड़ी*** अपने समर्पण, दृढ़ता और टीम



भावना के माध्यम से देश की सेवा करते हैं। चाहे घरेलू मैदानहोया विदेशी, देश की जर्सी पहनना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में हम खिलाड़ी और युवा भारतीय एक और विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं- वह है मतदान। चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है; चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है। पहली बार के मतदाता नये दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है। युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस प्रकार लोकतंत्र के महत्व और इसके प्रति निष्ठा की रक्षा करते हैं। महात्मा गांधी के शब्दों में, 'भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं।' लोकतंत्र का पहिया एक बार फिर से घूम रहा है, भारत में आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है, ऐसे में राष्ट्र के भाग्य को स्वरूप देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाना जरूरी है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के ''मेरा पहला वोट देश के लिए'' अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की क्योंकि देश के भविष्य पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए, उन्होंने देश की नियति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने






विभिन्न सेक्टरों से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अभियान में शामिल होने तथा सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने में उनकी प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। चुनावी माहौल के बीच, उन्होंने युवाओं से न केवल राजनीतिक कार्यकलापों में भाग लेने का आग्रह किया बल्कि वर्तमान में जारी चचाओं और बहसों के बारे में भी जानकारी रखने की अपील की। भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''मेरा पहला वोट देश के लिए'' अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीतलॉन्च किया जो युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं। इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए मतदान करने के मूल्य पर जोर दे रहे हैं। जहां उच्च शिक्षा संस्थान वास्तविक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी माईगव प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जा रही हैं जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि कंटेंट सृजन में रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, फ्लैश मौब्स तथा मतदाता संकल्प अभियान छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ और अधिक आकर्षित कर रहे हैं तथा इन्हें इसके बारे में शिक्षित कर रहे हैं जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं औरपहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं। इस अभियान में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, अवनि लेखारा, सैखोम मीराबाई चानू जैसे मेरे साथी खिलाड़ी औरअनिल कपूर, प्रोसेनजीत चटर्जी, रवीना टंडन, राणा डूग्गुबाती, कैलाश खेर, श्रेया घोषाल जैसी फिल्मी हस्तियां वरितेश अग्रवाल, बी. वी. आर. मोहन रेड्डी जैसे उद्योग जगत के अगुआ और कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाग लिया है, जिससे यह अभियान मतदाता जागरूकता का एक 'राष्ट्रीय आंदोलन' बन गया है। यह 'जन आंदोलन' युवाओं की आवाज की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व को रेखांकित करता है। आइए हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों। आइये हम इस चुनौती को स्वीकार करें, आइये हम अपनी आवाज उठायें और आइये हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए सशक्त बनायें। **(नीरज चोपड़ा, भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट तथा पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के मौजूदा ओलंपिक एवं विश्व चैंपियन हैं। ये उनके व्यक्तिगत विचार हैं।)**

## आपकी बात

### ग्रामीण सड़कों की बदहाली



पंकज गुप्ता

लोकप्रिय अखबार 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के माध्यम से मैं पथ निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों, जन -प्रतिनिधियों, माननीय विधायक एवं सांसद महोदय का ध्यान ग्राम बिशुनिया से सोनेहारा को जोड़ने वाली



खस्ताहाल सड़क की ओर दिलाना चाहता हूं। यह सड़क अत्यंत ही जर्जर स्थिति में है। इस पथ पर गौर करें तो यह कहना मुश्किल होगा कि सड़क के बीच में गड्ढे हैं अथवा गड्ढों के बीच में सड़क है। बेहद पथरीले इस मार्ग पर आवागमन में आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कालीकरण सड़क नहीं होने से बरसात में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। जगह जगह कीचड़ जम जाती है और आये दिन इस मार्ग पर छोटी मोटी दुर्घटनायें होती रहती हैं। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि बच्चे भी सोनेहारा विद्यालय में जाने के लिए इस मार्ग का प्रयोग करते हैं और उन्हें भी आने जाने में बहुत परेशनीयों का सामना करना पड़ता है। लेकिन इस पथ के मरम्मत एवं स्थायी निर्माण की ओर कभी ध्यान नहीं दिया गया जो चिंतनीय है। मात्र दो तीन किलोमीटर लम्बे इस मार्ग पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरुरत है जिससे कि आस पास की जनता को सहूलियत मिल सके और उनकी कठिनायों का निराकरण हो सके। आशा करता हूं कि इस सम्बन्ध में जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी समझेंगे और इस ओर आवश्यक ध्यान देकर स्थायी सड़क निर्माण कराएँगे। वर्षो से उपेक्षित इस सड़क पर यहाँ के माननीय विधायक एवं सांसद महोदय अपना ध्यान देंगे ऐसी अपेक्षा है।

- बिशुनिया, गढ़वा (झारखण्ड )

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

स्वास्थ्य

# नहीं चलेगी मनमानी-फार्मा कंपनियों और डॉक्टरों पर यूनिफॉर्म कोड लागू



किशन भावनानी

***वैश्विक*** स्तर पर जिस तेजी के साथ भारत सभी क्षेत्रों सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में नये-नये आयाम को प्राप्त कर नये अध्यायों की कड़ी में सफलताओं के झंडे गढ़ रहा है और नये-नये एम्स की नींव पढ़ रही है, उससे भारत के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकता है। परंतु इसके लिए इन स्वास्थ्य सुविधाओं के कुछ अनुचित राहों पर जाने और लीकेज भी बंद करना उतना ही जरूरी है, जितना सरकार ने दिनांक 13 मार्च 2024 को पूरे भारत में यूनिफार्म कोड आफ फार्मास्यूटिकल एक्सरसाइज 2024 को लागू कर अपने कदम बढ़ा दिये हैं। अक्सर हम सुनते रहते हैं कि दवाई कंपनियां अपने एमआर के हंसते डॉक्टर को अपनी कंपनी की दवाइयां लिखनें के एवरेज में अनेक डॉक्टरों को अनेक गिफ्ट

> **दवाई कंपनियां अपने एमआर के डॉक्टर को अपनी कंपनी की दवाइयां लिखने पर अनेक डॉक्टरों को अनेक गिफ्ट विदेश यात्रा सेंपल लाभ इत्यादि देते हैं जिनके एवरेज में डॉक्टर उनकी दवाइयां लिख देते हैं।**

सुविधा विशेष पैकेज विदेश यात्रा सेंपल लाभ इत्यादि देते हैं जिनके एवरेज में डॉक्टर उनकी दवाइयां मरीजों की पर्चियां में लिखकर देते हैं। हालांकि मैं इसकी सटीकता नहीं बता सकता परंतु ऐसा अनेक एमआर साथियों से जानकारी मिलती है, परंतु अब इस पर विराम लग जायेगा ना फार्मा कंपनियां यह देगी, और ना ही डॉक्टर इसका लाभ उठा पायेंगे। परंतु मेरा आकलन है कि कुछ टेस्ट या जांच रिपोर्ट में भी डॉक्टरों के बीच आपसी मलाई की साठगांठ मिली भगत हो रही है इस पर भी कुछ कोड बनाने की जरूरत है। चूंकि फार्मा कंपनियों और डॉक्टरों पर यूनिफॉर्म कोड लागू कर सरकार ने अपनी मंशा जाता दी है कि अब मनमानी नहीं चलेगी, भारत में कोई भी फार्मा कंपनी अब डॉक्टर को फ्री सैंपल्स गिफ्ट लाभ विदेश यात्रा सुविधा नहीं दे सकती क्योंकि यूनिफॉर्म कोड आफ फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग असेसरीज 2024 लागू हो गया है,जो सराहनीय है। साथियों बात अगर हम दिनांक 13 मार्च 2024 को जारी यूनिफॉर्म कोड आफ फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग एक्सरसाइज 2024 की करें तो, कोड के मुताबिक किसी भी फार्मास्युटिकल कंपनी या एजेंटों या वितरकों या थोक विक्रेताओं या खुदरा विक्रेताओं द्वारा किसी हेल्थकेयर प्रोफेशनल या उसके परिवार के सदस्य को उसके अपने लाभ के लिए कोई उपहार नहीं दिया जाना चाहिए।

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# श्रद्धांजली



डॉ. सुरेश कु. मिश्रा उरतृप्त

***दाँतों*** के बीच जीभ और बुरों के बीच सही आदमी एक जैसे होते हैं। थोड़ा-इधर हुए कि नहीं धर-दबोच लिए जाते हैं। सही आदमी मित्रता कम शत्रुता अधिक करता है। उनका बीपी हाई और शुगर लेवल आऊट ऑफ कंट्रोल रहता है। माथे की सिलवटें प्रश्न चिह्न के रूप में बदल जाती हैं। उन्हें कौन समझाए कि आज के समय में सामने-सामने लड़ने वाला हमेशा हारता है। आज का समय पीठ पर छुरा घोंपने वालों का है। जो यह कर सकता है वही जीतता है। देश में हजारों मुद्दे हैं और करोड़ों झूठ बोलने वाले हैं। इसीलिए झूठ बोलने वालों के बीच सही आदमी को नहीं जाना चाहिए। यहाँ आज भी बछड़े को गधा बताने का ट्रेंड बड़े धड़ल्ले से चल रहा है। झूठे से झूठे को लड़ना चाहिए तब कहीं जाकर जीत सच की होती है। वह क्या है न कि दो झूठ बोलने वाले अक्सर एक-दूसरे के बारे में सच बक ही देते हैं। ऐसे ही हमारे एक मित्र थे सहीराम।

> **सही आदमी मित्रता कम शत्रुता अधिक करता है। उनका बीपी हाई व शुगर लेवल आऊट ऑफ कंट्रोल रहता है। माथे की सिलवटें प्रश्न चिह्न के रूप में बदल जाती हैं। उन्हें कौन समझाए कि आज के समय में सामने-सामने लड़ने वाला हमेशा हारता है।**

चूँकि खुद को सही आदमी मानते थे इसलिए बाकी सब उनकी दृष्टि में गलत आदमी लगते थे। दो सही आदमी अधिक समय तक मित्र नहीं रह सकते। अलबत्ता दो झूठे मरने के बाद भी नर्क में मिलकर रह सकते हैं। मेरा मित्र आधुनिक समय का रोतू बाबा था। रात भर जागकर रोता था और दिन भर दूसरों को कोसता था। वह बात-बात में लड़ बैठता था। गाली-गलौज पर उतर आता था। उसकी मानें तो दुनिया सही हो ही नहीं सकती। वह पहले गोरा था। झूठ के प्रदूषण से कब काला पड़ गया पता ही नहीं चला। नौकरी उसकी फाइलों पर से धूल झटकने की थी, लेकिन देश में फैले धूल के लिए खीझा हुआ रहता था। उसका बस चले तो देश को एक बार तबियत से झटक दे, लेकिन वह क्या है न कि यहाँ झटकने वाले फर्श पर और धूल फैलाने वाले अर्श पर काबिज हैं। इसलिए उसकी यह इच्छा अंतिम इच्छा ही बनकर रह गई। वह जब भी ऑफिस से लौटता मानो पाप करके आया हो। अधिकारी से, साथियों से, गली वालों से सबसे नफरत करता था। मकान मालिक से इसलिए नाराज था कि उसने चार सौ बीसी करके मकान बनाया था। नगरपालिका से गड्ढों के लिए नाराज था। वह चलना तो हमेशा सड़क पर चाहता था, लेकिन वह बार-बार गड्ढे में गिर जाता था। उसे कौन समझाये कि सड़कें परमानेंट हो जाएँ तो कांट्रैक्टरों, नेताओं, बिचौलियों के बीवी-बच्चे भूखे न मर जायें। सही आदमी गड्ढे में गिरकर मर जाय तो यहाँ कौन रोने वाला है। वैसे भी वह समाज का रोड़ा होता है। वैसे लोग समूह बनाकर दो चार दिन जी जाएँ तो गगनचुंबी इमारतों, फ्लाइवओवरों के कांट्रैक्टर, शराब के ठेकेदार कहाँ जायेंगे।

बोधि वृक्ष

# पलामू जिले का हैदरनगर देवी मंदिर

**झारखंड में 100 सालों से लग रहा अनोखा भूत मेला**

**साल में दो बार लगता है मेला**

झारखंड के पलामू जिले के हैदरनगर में यह भूत मेला साल में दो बार लगता है , पलामू के डाल्टेनगंज मुख्यालय से तकरीबन 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैदरनगर का देवी धाम को लोग शक्तिपीठ के नाम से भी जानते हैं। हैदरनगर में जिस जगह पर भूत मेले का आयोजन होता है, वहा एक विशाल देवी मां का मंदिर है, इसी देवी मंदिर के पास एक जिन्न बाबा की मजार भी है, लोगों का मानना है कि जिन पर कथित रूप से भूतों का साया है वह भूतों से छुटकारा पाने के लिए इस जगह पर आते हैं। लोगों का मानना है कि देवी के मंदिर में आने के बाद भूतों से पूर्ण रूप से छुटकारा मिल जाता है। इस देवी मंदिर परिसर में एक अग्निकुंड मौजूद है।



मान्यता है कि जिन लोगों पर भूत प्रेत का छाया रहता है, वह नाचने और झूमने लगते हैं। इस जगह पर लोगों के शरीर में छुपी बुरी शक्तियां अनेकों तरह के कारनामें दिखाने लगती हैं, जिसे देखकर लोग हैरान हो जाते हैं।

(समाप्त)

## टेक वर्ल्ड

# अब व्हाट्सऐप के माध्यम से बुक करें दिल्ली मेट्रो का टिकट

***यह*** न केवल यात्रियों को संगठित और सुरक्षित यात्रा करने की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि वह उन्हें डिजिटल युग में आनुषांसिक रूप से भी आनंदित करता है। अब, व्हाट्सऐप के माध्यम से दिल्ली मेट्रो का टिकट बुक करना एक सरल और आसान प्रक्रिया बन गया है। इस नई पहल के माध्यम से, लोग अपनी यात्रा को और भी सुगम बना सकते हैं और अपने जीवन को अधिक सरल बना सकते हैं। इस प्रक्रिया का उपयोग करके, आप अपनी यात्रा के लिए टिकट की जटिल प्रक्रिया से बच सकते हैं और अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को सरल बना सकते हैं। व्हाट्सऐप के माध्यम से दिल्ली मेट्रो के टिकट बुक करने का यह नया तरीका संगठित, सुरक्षित और सुविधाजनक है।




(समाप्त)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बेलाटांड़ के समीप बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत

**चंदौरी (गिरिडीह)।** तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदौरी - लोकाय मुख्य मार्ग स्थित बेलाटांड के समीप एक बाईक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दुर्घटना गुरुवार अहले सुबह की बताई जा रही है। मृतक तिसरी थाना क्षेत्र के पचरूखी का रहने वाला 27 वर्षीय तालो टुडू पिता स्व. हुसैन टुडू था। बताया जाता है कि तालो अपने घर पचरूखी से स्पलेंडर संख्या जे एच 15 एन 3142 से लोकाय की ओर किसी काम से जा रहा था। इसी क्रम में अड़सार - बेलाटांड के पास सड़क किनारे अपनी बाईक से दबा हुआ खून से लथपथ पड़ा था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तिसरी पुलिस को दी,जिसके बाद तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और उसे तिसरी स्वास्थ्य केंद्र ले आई। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तालो टुडू स्वयं बाईक से गिरा या किसी वाहन ने टक्कर मारी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं सुचना पाकर तालो के परिजन भी अस्पताल पहुंचे, जहाँ उसके शव को देखकर वे रोने - बिलखने लगे। बहरहाल तिसरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है साथ ही बाईक को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

### छिनतई व राहगीरों से मारपीट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र में सड़क पर छिनतई व राहगीरों से मारपीट करने के मामले में लम्बे समय से फरार चल रहा एक अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ा है। गिरफ्तार अभियुक्त तिसरी के ही महुआटांड निवासी संदीप राय पिता ठाकुर राय है। संदीप राय तिसरी थाना कांड संख्या 17/23 का अभियुक्त है। वह लम्बे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए तिसरी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में महुआटांड़ स्थित उसके घर से ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। गुरुवार को कोविड़ व मेडिकल जांच के बाद उसे न्याय हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया गया।

### ज्ञानशाला कार्यक्रम के तहत युवा छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन

# सकारात्मक सोच और सतत प्रयास है सफलता की कुंजी : सुरेंद्र उपाध्याय

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
देवरी प्रखंड के तिलकडीह पंचायत भवन में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा ज्ञान शाला कार्यक्रम के तहत युवा छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में बतौर अतिथि तिलकडीह पंचायत के चौकी जैप कैंप के कांस्टेबल शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संगठन के जिला समन्वयक सुरेंद्र पंडित ने कहा कि, कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य, बच्चों को भविष्य में योजना निर्धारण के प्रति सजगता प्रदान करना रहा।



वर्तमान समय में बच्चों के अंदर 10वीं के बाद एक प्रकार से उहापोह की स्थिति हो जाती है, जहां से वे अन्य की देखा देखी क्षेत्रों का चुनाव कर लेते हैं, जिनमे उनकी रुचि नहीं होती लेकिन स्टेटस और अभिभावकों के दबाव के चलते उन्हें वह मार्ग चुनना पड़ जाता है। ऐसे में बच्चों के अंदर एक प्रकार का डर, घर करने लगता है जो कभी कभी दुखदाई स्थिति का भी कारण बन जाता है। आए दिन समाचारपत्रों में यह पढ़ने को मिलता है कि, अवसाद में आकर छात्र या छात्रा ने की खुदकुशी। ऐसे में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा बच्चों को सही मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें आए अतिथियों ने सभी को बेहतर भविष्य निर्धारण के गुर साझा किए। बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों के पाठ्यक्रमों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई ताकि वर्तमान समय में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में वे अपने आप को सफलता पूर्वक एक योजना बद्ध तरीके से सफल आयाम स्थापित कर सकें।

# भाकपा माले ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिए शुरू किया कोष संग्रह अभियान

### भाजपा के लिए कंपनियों का विकास ही गरीबों का विकास, देश की जनता देगी जवाब : माले

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाकपा माले द्वारा कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गांडेय विधानसभा क्षेत्र में घर-घर से चुनाव संघर्ष कोष संग्रह की शुरूआत करते हुए कहा गया कि, भाजपा के लिए कंपनियों का विकास ही गरीबों का विकास है, इसलिए इस बार जनता ही जन विरोधी भाजपा को माकूल जवाब देगी। गांडेय प्रखंड के मेढ़ो में भाकपा माले नेता राजेश यादव की मौजूदगी में प्रखंड सचिव मेहताब अली मिर्जा, इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड संयोजक सलामत अंसारी, पिंटू यादव, रोहित यादव आदि ने कोडरमा लोकसभा चुनाव के लिए भाकपा माले के चुनावी संघर्ष कोष के लिए स्थानीय लोगों से प्रति घर 20 रुपया का सहयोग लेने की शुरूआत की।




मौके पर माले नेता श्री यादव ने कहा कि, देश की भाजपा सरकार कार्पोरेटों के पैसे से चल रही है।इसलिए गरीबों के ऊपर महंगाई का बोझ है। युवाओं के लिए रोजगार नहीं है। गरीबों का कर्ज माफ नहीं, लेकिन कंपनियों का माफ है। बदले में भाजपा को बेहिसाब चंदा है, जिसे वह छिपाना चाहती है। जनता को इस साजिश को समझने की जरूरत है।

देश के करोड़ों गरीब लोग अब इस बात को समझने लगे हैं, इसलिए मोदी के झांसे में आने वाले नहीं। उन्होंने कहा कि, जनता को महंगाई और बेरोजगारी का हिसाब चाहिए। युवाओं को रोजगार का हिसाब चाहिए। कहा कि, भाजपा के पास इसका कोई जवाब नहीं, और उसे कंपनियों के विकास में ही जनता का विकास दिखाई देता है। माले नेता की अपील पर स्थानीय लोग सहर्ष चुनावी संघर्ष कोष में सहयोग देने को तैयार हुए। घर-घर से सहयोग लेने का निर्णय लिया गया। सहयोग देने वालों में रामलाल सिंह, बहादुर सिंह, छोटकी देवी, बड़की देवी सहित अन्य थे।

# कुरियर दुकान में डकैती करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिलैया थाना अंतर्गत गांधी रोड के किनारे कुरियर दुकान में डकैती की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के माध्यम से उक्त जानकारी दी। एसपी ने बताया कि गिरिडीह और कोडरमा एसपी को संयुक्त रूप से सूचना प्राप्त हुई थी कि विभिन्न जघन्य कांडो में आरोपित जमुआ के चरघरा का रहने वाला कुंख्यात अपराधी पप्पु शर्मा गिरिडीह के आस-पास कहीं छिपकर रह रहा है। इसी सूचना के आधार पर उन्होंने खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह और कोडरमा पुलिस के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन कर चरघरा के आस-पास छापामारी की और पप्पु शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक कैलाश महतो, जमुआ अंचल पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, कोडरमा डोमचाच अंचल पुलिस निरीक्षक बिनोद कुमार, जमुआ थाना प्रभारी सह पुलिस अवर निरीक्षक मणिकांत कुमार, कोडरमा तकनिकी शाखा प्रभारी सह पुलिस अवर निरीक्षक अब्दुला खान, कोडरमा तिलैया थाना पुलिस अवर निरीक्षक निताय चन्द्र साहा, जमुआ थाना के पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### इनर व्हील क्लब गिरिडीह ने मारग्रेट गोल्डिंग की स्मृति में नर्सों को किया सम्मानित

**गिरिडीह।** इनर व्हील क्लब गिरिडीह ने अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील की संस्थापिका मार्गरेट ओलिवर गोल्डिंग की स्मृति में , जो खुद एक नर्स थी ,शहर के 100 नर्सों को सम्मानित करने का संकल्प लिया इसी सिलसिले में आज क्लब द्वारा चैताडीह मैटरनिटी अस्पताल में 25 नर्सों को सम्मानित किया गया, उसके बाद सदर अस्पताल में 20 नर्सों को सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इनर व्हील क्लब गिरिडीह इस वर्ष कई क्षेत्रों में 100 की संख्या में सेवाकार्य कर रहा है। इसी सिलसिले में क्लब द्वारा शहर के विभिन्न अस्पतालों की 100 नर्सों को सम्मानित करने का संकल्प लिया गया है। इस कार्य के लिए आगे बढ़कर चेन्नई के इनर व्हील क्लब अडयार ने भी अपना सहयोग दिया है । क्लब द्वारा कल मरसी हॉस्पिटल की नर्सों को और 19 मार्च को शिवम अस्पताल की नर्सों को सम्मानित किया जाएगा।


**Government of Jharkhand**
**Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004
**SHORT NOTICE INVITING TENDERS**
(National Competitive Bidding Through e-Procurement)
**Re-eTender No.- 383/ 2023-24- Ranchi, Dated: 13.03.2024**
**PR No 314531 Dated 27.12.2023 (4th Call)**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (PMGSY-III).

| Sr. No. | Package ID | District Name | Block name | WORK NAME | Road/ LSB | Cost of Const. and Maint. With GST (in Lakh) | Earnest Money (in Lakh) | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | JH-P3-23-24- KHU-02 | Khunti | Murhu | T08-T07-Rugdi to Godatoli, Murhu (Khunti-Chaibasa Main Road NH-75E) via Kolme, Chichigara, Hethgoba Road (L-18.65 KM) | Road | 2250.32 | 45.00 | 15 Months |
| | | | Murhu | H.L Bridge over Local Nala in 9+585 KM, of T07-Rugdi to Godatoli, Murhu (Khunti-Chaibasa Main Road) (L-38.64 M) | LSB | | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.
Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 9 |
| Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi | **15.03.2024 at 10.00 AM** | **22.03.2024 upto 5.00 PM** | **22.03.2024 at 05.30 PM** | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD, any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) / made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five working days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

Chief Engineer
JSRRDA, Ranchi

PR 322618 Rural Work Department(23-24)D


# तिसरी के कोदईबांक डैम में नहाने गया व्यक्ति डूबा, नहीं चला पता



### कोदईबांक का रहने वाला है 50 वर्षीय शोभन टुडू

### प्रशासन और स्थानीय लोग खोजबीन में जुटे

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोदईबांक डैम में नहाने के क्रम में एक व्यक्ति डूब गया है। डैम में डूबा शख्स कोदईबांक का रहने वाला 50 वर्षीय शोभन टुडू पिता बबुआ टुडू बताया जा रहा है। अभी तक उस व्यक्ति का कोई अता पता नहीं चल पाया है। चूंकि घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है। इस कारण किसी बड़ी अनहोनी की आशंका अधिक है। जब तक व्यक्ति या उसका शव बरामद नहीं हो जाता तब तक कुछ स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। बहुत समय गुजर जाने के कारण मौत की आशंका को लेकर परिजनों का रो रो कर हाल बुरा है।

बताया जाता है कि शोभन टुडू बुधवार को नहाने के लिए कोदईबांक डैम गया था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तैरने के दौरान वह डैम में डूब गया। हो - हल्ला करने पर स्थानीय लोग मौके पर जुटे और उसकी खोजबीन करने लगे लेकिन शोभन का कुछ भी पता नहीं चल पाया। जिसके बाद गुरुवार की सुबह इसकी सुचना तिसरी पुलिस को दी गई। सुचना पाकर तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक, एसआई रौशन कुमार, मनोज कुमार, राहुल यादव भाजपा नेता सुनील साव आदि मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से डैम में डूबे व्यक्ति की खोजबीन में जुट गए हैं। हालांकि खबर बनाये जाने तक डैम में डूबे व्यक्ति का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई है। वहीं तिसरी थाना प्रभारी स्थानीय स्तर पर खोजबीन करने के साथ - साथ वरिय पदाधिकारियों से बातचीत कर एनडीआरएफ की टीम को बुलाने में जुटे हैं। इधर परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है। पत्नी बड़की मरांडी के अलावा शोभन के 6 बच्चे भी हैं। खबर लिखे जाने तक शव को निकाला नही जा सका है।

# बेंगाबाद में दो स्थानों से बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
**गिरिडीह।** वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर प्रशासन की टीम ने बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर से बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह पूरी कार्रवाई बेंगाबाद बीडीओ निशा कुमारी और सीओ प्रियंका प्रियदर्शनी के नेतृत्व में की गई है। बताया गया कि प्रखण्ड क्षेत्र के मोतिलेदा पंचायत के बनहत्ती और कर्णपुरा पंचायत के खुट्टाबांध से बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा गया। दोनों ट्रैक्टरों को बेंगाबाद पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इस संबंध में बीडीओ निशा कुमारी ने कहा कि वरीय पदाधिकारियों को यह सूचना मिल रही थी कि बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बालू घाट से अवैध रूप से बालू का उठाव कर ट्रैक्टर के माध्यम से बेचा जा रहा है। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। कहा कि वाहन मालिक के विरुद्ध नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।

कार्यालय आदेश सं० 32/2023–24 दिनांक 13.03.2024

**अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत नवनिर्मित Recreation Park कर्रा की बन्दोबस्ती खुली बोली के माध्यम से किया जाना है। विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | पार्क का नाम | प्रखण्ड का नाम | Recreation Park का क्षेत्रफल | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिवर्ष | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Recreation Park Karra | कर्रा | 29520 sq.ft | 60,000.00 (साठ हजार रू०) | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पाँच सौ रू०) | |

उपरोक्त प्रखण्ड में नवनिर्मित Recreation Park कर्रा को बन्दोबस्ती हेतु खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 21/03/2024 को 02:00 बजे अपराह्ण तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों को दिनांक 21/03/2024 को अपराह्ण 03:00 बजे अपराह्ण में गठित चयन समिति के समक्ष खोली जायेगी। आवेदन समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति के प्रोपराइटर/अध्यक्ष/सचिव/प्राधिकृत बैठक में उपस्थित रह सकते है। बन्दोबस्ती में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 322691 District(23-24)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–69/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 21.03.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 21.03.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 21.03.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 12 No. Pigri Production Shed and 2 No. Round Khatal Shed in the Campus of PDO Office at Kanke, Ranchi | 4940100.00 | 98900.00 | 5000.00 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 322627 Building (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़

**आवश्यक सूचना**

रामगढ़ जिला अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति सम्बन्धित शिकायतों को मरम्मति हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। जिनमें निम्न पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिनियुक्त किये गये है :–

| नियंत्रण कक्ष का स्थान | संबंधित पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम | संबंधित पदाधिकारी का मो०न० | कार्यालय दूरभाष न० |
|---|---|---|---|
| कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़। | (1) शिव कुमार बेदिया, नोडल पदाधिकारी | 7004499328 | 06553–223193 |
| | (2) श्री अवधेश कुमार झा, उ०व०लि० | 8809329567 | |
| | (3) मो० मुस्तकीम अंसारी, नि०व०लि०, | 9905338118 | |
| | (4) श्री रणजीत पासवान | 9693172675 | |
| | (5) मो० गुलाम जाफर, अनुसवेक | 8541036593 | |

प्रमंडल स्तर पर भी पेयजलापूर्ति से संबंधित शिकायत दर्ज करने हेतु सभी प्रखण्ड कार्यालय में एक – एक शिकायत पुस्तिका का संधारण किया गया है। प्रमंडल के सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं से उनके निम्न वर्णित मोबाईल नम्बरों पर भी सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। **इसके अलावे JHARJAL Tollfree No. 18003456502 एवं JHARJAL WhatsApp No. 9470176901 तथा JHARJAL APP से Citizen Login कर आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं।**

| क्र० | प्रखंड का नाम | कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं० | सहायक अभियंता का नाम | मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामगढ़ | शिव कुमार बेदिया | 7004499328 | श्री युगल प्रसाद सिंह | 7488339321 |
| 2. | चितरपुर | शिव कुमार बेदिया | 7004499328 | श्री युगल प्रसाद सिंह | 7488339321 |
| 3. | दुलमी | शिव कुमार बेदिया | 7004499328 | श्री युगल प्रसाद सिंह | 7488339321 |
| 4. | गोला | शिव कुमार बेदिया | 7004499328 | श्री युगल प्रसाद सिंह | 7488339321 |
| 5. | माण्डू | श्री मिनहाज अंसारी | 9471793990 | श्री युगल प्रसाद सिंह | 7488339321 |
| 6. | पतरातू | श्री मिनहाज अंसारी | 9471793990 | श्री युगल प्रसाद सिंह | 7488339321 |

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़

PR 322638 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## ओटीटी प्लेटफार्म पर अश्लील सामग्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# 57 सोशल मीडिया अकाउंट हुए डिसेबल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर की कई चेतावनियों के बाद अश्लील सामग्री परोसने को लेकर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सरकार का डंडा चला है और उन्हें ब्लॉक कर दिया गया है। बता दें कि सरकार की तरफ से की गई कार्रवाई में ओटीटी प्लेटफॉर्म की 19 वेबसाइट, 10 ऐप्स, 57 सोशल मीडिया हैंडल ब्लॉक किए गए हैं।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्री प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों के खिलाफ कार्रवाई की है। 19 वेबसाइटें, 10 ऐप्स (गूगल प्ले स्टोर के 7, एप्पल प्ले स्टोर के 3) और इन प्लेटफॉर्म से जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं।

### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का चला डंडा



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बार-बार 'रचनात्मक अभिव्यक्ति' की आड़ में अश्लीलता का प्रचार-प्रसार न करने के लिए प्लेटफार्मों की जिम्मेदारी पर जोर दिया था। इसके बाद 12 मार्च को अनुराग ठाकुर ने घोषणा की थी कि अश्लील सामग्री प्रकाशित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को ब्लॉक कर दिया गया है। यह निर्णय भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों और मीडिया और मनोरंजन जगत के साथ महिला अधिकारों और बाल अधिकारों के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले डोमेन विशेषज्ञों के परामर्श के बाद सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के तहत लिया गया।

ये ओटीटी प्लेटफॉर्म ड्रीम्स फिल्म्स, वूवी, येस्मा, अनकट अड्डा, ट्राई फ्लिक्स, एक्स प्राइम, नियॉन एक्स वीआईपी, बेशरम, शिकारी, खरगोश, एक्स्ट्रामूड, न्यूफि्लक्स, मूडएक्स, मोजफ्लिक्स, हॉट शॉट्स वीआईपी, फुगी, चिकूफि्लक्स, प्राइम प्ले हैं, जिन्हें ब्लॉक किया गया है।

इन प्लेटफार्मों पर प्रसारित की गई सामग्री का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अश्लील और महिलाओं को अपमानजनक तरीके से चित्रित करने वाला पाया गया। इसमें विभिन्न संदर्भों में नग्नता और यौन कृत्यों को परोसा गया है, जैसे कि शिक्षकों और छात्रों के बीच संबंध, अनाचारपूर्ण पारिवारिक रिश्ते आदि।

इसे आईटी अधिनियम की धारा 67 और 67ए, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4 का उल्लंघन माना गया था। ओटीटी ऐप्स में से एक को 1 करोड़ से अधिक डाउनलोड मिले हैं, जबकि दो अन्य को गूगल प्ले स्टोर पर 50 लाख से अधिक डाउनलोड मिले हैं।

इसके अलावा, इन ओटीटी प्लेटफार्मों ने दर्शकों को अपनी वेबसाइटों और ऐप्स पर आकर्षित करने के लिए ट्रेलरों, विशिष्ट दृश्यों और बाहरी लिंक को प्रसारित करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का उपयोग किया। संबंधित ओटीटी प्लेटफार्मों के सोशल मीडिया खातों पर 32 लाख से अधिक फॉलोअर्स थे।

# विदेशी ब्रीड के डॉग पालने पर लगा प्रतिबंध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली सहित अब किसी भी राज्य में पिटबुल, अमेरिकन बुलडॉग और रोटवीलर सहित लोगों की जान के लिए खतरा साबित हो रहे विदेशी ब्रीड के डॉग पालने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कुछ समय पहले ही डेरी मंत्रालय ने एनिमल हस्बैंड्री कमिश्नर की अध्यक्षता में एक कमिटी बनाई। कमिटी में अलग-अलग संगठनों और एक्सपर्ट को शामिल किया गया। कमिटी ने जिन विदेशी ब्रीड के डॉग को चिन्हित किया, उनमें पिटबुल, अमेरिकन बुलडॉग, रोटवीलर सहित 24 विदेशी ब्रीड के डॉग को प्रतिबंधित श्रेणी में डाला गया है। इन्हें बैन डॉग कहा गया है। इनमें से किसी भी ब्रीड के डॉग को इंपोर्ट करने के बाद देश में इनकी ब्रीडिंग को भी पूरी तरह अवैध घोषित कर दिया गया है। अभी जिन लोगों ने इन ब्रीड के डॉग पाले हुए हैं, उन्हें उनकी नसबंदी करानी होगी जिससे संख्या बढ़ने से रोका जा सके।

पिछले दिनों देश में विदेशी ब्रीड वाले डॉग के शिकार बने लोगों के वीडियो तेजी से वायरल हुए। भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेरी मंत्रालय को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। वहीं दिल्ली में ताजा मामला एनडीएमसी इलाके में सामने आया था। यहां एक विदेशी ब्रीड के डॉग ने मासूम बच्ची पर हमला किया था। जिसमें बच्ची की मौत हो गई थी।



### बारामूला में पागल कुत्ते ने 17 को काटा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गुरुवार को एक पागल कुत्ते ने 17 लोगों को काट लिया, जिसमें तीन महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं।

## एक नजर

### केजरीवाल ने पेशी के समन को सेशन कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कथित शराब नीति घोटाला मामले में ईडी की शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती देते हुए सत्र अदालत का रुख किया। ईडी ने शिकायत की थी कि सीएम केजरीवाल ने अब रद्द की गई नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए एजेंसी के समन का पालन नहीं किया। राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने 7 मार्च को ईडी की शिकायत पर सीएम केजरीवाल को दूसरा समन जारी किया था। एसीएमएम मल्होत्रा ने मामले को 16 मार्च को सुनवाई के लिए रखा था।

### बेंगलुरु के एक होटल में उज्बेक महिला का शव मिला

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु के एक होटल में उज्बेकिस्तान की एक महिला मृत पाई गई। पुलिस ने खुद इस बारे में जानकारी दी है। मृतका की पहचान जरीना के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, चार दिन पहले वह टूरिस्ट वीजा पर बेंगलुरु आई थी। शेषाद्रिपुरम इलाके में बीडीए ब्रिज स्थित होटल में वह ठहरी थी। हालांकि, होटल स्टाफ को जरीना के एक दोस्त द्वारा फोन कर अलर्ट किया गया था। यह फोन बुधवार रात 10:30 बजे के आसपास किया गया था। होटल कर्मचारी लगातार दरवाजा खटखटा रहे थे, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आ रही थी। इसके बाद जब 'मास्टर की' के मदद से दरवाजा खोला गया, तो खून से लथपथ जरीना का शव जमीन पर पड़ा मिला, जिसे देखकर होटल के कर्मचारी अचंभित हो गए। इसके बाद फौरन पुलिस को जानकारी दी गई।

### मुजफ्फरनगर में सड़क हादसे में छात्रा समेत दो की मौत, पांच घायल

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में गुरुवार को पिकअप ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में 5 वर्षीय छात्रा समेत दो की मौत हो गई। जबकि, बच्चों सहित पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे शाहपुर थाना क्षेत्र में घटना हुई। सात घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में भर्ती कराया गया, जिनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं।

## सीएए भारत में रह रहे शरणार्थियों के लिए, बोले गृह मंत्री

# भ्रष्टाचार में फंसने से आपा खो बैठे केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में फंसने के बाद वे अपना आपा खो बैठे हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने केजरीवाल के सीएए पर की गई टिप्पणियों पर पलटवार किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएए 2014 के पहले आ चुके शरणार्थियों के लिए बनाया गया है। गृहमंत्री की टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री ने भी अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आज आप 2014 से पहले की बात कर रहे हैं, कल 2019 से पहले वालों की बात करेंगे, फिर 2024 तक की बात करेंगे।

गृह मंत्री ने एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के प्रति सहानुभूति रखते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अपना भ्रष्टाचार उजागर होने से आपा खो बैठे हैं। उन्हें इतनी चिंता है तो वे बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात क्यों नहीं करते या रोहिंग्या का विरोध क्यों नहीं करते? दिल्ली का चुनाव उनके लिए लोहे के चने चबाने जैसा है,



इसलिए वो वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सीएए के तहत नागरिकता पाने वाले शरणार्थी पहले से ही भारत में रह रहे हैं। एनआरसी का सीएए से कोई संबंध नहीं है। सीएए को पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाएगा। देश में केवल दो क्षेत्र जो सीएए के दायरे में नहीं होंगे, वे हैं आईएलपी (इनर लाइन परमिट) क्षेत्र और भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के तहत आने वाले क्षेत्र।

गृह मंत्री की टिप्पणी के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री ने एक बार फिर बयान जारी कर अपनी वही बात दोहरायी है। उन्होंने कहा कि सीएए आने से आजादी से ज्यादा बड़ा माइग्रेशन होगा। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश में 2.5 से 3 करोड़ अल्पसंख्यक हैं। वहाँ बहुत गरीबी है, उनके पास रोजगार नहीं है। इनमें से आधे भी भारत में आ गए तो कहां बसाएंगे उनको? उन्होंने कहा कि गृह मंत्री कह रहे हैं कि 2014 से पहले आने वालों को बसाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अभी तक घुसपैठ चल रही है। पहले उनमें डर था अब घुसपैठियों को कानूनी कर रहे हैं। आज आप 2014 से पहले की बात कर रहे हैं, कल 2019 से पहले वालों की बात करेंगे, फिर 2024 तक की बात करेंगे। घुसपैठिए तो आ ही रहे हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि रोहिंग्या मोदी सरकार के दौरान आए हैं।

### हिंदू और सिख शरणार्थियों ने दिल्ली मुख्यमंत्री के आवास सिविल लाइंस इलाके में विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाए



सीएए पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के बयान को लेकर गुरुवार को दिल्ली मुख्यमंत्री के आवास सिविल लाइंस इलाके में विरोध प्रदर्शन करते हिंदू और सिख शरणार्थी।

## पिछली सरकारों के नेताओं की आजीविका का माध्यम थे माफिया : मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी। अंबेडकरनगर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि पिछली सरकारों के नेताओं की आजीविका का माध्यम माफिया हुआ करते थे। पहले जमीन पर कब्जा करते थे पर आज कोई माफिया किसी जमीन पर कब्जा या बेटी से छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा, क्योंकि उसे मालूम है कि ऐसा करने वालों का यमराज अगले चौराहे पर उपचार कर देंगे।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अंबेडकर नगर में 2,122 करोड़ की 4,977 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के साथ दो निजी औद्योगिक विकास परियोजनाओं के शुभारंभ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सपा पर खूब निशाना साधा और डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि माफिया पिछली सरकारों के पाले गए जीव थे, जो उन नेताओं की आजीविका के माध्यम बनते थे। हमने कहा कि गरीबों के जीने के अधिकार को छीनने वालों से जीने का अधिकार छीन लिया जाएगा।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सपा के लोग नहीं करा पाते। सपा के लोग आपके जनपद का नाम भी मिटा देना चाहते थे। बाबा साहब



भीमराव अंबेडकर के नाम पर कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम हटा दिया, लेकिन हमने जोड़ दिया। हमने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान शिल्पी थे। उनके नाम पर कोई समझौता नहीं हो सकता। सपा दलित विरोधी है, उन्होंने भले ही नाम मिटाया, लेकिन हम फिर से नामकरण करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि यह वही सपा है, जिसने गेस्ट हाउस कांड कराया और दलित महापुरुषों के नाम पर बने स्मारकों को हटाने का आह्वान किया था। लेकिन, डबल इंजन की सरकार बाबा साहब के नाम पर पंच तीर्थ का निर्माण करती है। डबल इंजन की सरकार ने 4 करोड़ देशवासियों को आवास दिया, पहले गरीब और भक्त को आवास दिया गया, फिर भगवान के मंदिर का भी निर्माण किया गया। मुख्यमंत्री योगी ने आगे जिक्र किया कि अभी यहां पर किसी को मकान, टैबलेट, नियुक्ति पत्र समेत अन्य विकास योजनाओं का लाभ दिया गया।

## टिकट से वंचित अधिसंख्य भाजपा सांसदों ने पार्टी के फैसले को किया स्वीकार

**एजेंसी। मुंबई**

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा चार मौजूदा सांसदों का टिकट काटने के एक दिन बाद, ऐसा लगता है कि अधिकांश नेताओं ने पार्टी के फैसले को स्वीकार कर लिया है। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने बुधवार देर रात ऐसे ही एक सांसद के घर जाकर उनकी नाराजगी दूर की। ऐसी खबरें आ रहीं थीं कि मुंबई उत्तर से दो बार के सांसद, गोपाल सी शेट्टी, उनकी जगह केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को टिकट दिए जाने से नाराज हैं। उपमुख्यमंत्री फड़णवीस बुधवार की रात बोरीवली में शेट्टी के आवास पर पहुंचे और उनकी नाराजगी दूर की। फड़णवीस ने सांसद शेट्टी को आश्वासन दिया कि भविष्य में पार्टी उन्हें कोई सम्मानजनक स्थान देगी। अब माना जा रहा है कि गोपाल सी शेट्टी अनिच्छा से मान गए हैं। स्थानीय पार्टी नेताओं ने विद्रोह की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया है। इसी तरह, बीड से दो बार की सांसद डॉ. प्रीतम जी मुंडे की जगह उनकी बहन और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव पंकजा जी मुंडे को टिकट दिया गया। डॉ. प्रीतम मुंडे ने



अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। दोनों नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व उपमुख्यमंत्री गोपीनाथ मुंडे की बेटियां हैं, जिनकी 10 साल पहले नई दिल्ली में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। अटकलें हैं कि डॉ. प्रीतम मुंडे को बाद में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। मुंबई नॉर्थ ईस्ट से एक बार सांसद रहे मनोज के कोटक का टिकट काटकर मिहिर कोटेचा को दे दिया गया है। इससे कोटक के समर्थक निराश हैं। हालांकि, बाद में सांसद मनोज के कोटक ने पार्टी के फैसले से सहमति व्यक्त की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को उन्हें मौका देने के लिए धन्यवाद दिया।

## सीएम नीतीश ने 3,120 नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को नवनियुक्त 2901 आयुष चिकित्सकों और 219 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में स्वास्थ्य विभाग के तहत नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों में से कई चिकित्सकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसी तरह, मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत सहायक अभियंता नीरज कुमार, अमित कुमार, निवेदिता भारती, संगीता रानी सिन्हा एवं विकास कुमार गुप्ता को भी सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तथा नगर एवं आवास विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों एवं सहायक अभियंताओं को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में स्वास्थ्य विभाग के तहत 2,901 नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत कुल 219 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

# किसानों के हित के लिए काम करेगी इंडी गठबंधन सरकार : एमवीए

**एजेंसी। मुंबई**

कांग्रेस, राकांपा (सपा), शिवसेना (यूबीटी) और वाम दलों सहित महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सहयोगियों ने गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता में आने पर इंडिया ब्लॉक की सरकार किसानों के हितों के लिए काम करेगी। एकजुटता दिखाने के लिए, पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री और राकांपा (सपा) प्रमुख, शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) सांसद, संजय राउत ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान नासिक जिले के प्याज उत्पादक क्षेत्र चंदवाड में किसानों की रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मंच शेयर किया। तीनों नेताओं, शरद पवार, राहुल गांधी और संजय राउत ने अपने भाषणों में केंद्र सरकार पर किसानों के हितों की उपेक्षा करने और कुछ अरबपतियों व उद्योगपतियों के हितों की रक्षा के लिए काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने किसानों से



### राहुल गांधी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने का आश्वासन दिया

अपने भाषण में, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किसानों को एमएस स्वामीनाथन फॉमूर्ले के कार्यान्वयन के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने का आश्वासन दिया। गांधी ने फसल बीमा योजना का पुनर्गठन; किसानों से वसूले गए जीएसटी को वापस लेने और कर्ज माफ करने की बात भी कही।

भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को हराने का आग्रह किया। उन्होंने वादा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों की जरूरतों का ख्याल रखेगी। राकांपा (सपा) प्रमुख पवार ने यूपीए सरकार द्वारा किसानों के 70 हजार करोड़ रुपये के ऋण माफ करने के फैसले की याद दिलाई और दावा किया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के पास किसानों की समस्याओं के समाधान की कोई योजना नहीं है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे किसानों व मजदूरों के हितों की उपेक्षा करने और बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई जैसे ज्वलंत मुद्दों का समाधान करने में विफल वर्तमान केद्र सरकार को सत्ता से हटाएं।


## चार मंजिला बिल्डिंग में लगी आग, दो मासूम समेत चार की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर इलाके में चार मंजिला बिल्डिंग में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस व दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने बिल्डिंग में फंसे नौ लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दो बच्चे सहित चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मनोज (30), पत्नी सुमन (28) जबकि राकेश नामक व्यक्ति की पांच वर्षीय व तीन वर्षीय दो बच्चियों की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शव गृह सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग व शाहदरा जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 5:22 बजे शास्त्री नगर की गली नंबर 13 के एक मकान में आग लगने की सूचना मिली थी। उसके बाद ही दमकल व पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# जयशंकर ने आयरिश व्यापार मंत्री के साथ सहयोग के नए क्षेत्रों पर की चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को यहां आयरलैंड के उद्यम, व्यापार एवं रोजगार मंत्री साइमन कोवेनी से मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा की। साइमन कोवेनी एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं जो दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आर्थिक संबंधों और बढ़ते व्यापारिक सहयोग पर फोकस करने के लिए इस सप्ताह भारत आया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, आयरलैंड के उद्यम, व्यापार एवं रोजगार मंत्री साइमन कोवेनी से मिलकर खुशी



हुई। भारत और आयरलैंड के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों पर बहुत सकारात्मक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने युद्धग्रस्त गाजा और यूक्रेन पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। साइमन कोवेनी ने भारत के लिए रवाना होने से पहले एक वीडियो संदेश में कहा, यह कई मायनों में एक आकर्षक देश है - सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक और दुनिया में सबसे तेजी से विकासशील समाजों में से एक। अपने देश में भारतीय समुदाय की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि आज आयरलैंड में '91 हजार भारतीय नागरिक' रह रहे हैं, जो आयरिश समाज और अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा हैं।

साइमन कोवेनी ने कहा, आयरलैंड में लगभग 50 भारतीय कंपनियाँ हैं, जो पाँच-छह हजार लोगों को रोजगार देती हैं। आयरिश अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव बढ़ रहा है जो बहुत सकारात्मक है। आयरलैंड के प्रतिनिधिमंडल की यात्रा सोमवार को बेंगलुरु के गार्डन सिटी से शुरू हुई है। आयरिश सरकार की व्यापार और नवाचार एजेंसी एंटरप्राइज आयरलैंड तथा आयरलैंड की एफडीआई एजेंसी, आईडीए आयरलैंड, ने आयरिश दूतावास के साथ मिलकर इसका आयोजन किया है। बेंगलुरु में साइमन कोवेनी ने फार्मा कंपनी बायोकॉन के साथ-साथ आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों इंफोसिस और विप्रो के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृष :** बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा।

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे।

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ।

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

# प्रवासी मजदूर की चेन्नई में हार्ट अटैक से निधन, परिजन रो-रोकर हुए बेहाल



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड क्षेत्र के साल्वे ग्राम निवासी प्रवासी मजदूर राजेश ठाकुर उर्फ राजो, पिता बरजु ठाकुर का चेन्नई में अचानक हार्ट अटैक से निधन हो गया। राजेश ठाकुर चेन्नई के कठनकुलनथुर के एसआरएम नगर में जेएमएस कंपनी में मुंसी का काम करता था। साथ काम करने वाले पलामू निवासी निरमल भुइयां ने बताया कि राजेश 12 मार्च को हम सबको काम समझा कर क्वार्टर आ गये। लगभग ग्यारह बजे क्वाटर आया तो उसे बेहाल पाया। पूछने पर बताया कि पानी पीने के दौरान सीने में दर्द हुआ जो कम नहीं हो रहा है। कंपनी को सूचना देकर उसे तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया।13 मार्च को सुबह राजेश ठाकुर ने अंतिम सांस ली। गुरुवार सुबह चेन्नई से फ्लाइट द्वारा पार्थिव शरीर को रांची साढ़े दस बजे लाया गया, जहां से एंबुलेंस से सालवे गांव पहुंचा। जिप सदस्य रमेश राम, पर्व मुखिया बिसुनदेव उरांव, समाज सेवी नंदु उरांव आदि ने परिवारजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। राजेश अपने पीछे पत्नी गायत्री देवी (47), पुत्र मिथलेश (26), पुत्री रिसु देवी (24), प्रिया कुमारी (22), प्रतिमा कुमारी (20) को छोड़ गये हैं।

## विभिन्न पंचायतों से 120 खिलाड़ियों ने कराया था रजिस्ट्रेशन, 90 खिलाड़ियों की लगाई गई बोली

# आईपीएल की तर्ज पर गिद्धौर प्रीमियर लीग का शुभारंभ कल




**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल मैदान में 16 मार्च से आईपीएल की तर्ज पर गिद्धौर प्रीमियर लीग (जीपीएल) शुरू हो रही है। गिद्धौर प्रीमियर लीग में भाग लेने को लेकर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से 120 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के ठाकुरबाडी परिसर में खिलाड़ियों की खुली बोली का आयोजन किया गया। बोली में राइजिंग राइडर्स, टाइगर्स इलेवन, सिंदुआरी फाइटर, भास्कर वॉरियर्स, सुपर किंग व पैंथर इलेवन टीम के मालिकों ने भाग लिया। 120 खिलाड़ियों में छह टीम के लिए 90 खिलाड़ियों की बोली लगाई गई। इनमें राहुल कुमार रजक की सर्वाधिक 1080 रुपये की बोली लगी, जबकि दूसरे स्थान पर गणेश कुमार सिंह के लिए 1030 रुपये की बोली लगाई गई। गिद्धौर प्रीमियर लीग के अध्यक्ष प्रेम राणा व सचिव निरंजन कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि गिद्धौर प्रीमियर लीग का शुभारंभ 16 मार्च को होगा। इसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी करेंगे। बोली के मौके पर एंकर गंगा प्रसाद, जितेंद्र सिंह भोक्ता, सुमित कुमार, टीम ऑनर शशि कुमार, नवल कुमार, रिशु कुमार, मुकेश कुमार, उपेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, गुड्डू कुमार, सोनू सिंह, पिंटू कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## एनटीपीसी में बैटमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
एनटीपीसी की टंडवा ईकाई में गुरुवार को बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम स्वप्नेंदु कुमार पांडा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बोंगाईगांव, दर्लिपल्ली, तालचेर थर्मल, तालचेर कानिहा तथा एनटीपीसी की प्रमुख टीमें हिस्सा ले रही हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी दी गई। मौके पर जीएम प्रोजेक्ट वीएस दूबे, जीएम एफएम रविन्द्र शर्मा, एजीएम एचआर अनिल कुमार चावला, एजीएम आइटी राजीव वर्मा, एजीएम टीएडी एके अग्रवाल समेत एम्प्लाइ वेलफेयर एसोसिएशन के लोग मौजूद थे।




## एक नजर

### नरेश सिंह बने युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष

**बरवाडीह।** युवा कांग्रेस के जिलाअध्यक्ष अमित कुमार बरुआ ने प्रखंड के कुचिला निवासी नरेश सिंह को युवा कांग्रेस का कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष मनोनित किया है। नरेश सिंह को अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र राम, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, सुरेश मिश्रा, निजाम अंसरी, अनिल कुमार सिंह, लक्ष्मण सिंह, स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह आदि ने बधाई दी है।



### वार्ड सदस्यों का प्रारंभिक प्रशिक्षण हुआ संपन्न




**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार परिसर में वार्ड सदस्यों का चल रहा तीसरे फेज का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हो गया। सदर पंचायत बारियातु, साल्वे व गोनिया के सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षक सत्यानंद शुक्ला एवं विनीता कुमारी ने ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्तियों एवं उनका उपयोग, अधिकार, कर्तव्यों आदि के बारे में अवगत कराया।

### 40 मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

**चतरा।** लोकसभा चुनाव 2024 के सफल निर्वाचन हेतु गुरुवार को प्रखंड स्तरीय 40 मास्टर ट्रेनर को डीएमएफटी सह प्रशिक्षण भवन हॉल में प्रशिक्षण दिया गया। ये मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित होकर प्रखंड स्तर के मतदान कर्मियों को चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण में ईवीएम संचालन, प्रपत्र एवं चुनाव से संबंधित व्यवहारिक एवं प्रेक्टिकल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अजीत कुमार झा, देवेंद्र कुमार, रमेश कुमार, बिरेंद्र कुमार व नरेश तिवारी द्वारा दिया गया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग से संबंधित पदाधिकारी जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिणाथ महतो समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# हादसे में छात्र की मौत पर तीन घंटे तक सड़क जाम

## परिजनों व ग्रामीणों ने की दिन में भारी वाहन की नो एंट्री की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड मुख्यालय स्थित मिशन स्कूल के पास बुधवार को विद्यालय से घर जा रहे 10 वर्षीय छात्र प्रकाश लोहरा की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत होने से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के मकईया ताड़ पुलिस पिकेट के पास मृत छात्र का शव रख कर सड़क जाम कर दी। इससे सड़क की दोनों ओर गाड़ियों की लंबे कतारें लग गईं। जाम स्थल पर बैठे लोग दिन में भारी वाहनों की मुख्य मार्ग से नो एंट्री एवं पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की मांग कर रहे थे।

पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की पहल पर पीड़ित परिवार को त्वरित 20 हजार आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया एवं सरकारी प्रावधान के तहत लाभ देने के आश्वासन के बाद सड़क से जाम हटाया गया। मौके पर पंचायत के कर्मचारी दयाल करकेट्टा के अलावे बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा, मकईयाटांड़ पिकेट प्रभारी, लोहरा समाज के जिला अध्यक्ष राजूरामवृक्ष लोहरा, भाजपा नेता शैलेश सिंह, सुरेश उरांव, रंजीत गुप्ता, आजसू प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव, झामुमो युवा अध्यक्ष औरजेब खान, राजद एसी मोर्चा जिला अध्यक्ष तुलसी राम, राज कुमार लोहरा, हीरो यादव, सुरेश यादव, रामनाथ लोहरा, राजू लोहरा आदि मौजूद थे।

## पंसस की पहल पर लगा सोलर पैनल और टंकी

**चंदवा।** कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान की पहल पर ग्राम हिसरी के पाहन टोला में नल जल योजना के तहत टावर में नया सोलर पैनल लगाया गया। वहीं चटुआग के करमाही टोला के टावर पर नई टंकी लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि हल्की हवा पानी में जल जीवन मिशन योजना के तहत लगे हरघर जल नल योजना के टावर का सोलर प्लेट जमीन पर गिर गया था। इससे लोगों के घरों तक पानी पहुंचना बंद हो गया था। वहीं ग्राम चटुआग के करमाही टोला में टंकी से कई जगहों पर लिकेज थी। संवेदक टेप लगाकर काम चला रहे थे। ग्रामीणों से शिकायत मिलने पर अयुब खान ने उपायुक्त गरिमा सिंह से मांग कर इन समस्याओं का समाधान कराया। उपायुक्त गरिमा सिंह ने मामले को संज्ञान में लेकर इसे जल्द ठीक कराने का निर्देश पीएचडी विभाग को दिया था।

## मनरेगा लोकपाल ने योजनाओं का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**चतरा।** मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान गुरुवार को जिले के गिद्धौर प्रखंडकी मंझगांवां पंचायत में कई योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। आम बागवानी, डोभा निर्माण व मनरेगा से बने विभिन्न शेडों का निरीक्षण और कई जगहों पर बागवानी की सफाई का निर्देश दिया। गुणवत्तापूर्ण कार्य की जवाबदेही रोजगार सेवक को दी। मौके पर मुखिया, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, रोजगार सेवक सतेंद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।


**Office of the Executive Engineer**
**D.W. & S. Mechanical Division Medininagar**

**Very Short e-Tender cum Auction Notice**
**e-Auction Notice No. 01/2023-24**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of the department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand | | | |
| 2. | Name & address of officer inviting tender | Executive Engineer, D.W. & S. Mechanical Division, Medininagar | | | |
| 3. | Date of publication of tender on website | 16.03.2024/ 02:00 PM | | | |
| 4. | Last date/time of receipt of bid on website | 22.03.2024 / 03:00 PM | | | |
| 5. | Last date/time of online submission of cost of BOQ and EMD | 22.03.2024 / 03:00 PM | | | |
| 6. | Date/time of opening of tender | 23.03.2024 / 04:00 PM | | | |
| 7. | Details of Auction Notice :- | | | | |
| **Sl. No.** | **Name of the work** | **Estimated cost (in Rs.)** | **Earnest Money (in Rs.)** | **B.O.Q. cost (in Rs.)** | **Time of completion** |
| 1. | Auction/disposal of scraps and unserviceable materials lying in the Section/Sub Division Store under D.W. & S. Mechanical Sub Division, Medininagar, Garhwa & Latehar | **1358185.00** | **27200.00** | 2500.00 (non-refundable) | 30 days |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
**D.W. & S. Mechanical Division**
**Medininagar (Palamau)**

PR 322635 District(23-24)#D


# चतरा प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर नामांकन प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
जिले में पहली बार प्रेस कल्ब का चुनाव होने जा रहा है, जिसकी शुरुआत नामांकन प्रपत्र की बिक्री व नामांकन के साथ गुरुवार से हो गई है। 16 मार्च तक नामांकन प्रपत्रों की बिक्री व जमा आईपीआरडी कार्यालय परिसर चतरा में सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक होगी। इसके साथ ही वर्ष 2024-26 के मतदान के लिए मतदाता सूची का भी प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची में शामिल 156 मानित सदस्य में से निवार्ची पदाधिकारी प्रवीण कुमार रस्तोगी एवं स्वंत्रत समिति के तीन सदस्यों में चन्द्रेश शर्मा, जफर परवेज व संतोष सिंह को छोड़ कर कुल 152 मानित सदस्य चुनावी प्रक्रिया में भाग लेंगे। 17 मार्च को आपत्ति पर सुनवाई एवं छटनी कार्य के बाद नाम वापसी की समय निर्धारित है। वहीं मार्च को सुबह 8:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक मतदान होगा, जबकि 4 बजे से मतगणना प्रारंभ की जायेगी। वहीं चतरा प्रेस क्लब चतरा के चुनाव के लिए तीन दिवसीय नामांकन प्रक्रिया के प्रथम दिन निवार्ची पदाधिकारी प्रवीण कुमार रस्तोगी, स्वतंत्र समिति सदस्य चन्द्रेश शर्मा, जफर परवेज तथा संतोष सिंह की उपस्थिति में पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए ठाकुर धीरेंद्र प्रसाद तथा धर्मेंद्र पाठक, सचिव के लिए सूर्यकांत कमल, कोषाध्यक्ष के लिए सरफराज अहमद तथा सत्येंद्र मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य के लिए अजय कुमार, मो. हेलाल उर्फ लक्की, शैलेश कुमार तथा रणधीर सिंह ने नामांकन प्रपत्र का क्रय किया। वहीं रणधीर सिंह ने नामांकन प्रपत्र भी जमा किया। सिंह के प्रस्तावक मालिक बाबु व मुन्ना कुमार थे। साथ इनके साथ अन्य कई पत्रकार साथी शामिल थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

लोहरदगा जिला में सी0पी0एम0एफ0, जैप, आई0आर0बी0, सैप एवं अन्य बलों के आवासन स्थल पर प्रकार की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के जेनरेटरों को भाड़े पर लेने हेतु निविदा विभिन्न निबंधित फर्मो से शीलबंद लिफाफा में दिनांक–14.03.2024 से निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता जो जी0एस0टी0 के अन्तर्गत निबंधित हो वे अपनी निविदा मुहरबंद लिफाफा मे दिनांक–28.03.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय का रक्षित कार्यालय में जमा कर सकते है।

निविदा खुलने का स्थानः–पुलिस अधीक्षक का कार्यालय लोहरदगा।
समयः–17.00 बजे, तिथिः–28.03.2024

**निविदा की शर्तेः–**

1. निविदा खोलने के समय निविदा–दाता या प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।
2. क्रयादेश मिलने पर 07 (सात) दिनों के अन्दर **जेनरेटर** की आपूर्ति करनी होगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा की निविदा से संबंधित कार्यवाही किसी प्रकार विनियमता, गुणवता, खराब होने एवं स–समय आपूर्ति न होने पर निविदा को बिना कारण बतायें संशोधित अथवा रद्द कर सकते है।
4. निविदा के साथ 50000.00 (पचास हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट/चेक जमा करना होगा जो पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा को भुगतेय होगा, जिनकी निविदा अनुमोदित नहीं होगी उनका बैंक ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा।
5. कंपनी की न्यूनतम Turn Over 01 करोड़ का होना अनिवार्य है तथा जिनकी पिछले 05 (पाँच) वर्षो में सरकारी कार्यालयों में सप्लाई का अनुभव है, उन्ही को Tender की शर्तो के अनुसार अग्रिम राशि जमा कराते हुए Tender में भाग लेने हेतु नियमानुसार अनुमति दी जाएगी।
6. निविदा में दिए गए सभी शर्तो एवं नियमों का अनुपालन करना सभी फर्मो को अनिवार्य होगा। नियम एवं शर्त नहीं पालन होने पर उनकी निवदि को आमान्य कर दिया जाएगा।
7. निविदा–दाता को GSTIN रजिस्ट्रेशन संबंधी प्रमाण–प्रत्र की छायाप्रति देना होगा।
8. भाड़े पर ली जाने वाली जेनरेटर की सूची एवं निविदा की विस्तृत जानकारी एस0आर0ई0 शाखा, पुलिस केन्द्र लोहरदगा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय, लोहरदगा की सूचना पटट् पर देखी जा सकती है।
9. जिस निविदा–दाता का न्यूनतम मूल्य आएगा उसी की निविदा को स्वीकार किया जाएगा उन्ही को स–समय आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी। आपात स्थिति के समय आपूर्ति में विलंब नहीं होनी चाहिए।
10. Tender जमा करने वाले सभी फर्म को निविदा में दिए गए नियम एवं शर्तो की सभी की छायाप्रति भी साथ सलग्न करना अनिवार्य होगा।

ज्ञापांकः– 361 /र0का0.
पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लोहरदगा।
लोहरदगा, दिनांक–13.03.2024

PR 322701 Lohardaga (23-24)_D
पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा


# विधायक ने मजार पर चादर चढ़ा किया शेड निर्माण का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
परहाटोली के नगर प्रतापपुर स्थित हजरत अंजान शाह दाता के मजार पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने विधायक मद से एक शेड निर्माण का शिलान्यास मजार पर चादर चढ़ा कर किया। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. इफ्तेखार अहमद, उपप्रमुख अभय मिंज, रामनरेश ठाकुर, अजित पाल कुजुर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, तनवीर उर्फ रिन्कु, नुरूल अंसारी, बसारत अली, आजाद अहमद, जेएमएम प्रखंड सचिव शाहिद अहमद उर्फ भोलू, रानू खान मौजूद थे।

## उचक्कों ने की 50 हजार की छिनतई, मामला दर्ज



**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के चिरू ग्राम निवासी लियाकत मियां से उचक्कों ने 50000 रुपये की छिनतई कर ली। घटना बालूमाथ थाना से महज कुछ दूरी पर चेक नाका के पास की। लियाकत एसबीआई बैंक से 50000 रुपये का लोन लेकर मुख्य मार्ग से आ रहे थे कि इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनका पैसा से भरा थैला छीन लिया और भाग निकले। पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन दिया है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।**
mail-rdsdgumla123@gmail.com
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/22/2023-24 (2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिला के घाघरा प्रखण्ड में कुर्राग पंचायत के अड़िया नदी में चट्टी से कुर्राग जोड़ने वाले पथ पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,29,76,400.00 | 6,60,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.03.2024 से दिनांक 27.03.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.04.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709875092 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्बंधित निविदादाता की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 322677 Rural Development(23-24)D


## कवायद — डीसी ने जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# अवैध खनन, भंडारण व परिवहन की पूर्ण रोकथाम करें




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिले में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव की रोकथाम के लिए पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। वहीं जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के मामलों में 373 वाहनों को जब्त कर 62 प्राथमिकी दर्ज गई है। 80 लाख 92 हजार रुपये जुर्माना राशि की वसूली की गई।

उपायुक्त ने अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर अंचल अधिकारी, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया। इसमें अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही। उपायुक्त ने सीसीएल सहित सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट की मॉनिटरिंग करने के अलावे अन्य कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन के विरुद्ध किए गए कार्यों से संबंधित एक्शन टेकन रिपोर्ट ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने एवं संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, कोल कंपनियों के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## तेंदुलकर, जाफर और उनादकट ने मुंबई को रणजी ट्रॉफी जीतने पर दी बधाई

**मुंबई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने आठ साल बाद 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने पर मुंबई को बधाई दी। मुंबई का आठ साल का रणजी खिताब का सूखा समाप्त हो गया जब उन्होंने गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में फाइनल के पांचवें दिन विदर्भ को 169 रन से हराकर रिकॉर्ड 42वां चैंपियनशिप खिताब जीता। तेंदुलकर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा,ह्र42वीं रणजी ट्रॉफी जीतने पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बहुत-बहुत बधाई! विदर्भ के लचीलेपन ने तमाशा बढ़ाया, खासकर करुण, अक्षय और हर्ष ने, जिन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और मैच को बहुत दिलचस्प बना दिया।" ह्रमुंबई के गेंदबाज लगातार गेंदबाजी करते रहे और आखिरकार तनुष ने सफलता दिलाई, जिन्होंने चौथी पारी में चार विकेट लिए। क्रिकेट का एक शानदार प्रदर्शन जिसने हम सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यही बात घरेलू क्रिकेट को बहुत महत्वपूर्ण बनाती है।ह्व एक अन्य मुंबईवासी वसीम जाफर ने मुंबई को उनकी जीत पर बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, 42वें रणजी खिताब के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बधाई!

# मुंबई 42वीं बार बना रणजी चैंपियन विदर्भ को 169 रनों से पराजित किया




**एजेंसी। नई दिल्ली।**
मुंबई ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 की ट्रॉफी जीत ली है। साथ ही मुंबई के लिए आठ साल का रणजी ट्रॉफी का सूखा खत्म हो गया, क्योंकि उन्होंने गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में फाइनल के पांचवें दिन विदर्भ को 169 रनों से हराकर रिकॉर्ड 42वां चैंपियनशिप खिताब जीता। मुंबई ने आखिरी खिताब 2015-16 के सीजन में जीता था। खिताबी मुकाबले में मुंबई की टीम ने दमदार प्रदर्शन किया। गेंदबाजों की बात करे तो अपना फेयरवेल मैच खेल रहे धवल कुलकर्णी ने मुंबई के आक्रमण का नेतृत्व किया।

मुंबई की जीत घरेलू क्रिकेट में कुलकर्णी की उत्कृष्टता की विरासत के लिए एक यादगार अंत है। मुंबई के स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर तनुश कोटियन और तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने विदर्भ के बल्लेबाजों को खूब छकाया और उन्हें क्रीज पर जमने का कोई मौका नहीं दिया। दोनों गेंदबाजों ने विदर्भ की बल्लेबाजी लाइनअप को ध्वस्त कर दिया और 538 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी विरोधी टीम को 368 रनों पर समेट दिया।

वानखेड़े मैदान पर गुरुवार को विदर्भ ने अपने आखिरी 5 विकेट दूसरे सेशन में गंवा दिए। लंच तक टीम का स्कोर 333/5 था। अक्षय वाडकर 102 और हर्ष दुबे 65 रन बनाकर आउट हुए। दोनों के बीच 130 रनों की पार्टनरशिप हुई। इन दोनों के आउट होते ही टीम बिखर गई। मुंबई की पहली पारी में 136 रन बनाने वाले मुशीर खान ने 2 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया जबकि कोटियन को उनके ऑलराउंड खेल के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला।

मुंबई 224 (शार्दुल ठाकुर 75, यश ठाकुर 3-54, दुबे 3-62) और 418 (मुशीर 136, अय्यर 95, दुबे 5-144) ने विदर्भ 105 (राठौड़ 27, कोटियन 3-7, कुलकर्णी 3-15) और 368 (वाडकर 102, नायर 74, कोटियन 4-95, मुशीर 2-48) को 169 रनों से हराया।

## मोहम्मद शमी एड़ी की सफल सर्जरी के बाद भारत लौटे

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी यूनाइटेड किंगडम (यूके) में अपने अकिलीज टेंडन की देखरेख के लिए एड़ी की सफल सर्जरी के बाद भारत लौट आए हैं। भारत के 2023 एकदिवसीय विश्व कप अभियान के दौरान घायल होने के बाद शमी को अपने अकिलीज टेंडन को ठीक करने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी और 19 नवंबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया से फाइनल में हार के बाद से उन्होंने किसी भी प्रकार का क्रिकेट नहीं खेला है। शमी ने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए यूके से भारत लौटने की जानकारी दी और प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। शमी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया, ह्रसर्जरी के बाद भारत वापस आकर आभारी हूं। मजबूत महसूस कर रहा हूं और इस अगले अध्याय को अपनाने के लिए तैयार हूं। आपके समर्थन और प्यार के लिए सभी को धन्यवाद !ह्व शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 घरेलू सीरीज के अलावा दक्षिण अफ्रीका दौरे और इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भी नहीं खेल पाए।

## दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को 7 विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आखिरी लीग मैच में गुजरात जायंट्स पर सात विकेट की शानदार जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शुरूआती ओवरों में मारिजैन कप्प के आक्रामक स्पैल ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर जाइंट्स के शीर्ष क्रम को झकझोरकर रख दिया। जेस जोनासेन के साथ उनकी साझेदारी ने विपक्षी टीम को और ध्वस्त कर दिया, जिससे जाइंट्स का स्कोर पांच ओवर के भीतर तीन विकेट पर 16 रन हो गया।



टीटास साधु की ओर से ऑफस्पिनर मिन्नू मणि ने पांच गेंदों के अंदर दो विकेट लिए, जिससे जायंट्स की पारी आधी होने के बाद उनका स्कोर पांच विकेट पर 48 रन हो गया। उन्होंने एशले गार्डनर को बोल्ड किया, जो ग्रिप और टर्न के साथ स्टंप्स से जा टकराया और फिर फीबी लीचफील्ड को मिड-ऑन पर राधा यादव ने कैच कर लिया।

भारती फुलमाली और कैथरीन ब्राइस के प्रतिरोध के बावजूद, जिन्होंने सराहनीय 68 रनों की साझेदारी की, दिग्गजों की पारी कभी भी गति हासिल नहीं कर पाई। फुलमाली ने 36 गेंदों में 42 रन की पारी में सात चौके लगाए और अपनी टीम के लिए सर्वाधिक स्कोर बनाया। शिखा पांडे की देर से की गई दो तेज विकेटों की बदौलत कैपिटल्स का नियंत्रण बना रहा और जाइंट्स को 20 ओवरों में 126 के मामूली स्कोर पर रोक दिया। 127 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने अपना दबदबा कायम रखा। मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा ने शानदार शुरूआत देते हुए केवल तीन ओवर में बिना किसी नुकसान के 31 रन बना लिए, जबकि लैनिंग का कैमियो एक रन-आउट द्वारा छोटा कर दिया गया। शेफाली ने अपना आक्रमण जारी रखा, शानदार स्ट्रोकप्ले का प्रदर्शन करते हुए शानदार अर्धशतक बनाया।

## रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस में भिड़ंत आज

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन सत्र में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के रोमांचक मिश्रण को देखते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन इसका परिणाम उस तरह से नहीं निकला, क्योंकि आरसीबी लगातार अपने पहले पांच मैच हार गई और नॉकआउट में नहीं पहुंच पायी, जबकि मुंबई इंडियंस ने खिताब जीता। लेकिन इस बार आरसीबी नॉकआउट में प्रवेश करने में कामयाब रही है, एक लक्ष्य जिसे वे बल्ले और गेंद दोनों के साथ बेहतर प्रदर्शन के माध्यम से हासिल करने के लिए उत्सुक थे। शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में, स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी रविवार को मजबूत दिल्ली कैपिटल के खिलाफ खिताबी भिड़ंत तय करने के उद्देश्य से हाई-स्टेक एलिमिनेटर में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी।

## केरल में अफ्रीकी फुटबॉलर को भीड़ ने पीटा, वीडियो वायरल



**एजेंसी। कोझिकोड**
फुटबॉल जगत से एक बेहद हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यह मामला केरल के मलप्पुरम जिले का है। जहां एक फुटबॉल टूनार्मेंट के दौरान दर्शकों ने आइवरी कोस्ट के 22 वर्षीय फुटबॉलर डायरासौबा हसने जूनियर को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भीड़ ने उनके साथ नस्लीय दुर्व्यवहार किया। हसने जूनियर फुटबॉल क्लब जवाहर मावूर का हिस्सा हैं, जो सेवन्स फुटबॉल टूनार्मेंट खेल रही है। यह घटना सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद सामने आई, जिसमें कई लोगों को हसन जूनियर के पीछे दौड़ते और उन्हें जबरन पकड़ कर मारते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, कुछ दर्शकों ने कहा कि घटना तब शुरू हुई जब फुटबॉल खिलाड़ी ने उनमें से एक को लात मार दी। स्थानीय क्लब न्यूलाला पूकोलाथुर का प्रतिनिधित्व करने वाले हसने ने स्थानीय पुलिस को दी अपनी शिकायत में यह भी स्वीकार किया कि दर्शकों ने उन्हें ''अफ्रीकी बंदर'' और''ब्लैक'' भी कहा है। पुलिस की जांच जारी है।

## विराट का फॉर्म तय करेगा आरसीबी की प्लेऑफ में जगह : मोहम्मद कैफ

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि स्टाइलिश बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म प्लेऑफ में आरसीबी की जगह तय करेगी। कोहली ने बेंगलुरु में अफगानिस्तान के खिलाफ शून्य बनाया और जनवरी के बाद से भारत के लिए नहीं खेले हैं। कोहली ने निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से खुद को अलग कर लिया था। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने सोमवार को अपना आईपीएल प्रशिक्षण सत्र शुरू किया और 2024 का अपना पहला मैच 22 मार्च को चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलेंगे। उम्मीद है कि सीजन की शुरूआत से पहले विराट जल्द ही टीम में शामिल हो जाएंगे। कैफ ने विराट कोहली की उल्लेखनीय फॉर्म और आरसीबी की प्लेऑफ आकांक्षाओं में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से बताया, इस बात पर जोर दिया कि ग्रीन और मैक्सवेल जैसे अन्य



उल्लेखनीय खिलाड़ियों की उपस्थिति के बावजूद, कोहली की निरंतरता टीम की सफलता के लिए सर्वोपरि होगी। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स के शो "गेम प्लान" में कहा, विराट कोहली पिछले 1-2 वर्षों से अद्भुत क्रिकेट खेल रहे हैं; वह अच्छी फॉर्म में हैं। मुझे याद है एशिया कप के दौरान जब उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ शतक बनाया था; तब से, उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह तब से अद्भुत फॉर्म में हैं, और जब विराट कोहली जैसा खिलाड़ी फॉर्म में होता है, तो वह जानता है कि हर मैच में रन कैसे बनाने हैं; वह विश्व कप के दौरान टूनार्मेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी थे।

## श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर का हुआ एक्सीडेंट अस्पताल में भर्ती

**कोलम्बो।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान लाहिरू थिरिमाने को एक भयानक सड़क दुर्घटना का सामना करना पड़ा है। यह घटना अनुराधापुरा के पास हुई, जब थिरिमाने की कार एक लॉरी से टकरा गई। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद थिरिमाने को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, थिरिमाने की चोट की सटीक प्रकृति अभी तक समझ में नहीं आई है, लेकिन वह वर्तमान में अनुराधापुरा टीचिंग हॉस्पिटल में स्थिर स्थिति में हैं। ₹थिरिमाने के साथ उनके एक साथी को भी उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब यह दुर्घटना हुई तब थिरिमाने तीर्थ यात्रा पर थे। मूलतः कार विपरीत दिशा में जा रही एक लॉरी से टकरा गई थी।₹ 2010 में अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर पदार्पण करने के बाद थिरिमाने ने 26 टी20, 127 वनडे और 44 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने तीन टी20 विश्व कप में भाग लिया, जिनमें से एक में 2014 में श्रीलंका की जीत हुई थी।

## नवारो ने सबालेंका को चौंकाया गॉफ क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी। इंडियन वेल्स।**
अमेरिकी टेनिस सनसनी एम्मा नवारो ने दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 6-3, 3-6, 6-2 से हराकर अपने करियर में पहली बार परीबा ओपन में एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। इस बीच, कोको गॉफ ने अपना 20वां जन्मदिन शानदार ढंग से मनाया और अपने प्रतिद्वंद्वी पर आसानी से हावी होकर आगे बढ़ गईं। कोर्ट पर अपने संयमित आचरण के लिए मशहूर नवारो को सबालेंका की शक्तिशाली सर्विस की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा। हालाँकि, वह इससे घबराई नहीं और अपने पांच ब्रेक-प्वाइंट अवसरों में से चार का फायदा उठाते हुए हवादार परिस्थितियों में जीत हासिल की। मैच के शुरूआती छह गेम कड़े थे और किसी भी खिलाड़ी को ब्रेक प्वाइंट का मौका नहीं मिला,



जब तक कि नवारो ने सबालेंका की गलतियों के बाद 5-3 की बढ़त हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में सबालेंका की वापसी के बावजूद, नवारो ने अपना संयम बनाए रखा, एक महत्वपूर्ण सर्विस बरकरार रखी और मैच प्वाइंट पर चौथा ब्रेक प्वाइंट भुनाकर जीत पक्की कर ली। यह जीत रैंकिंग के हिसाब से नवारो की सर्वश्रेष्ठ जीत है और सीजन के चौथे क्वार्टरफाइनल और डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर उसके करियर की पहली जीत है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मेरे लिए सुर्खियों में रहना और ऐसे कोर्ट पर खेलना थोड़ा अस्वाभाविक है जहां ढेर सारे प्रशंसक और टीवी हों और निगाहें मुझ पर हों। यह मेरा स्वाभाविक तरीका नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं निश्चित रूप से इसके साथ अधिक सहज हो रही हूं।

## फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के तहत मलेशिया से दो फ्रेंडली मैच खेलेगी अंडर 23 भारतीय टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली।**
भारतीय अंडर 23 पुरुष टीम फीफा अंतर्राष्ट्रीय मैच विंडो के तहत 22 और 25 मार्च को मलेशिया अंडर 23 के खिलाफ दो फ्रेंडली मैच खेलने के लिए मलेशिया के कुआलालंपुर की यात्रा करने के लिए तैयार है। भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय और वर्तमान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के सहायक कोच नौशाद मूसा को भारत अंडर 23 पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

नोएल विल्सन सहायक कोच हैं, जबकि दीपांकर चौधरी टीम के गोलकीपिंग कोच हैं।गुरुवार, 14 मार्च को



मूसा द्वारा कैंप के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की सूची की घोषणा की गई। कैंप 15 मार्च को नई दिल्ली में शुरू होगा, जिसके बाद 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम 20 मार्च को कुआलालंपुर की यात्रा करेगी।

भारत अंडर 23 पुरुष टीम कैंप के लिए 26 संभावितों की सूचीः गोलकीपरः अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल, विशाल यादव डिफेंडरः विकास युमनाम, चिंगंबम शिवाल्डो सिंह, होर्मिपम रुइवा, नरेंद्र, रॉबिन यादव, संदीप मंडी मिडफील्डरः अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथनपुइया, मोहम्मद ऐमेन, फिजाम सनाथोई मीतेई, थोइबा सिंह मोइरांगथेम, विबिन मोहनन फारवर्डः अब्दुल रबीह, गुरकीरत सिंह, इरफान यदवाड, इसक वनलालरुआतफेला, खुमानथेम मीतेई, मोहम्मद सानन, पार्थिब सुंदर गोगोई, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन, विष्णु पुथिया वलप्पिल।

## पीठ की चोट से परेशान चल रहे श्रेयस अय्यर की बढ़ी टेंशन

**एजेंसी। मुंबई।**
श्रेयस अय्यर विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पीठ दर्द के कारण लगातार दूसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे। श्रेयस अय्यर ने दूसरी पारी में 111 गेंदों पर 95 रनों की पारी खेली। मुंबई ने विदर्भ के सामने 538 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। हालांकि, एक बेहतरीन पारी खेलने के बाद अय्यर की पुरानी चोट ने उन्हें फिर परेशान किया और चौथे दिन उन्हें मैदान से बाहर रहना पड़ा। हालांकि, मेडिकल ट्रीटमेंट और ठीक होने का आश्वासन मिलने के बावजूद, वह अंतिम दिन भी मैदान पर वापसी नहीं कर पाए।



इंग्लैंड के खिलाफ जबरदस्त टेस्ट श्रृंखला के बाद, बेचैनी की फुसफुसाहट सामने आई, खासकर लंबी पारी खेलने के बाद। बीसीसीआई की मेडिकल जांच ने उन्हें मंजूरी दे दी, लेकिन चयनकताओं ने उन्हें टेस्ट टीम से बाहर करने का फैसला किया। एक ऐसा निर्णय जिससे अय्यर काफी निराश दिखे। इसके बाद अय्यर पीठ की ऐंठन के कारण मुंबई के आखिरी रणजी ट्रॉफी लीग मैच में नहीं खेल सके। हालांकि, इस दौरान उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए प्री-सीजन कैंप में भाग लिया, जिस टीम की वह आईपीएल 2024 में कप्तानी करेंगे।

## खबरें व्यापार जगत की

### क्वालकॉम ने भारत में नया चिप डिजाइन सेंटर 6जी रिसर्च प्रोग्राम खोला

**चेन्नई।** चिप निमार्ता कंपनी क्वालकॉम ने गुरुवार को चेन्नई में अपने नए डिजाइन सेंटर का उद्घाटन किया। चिप डिजाइन सेंटर को बनाने में लगभग 177.27 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यह सेंटर वाई-फाई टेक्नोलॉजीज के पूरक इनोवेशन पर फोकस के साथ वायरलेस कनेक्टिविटी समाधानों में विशेषज्ञता हासिल करेगा।



इससे 1 हजार 600 कुशल प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए नौकरियां पैदा होने, सरकार के 'मेक इन इंडिया' के दृष्टिकोण के समान सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए नए दरवाजे खुलने और एक मजबूत स्वदेशी डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विकास के अवसरों को खोलने की भी उम्मीद है। इसके अलावा, भारत सरकार के भारत 6जी विजन के अनुरूप, कंपनी ने भारत में 6जी यूनिवर्सिटी रिसर्च को समर्थन देने वाले अपने प्रोग्राम का भी ऐलान किया। उद्घाटन के अवसर पर केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल रूप से सशक्त भारत के लिए अपना विजन साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत की तकनीकी क्षमता लगातार बढ़ रही है। यह हमें इनोवेशन में विश्व लीडर के रूप में स्थापित कर रही है। डिजिटल प्रगति को अपनाने के लिए हमारे देश की मजबूत प्रतिबद्धता डिजिटल रूप से सशक्त समाज की दिशा में हमारी यात्रा का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "हमें क्वालकॉम को अपना समर्थन देने में खुशी हो रही है। हमारा लक्ष्य 5जी कनेक्टिविटी के माध्यम से लाखों भारतीयों को जोड़ना है।" नया डिजाइन सेंटर न केवल कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, बल्कि कर्मचारियों के अवसरों के साथ आने वाले प्रभाव को भी दशार्ता है, जो हमारी तकनीकी प्रतिभा को और निखारेगा। सेंटर 5जी सेल्युलर तकनीक में क्वालकॉम के ग्लोबल रिसर्च और विकास प्रयासों में भी एक्टिव रूप से योगदान देगा। क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज के ग्रुप जनरल मैनेजर राहुल पटेल ने कहा, "नया डिजाइन सेंटर विश्व स्तर पर, खासकर भारत में कनेक्टिविटी के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।''

### फरवरी में नए डीमैट खातों की संख्या बढ़कर 43 लाख हुई

**नई दिल्ली।** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसार, फरवरी 2024 में देश में डीमैट खातों की कुल संख्या बढ़कर 14.8 करोड़ हो गई। फरवरी 2024 में जोड़े गए नए खातों की संख्या बढ़कर 43 लाख हो गई, जबकि वित्त वर्ष 23 में औसत मासिक वृद्धि 21 लाख थी।



फरवरी 2024 में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सक्रिय ग्राहकों की संख्या माह-दर-माह आधार पर 4.8 प्रतिशत बढ़कर 4.005 करोड़ हो गई। वर्तमान में, शीर्ष पांच डिस्काउंट ब्रोकरों की एनएसई पर सक्रिय कुल ग्राहकों में हिस्सेदारी 63.5 प्रतिशत है, जबकि फरवरी 2023 में यह आँकड़ा 59.6 प्रतिशत था। डिस्काउंट ब्रोकरों के बीच, जेरोधा ने अपने ग्राहकों की संख्या में 3.3 प्रतिशत यानि 72 लाख की वृद्धि दर्ज की, हालाँकि उसकी बाजार हिस्सेदारी 0.30 प्रतिशत घटकर 18 प्रतिशत रह गई। एंजेल वन ने 14.9 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी के साथ अपने ग्राहकों की संख्या में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 59 लाख की वृद्धि दर्ज की। अपस्टॉक्स के ग्राहकों की संख्या में 4.1 प्रतिशत यानि 25 लाख की वृद्धि दर्ज की, जबकि बाजार हिस्सेदारी मामूली गिरावट के साथ 6.2 प्रतिशत रह गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रो ने अपने ग्राहकों की संख्या में 9.1 प्रतिशत यानि 92 लाख की वृद्धि दर्ज की है। उसकी बाजार हिस्सेदारी 22.9 प्रतिशत पर पहुँच गई है।

### फरवरी में भारत की थोक मुद्रास्फीति दर घटकर 0.2 प्रतिशत हुई


**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जो आंकड़े जारी किए हैं, उसके मुताबिक, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित भारत की मुद्रास्फीति दर फरवरी में घटकर 0.2 फीसदी हो गई। डब्ल्यूपीआई जनवरी में 0.27 फीसदी थी। डब्ल्यूपीआई




मुद्रास्फीति की दर में गिरावट का यह लगातार तीसरा महीना है, जो दिसंबर में 0.73 प्रतिशत थी। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि फरवरी के दौरान बिजली के लिए ईंधन की कीमतों में गिरावट आई और मुद्रास्फीति दर (-) 1.59 प्रतिशत रही। यह गिरावट पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी के कारण आई। इसी प्रकार, उत्पाद समूह की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई और मुद्रास्फीति दर (-)1.27 प्रतिशत रही। फरवरी माह के दौरान कपड़ा, रसायन और कागज उत्पादों के साथ-साथ प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की कीमतों में भी गिरावट आई। हालांकि, खाद्य वस्तुओं में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ल्लफरवरी के दौरान जिन अन्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई उनमें नैचुरल गैस, पावर, मशीनरी एंड एक्वीपमेंट, मोटर वाहन -- ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर शामिल हैं।

### एनटीपीसी ने 2023-24 में रिकॉर्ड 400 बिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया

नई दिल्ली, 14 मार्च (आईएएनएस)। ऊर्जा मंत्रालय ने गुरुवार को घोषणा की कि एनटीपीसी समूह ने चालू वित्त वर्ष में 13 मार्च, 2024 तक बिजली उत्पादन का रिकॉर्ड 400 बिलियन यूनिट (बीयू) पार कर लिया है। मंत्रालय ने कहा, ''एनटीपीसी के कोयला स्टेशनों के लिए 77.06 प्रतिशत के औसत प्लांट लोडिंग फैक्टर




(पीएलएफ) के साथ यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है।'' पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) के दौरान, सरकारी स्वामित्व वाली बिजली दिग्गज ने 399.3 बीयू बिजली का उत्पादन किया था। उसी वित्त वर्ष के दौरान, एनटीपीसी ने 1 सितंबर, 2023 को एक ही दिन में 1,428 मिलियन यूनिट का अब तक का सबसे अधिक एक दिवसीय बिजली उत्पादन दर्ज किया था। बिजली मंत्रालय ने कहा, ''एनटीपीसी इकाइयों का शानदार प्रदर्शन एनटीपीसी इंजीनियरों की विशेषज्ञता, इसके संचालन और रखरखाव प्रणालियों का प्रमाण है।'' एनटीपीसी की स्थापित बिजली क्षमता 75.4 गीगावॉट है, 18 गीगावॉट क्षमता जिसमें 5 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा शामिल है, निमार्णाधीन है। कंपनी वर्ष 2032 तक 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजली उत्पादन के साथ-साथ, एनटीपीसी ने ई-मोबिलिटी, वेस्ट-टू-एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन समाधान सहित विभिन्न नए व्यावसायिक क्षेत्रों में भी कदम रखा है और केंद्र शासित प्रदेशों के बिजली वितरण के लिए बोली प्रक्रिया में भाग लिया है।

## एक नजर

### सवारी वाहन के धक्के से 15 वर्षीय किशोर घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के छह मुहान चौक मोहन सिनेमा रोड में सवारी वाहन 03स्र 6765 ने पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम कांके निवासी गुनु अंसारी के पुत्र शाहिद अंसारी को धक्का मार दिया।जिसमे बच्चा शाहिद अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बच्चे को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचा दिया है।जहां इलाज के बाद भी बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही इस घटना के बाद बच्चे के मां का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना के बाद पुलिस ने वाहन को जप्त कर लिया है।

### ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह का हुआ प्रमोशन

**मेदिनीनगर।** यातायात प्रभारी का लंबे समय तक पलामू में कमान संभालने के बाद ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह को पुलिस विभाग ने सब इंस्पेक्टर में प्रमोशन कर जमशेदपुर स्थानांतरित कर दिया है। बताते चलें कि ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह जब से पलामू में ट्रैफिक का प्रभारी बने रहें तब तक उन्होंने शहर में ट्रैफिक जाम को बेहतर ढंग से मुक्त रखा। ट्रैफिक प्रभारी के प्रमोशन होने से ट्रैफिक पुलिस के जवानों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। वही मौके पर उपस्थित कुछ ट्रैफिक पुलिस कमीयों ने बताया कि जब से रामजीत सिंह ट्रैफिक प्रभारी बने तब से उन्होंने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ-साथ फुटपाथ दुकानदारों पर भी विशेष ध्यान दिया है, ताकि गरीब व्यक्ति अपना जीवन यापन कर सकें।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचायतों में कार्यक्रम संपन्न

**मेदिनीनगर।** 113वीं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र एवं नागरिक सहायता केंद्र ने 9 मार्च से 13 मार्च तक पलामू एवं लातेहार जिला के हेरहंज के हेरहंज, नावा बाजार के कंडा, पांकी के सगलीम, तरहसी के टरिया, पाटन के सगुना, रामगढ़ के बांसडीह खुर्द पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में महिलाओं को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरुक करते हुए उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। साथ ही आर्थिक समावेशन की प्रक्रिया को भी समझाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कौशल्या देवी, मीना देवी एवं प्रियंका कुमारी, रेणु देवी, स्नेह लता, सुनैना देवी, नीलम, जयदा खातून, तारा बीबी, बबीता कुमारी, गुड़िया देवी, सुनीता देवी, कैथरीना टोपनो अपने-अपने पंचायत में सक्रिय थी। सगुना पंचायत में मुखिया मंजू देवी, बांसडी खुर्द पंचायत में मुखिया संगीता देवी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थी। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए मुख्य तौर से नागरिक सहायता केंद्र के जिला समन्वयक जिलानी फैयाज एवं संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र के राजदेव प्रसाद वर्मा, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, आदिल हुसैन अंसारी विशेष रूप से सक्रिय थे।

# निर्भीक एवं निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर पुलिस अधिकारियों की हुई बैठक





नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झारखंड व बिहार के वरीय पुलिस पदाधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक गुरुवार को हरिहरगंज थाना परिसर में हुई. बैठक में चुनाव में अंतर्राज्यीय सीमा में चौकसी बरतने के अलावे चुनाव को शांतिपूर्ण व सुचारु तरीके से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया. वहीं सूचनाओं के अदान-प्रसाद, आपसी तालमेल व अपराधियों के धड़-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया. शराब, हथियार की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आपस में सूचनाओं के अदान प्रदान को लेकर भी चर्चा की गई. निर्णय लिया गया कि बिहार व झारखंड की सीमा क्षेत्र में आपस में सामंजस्य बनाकर किया जाएगा. इस बारे में छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाएगी. हथियार व शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए खुफिया जानकारी आपस में साझा की जाएगी. अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए वांछित अपराधियों व वारंटियों के खिलाफ बिहार व झारखंड की पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाएगी. बैठक में औरंगाबाद सदर एसडीपीओ संजय कुमार, हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, नबीनगर के सर्किल इंस्पेक्टर विजय कुमार, टंडवा थाना अध्यक्ष द्वारिका राम, अंबा थाना अध्यक्ष राहुल राज, कुटुंब प्रभारी थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार, नवीनगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, ढिबरा थाना अध्यक्ष कमलापति मिश्रा, छतरपुर प्रभारी थाना प्रभारी राहुल कुमार, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी गोपाल कृष्णा, अंबा पीएसआई आकाश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो की मौत, 7 गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के कर्मा चराइन गांव के समीप बीती रात करीब 11 बजे बाइक को बचाने के क्रम में बोलेरो और बाइक दोनो अनियंत्रित होकर दुर्घनाग्रस्त हो गई।जिसमे बोलेरों और बाइक पर सवार 9 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी छतरपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया।सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मध्य प्रदेश के सिंगरौली निवासी शिवा शर्मा की पुत्री प्रभा शर्मा उम्र 15 वर्ष और छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मनदेया निवासी कलेंद्र कुमार की मौत हो गई।वही सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने अन्य घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। सभी घायलों को इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में चलाया गया जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्थानीय अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र में जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। चिकित्सक डॉ. ज्योति कुमार ने बताया कि चिकित्सा पदाधिकारी राकेश रंजन के दिशा निर्देश पर इस अभियान को शुरू किया गया है। उन्होंने मरीजों के बीच क्षेत्र में बढ़ते तापमान पर स्वयं सावधानी बरतने की जरुरत बताया है। लोगों से दोपहर में अनावश्यक घर से नहीं निकलने, विशेषकर सूती वस्त्र के साथ टोपी, गमछा, तौलिया का प्रयोग करने की सलाह दी है। साथ ही घर के दैनिक कार्यों को सुबह व शाम में निपटाने के अलावे अधिक से अधिक पानी पीने को कहा है। इससे कै - दस्त व उल्टी संभावना कम होगी। इसके बावजूद ऐसी कोई भी परेशानी आने पर तत्काल निकटवर्ती अस्पताल पहुंचकर इलाज कराने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि इन रोगों से निपटने के लिये अस्पताल में समुचित दवाइयां उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के नौ तारीख



को गर्भवती महिलाओं के लिये विशेष जांच शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें अन्य अस्पतालों के भी वरीय चिकित्सक व विशेषज्ञ की उपस्थिति होती है। इसके अलावे यहां सुगर, ब्लड प्रेशर, हेमोग्लोबिन, यूरिन स्पिटल आदि मुफ्त में जांच कराने की व्यवस्था है। वहीं जरुरतमंदों को आयरन फोलिक एसिड व कैसियम की गोली मुफ्त दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सर्दी खांसी, बुखार, गठिया आदि के लावे कुत्ता के काटने से पीड़ितों की संख्या प्रतिमाह 30 से अधिक हैं। इस अभियान में मरीजों के अलावे लैब टेक्नीशियन अरुण सिंह, फार्मासिस्ट नवीन किशोर, एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार, ड्रेसर सिपाही राम, प्रदीप कुमार व प्रमोद सिंह, एएनएम कंचन कुमारी, सीमा व कई स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

# उपायुक्त ने महिला हेल्पलाइन जागरूकता वाहन को किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** समाहरणालय परिसर से बुधवार को पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने 181 महिला हेल्पलाइन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस वैन के माध्यम से सखी वन स्टॉप सेंटर के जरिये होने वाले कार्यों के बारे में आमजनों को जागरूक किया जायेगा. मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से घर के भीतर या बाहर किसी भी रूप में पीड़ित व संकटग्रस्त महिला को आपातकालीन सुविधा तत्काल उपलब्ध करवाया जाता है. इसके अलावे वन स्टॉप सेंटर में जरूरतमंद महिलाओं को कानूनी सहायता, मानसिक सहायता के लिए काउंसलिंग, चिकित्सा सहायता, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सहायता, 5 दिन का अस्थायी आश्रय आदि की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवायी जाती है।



### संकट के समय महिलाएं 181 पर कॉल करें

उन्होंने कहा कि जिले की कोई भी महिला संकट के समय मे 181 पर कॉल कर सकती हैं. यह वाहन उपरोक्त विषय पर महिलाओं को जागरूक करेगा. वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि पलामू में वर्ष 2019 से वन स्टॉप सेंटर का संचालन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न मामलों से संबंधित अबतक कुल 172 केस दर्ज किये गये हैं जिसमें सबसे अधिक घरेलू हिंसा से जुड़े 102 केस हैं. मौके पर डीडीसी रवि आनंद, सहायक समाहर्ता रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

### जमीन विवाद में 58 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नरसिंह पुर पथरा निवासी बाबूलाल राम उम्र 58 वर्ष को जमीनी विवाद को लेकर गुरुवार की दोपहर गोतिया के दो लोग दुखी राम और रविंद्र राम ने इंट पत्थर से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।इस घटना के बारे में घायल बाबूलाल राम ने बताया कि गुरुवार की दोपहर करीब 12:00 बजे बाबूलाल राम अपने घर में अकेले थे। इसी बीच गोतिया के दो लोग दुखीराम और रविंद्र राम उनके घर पर पहुंचे और जमीनी विवाद को लेकर बहस करने लगे।बहस इतना बढ़ गया की रविंद्र राम और दुखीराम बाबूलाल को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घर पहुंचे तो देखा कि बाबूलाल गंभीर रूप से घायल पड़े हुए हैं।

## कार की टक्कर से बाइक में लगी आग, महिला सहित दो की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** नेशनल हाईवे 98 डालटनगंज- औरंगाबाद मुख्य पथ फोरलेन पर बुधवार की रात कार और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में महिला सहित दो लोग की मौत हो गई। दुर्घटना में बाइक में आग लग गई। आग की लपटे कार को भी चपेट में लेने वाली थी। उसके पहले ही स्थानीय और अन्य वाहनों में सवार लोगों ने आग बुझा दी और घायलों को इलाज के लिए भेजा। दोनों वाहनों में सवार चार लोग जख्मी हुए हैं। सभी को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा गया है। मृतकों में कार सवार महिला गिरिडीह की रहने वाली प्रभा कुमारी शर्मा बताई गई है, जबकि बाइक पर सवार युवक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के मंदेया के रहने वाले कलिंद्र उरांव की मौत हो गयी। बताया जाता है कि कार औरंगाबाद की ओर से डालटनगंज की ओर जा



रही थी, जबकि बाइक सवार करमाचराई सड़क की ओर से आकर बैरियाडीह मोड नेशनल हाईवे पर चढ़े थे। बाइक पर चार युवक सवार थे, जबकि कार में सवार लोगों की संख्या पांच थी। अचानक बाइक के सामने आ जाने के कारण कार से उसकी जोरदार टक्कर हुई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि टक्कर के बाद बाइक और कार फोरलेन सड़क की दूसरी ओर रॉन्ग साइड जाकर पलटी खा गए। कार तीन से चार बार पलटी खाई, जबकि बाइक में आग लग गई। इसी क्रम में आसपास के लोग और वाहन सवारों ने आग बुझाई। साथ ही कार में सवार लोगों को बाहर निकाला।

### जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में रफ्तार की होड़ ने एक अधेड़ की जान चली गई। मंजिल पर पहुंचने के पहले ही उसे मौत खींच लें गई। यह हादसा बुधवार की देर रात अनुमंडल मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर जपला छतरपुर मुख्य पथ के चौवा चट्टान गांव के समीप हुई। जानकारी के अनुसार गम्हरबिगहा गांव निवासी कमलेश सिंह 55 वर्ष अपने घर पैदल जा रहा था, इसी बीच उस रास्ते से एक ट्रैक्टर आता देख उसपर सवार हो गया। इसी बीच कंचन पुर व चौवा चट्टान के समीप ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गई।और वह ट्रॉली के नीचे दब गया। आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रॉली को ऊपर उठाकर बाहर निकालकर तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर गुरूवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसके शव को परिजनों को सौंप दिया।

## पलामू पुलिस ने तीन लुटेरों को लूट के समान के साथ किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना की पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि 13 मार्च को तरहसी थाना क्षेत्र के निवासी सुदामा साव के पुत्र हरेंद्र कुमार ने शहर थाना में लिखित आवेदन दिया कि 12 मार्च की रात्रि करीब 12.30 बजे बी0एन0 कॉलेज के नीचे बन्टी चन्द्रवंशी के घर में शादी समारोह में वह ड्रोन केमरा से फोटोग्राफी एवं विडियोग्रफी का काम कर मोटर साईकिल से अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में बीएन कॉलेज पार्क के सामने तीन अज्ञात अपराधकर्मियों ने उसके साथ मारपीट कर चाकु का भय दिखाते हुए इनका मोबाईल एवं ड्रोन कैमरा लूट लिया।शहर थाना में मामला दर्ज होने के बाद लुटेरों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में लूटे गये मोबाईल को अनिकेत तिवारी के पास से बरामद किया गया। जिसके स्वीकारोक्ति ब्यान के आधार पर कांड में शामिल अन्य दो अपराधी संजीत कुमार ओझा एवं कवि कुमार को गिरफ्तार करते हुए तरहसी से कांड में लूटे गये ड्रोन कैमरा एवं घटना में प्रयुक्त हिरो होण्डा मोटर साईकिल को बरामद किया गया है। पुलिस ने पकड़े गए लुटेरों के पास से ड्रोन कैमरा पूरे सेट के साथ ,मोबाईल - 01,कांड में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद किया है। पकड़े गए लुटेरों में अनिकेत तिवारी उम्र 21 वर्ष पिता गजेन्द्र तिवारी, सा० कुकरसा, थाना पड़वा, वर्तमान सा० बी०एन० पानी टंकी के पास, थाना शहर, जिला पलामू,2. संजीत कुमार ओझा उम्र 20 वर्ष पिता चन्द्रभूषण ओझा, सा० सुल्तानीपूर, थाना कुटुम्बा, जिला औरंगाबाद (बिहार), वर्तमान बी0एन0 कॉलेज के पास दीदी के घर में, थाना शहर, जिला पलामू,3. कवि कुमार उम्र 19 वर्ष पिता प्यारे राम, सा० अगोर आश्रम पांनी टंकी के पास, थाना शहर, जिला पलामू का नाम शामिल है।



## सीआरपीएफ कमांडेंट बनकर की ईट सप्लायर से 89 हजार रुपये की ठगी

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू ।** शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा बाईपास रोड निवासी अविनाश कुमार को झांसा देकर फोन पे के माध्यम से 89 हजार 660 रुपये की ठगी कर ली गयी। इस संबंध में उन्होंने साइबर थाना में आवेदन दिया है। अविनाश कुमार भवन निर्माण के लिए ईंट सप्लाई करने का काम करते हैं। 9 मार्च को दोपहर में फोन नं 7970443601 पर 7643074804 नंबर से फोन आया और बताया कि डालटनगंज जीएलए कॉलेज से सीआरपीएफ 112 बटालियन का कमांडेंट बोल रहा हूं। भवन निर्माण के लिए ईट की जरूरत है. इसके बाद विभिन्न प्रकार के सामान के लिए एक लाख रुपए का एस्टीमेट बनाया गया है. अग्रिम भुगतान बीस हजार रुपए फोन पे के माध्यम से देने को बोला। बीस हजार रुपए भुगतान करने के बाद फोन पे पर उनके द्वारा लिंक दिया गया और लिंक को क्लिक करने को कहा गया। ताकि अग्रिम राशि खाते में आ सके। लिंक को क्लिक किया गया. बाद में बताया गया कि लिंक फेल हो गया है और फिर उसने दूसरा लिंक भेजने की बात कही. इसके बाद उसने 5 बार लिंक भेजा। लिंक क्लिक करने के बाद बारी-बारी से पांच बार में 89 हजार 660 रुपये उसके अकाउंट से कट गए।




**साइबर ठग से सतर्क करें लोग, एक महीने में 100 शिकायत : थाना प्रभारी :** बाद में फोन के माध्यम से काफी संपर्क करने का प्रयास किया पर फोन नहीं लगा. छानबीन के बाद उसे महसूस हुआ कि वो ठगी का शिकार हो गया है. मामले को लेकर अविनाश कुमार ने साइबर थाना में आवेदन दिया है। साइबर थाना प्रभारी विश्राम उरांव ने बताया कि जांच प्रारंभ कर दी गई है। हाल के दिनों में साइबर ठगी के ज्यादा शिकायत प्राप्त हो रही है. उन्होंने लोगों से जागरूक होने की अपील की. एक महीने में करीब 100 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का चौतरफा विकास : मिथिलेश

नवीन मेल संवाददाता

### दो दर्जन से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**रांची/गढ़वा।** गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर बुधवार को दो दर्जन से अधिक लोगों ने झामुमो का दामन थाम लिया. मिथिलेश ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया. पार्टी में शामिल होने वालों में गढ़वा के हरैया ग्राम निवासी संजीव कुमार सिंह लक्की, धीरज सिंह सोनू, अंकुर सिंह, मन्नू सिंह, आशुतोष कुमार, दिलीप सिंह, अमरेश पासवान, मन्नू जायसवाल, सचिन सिंह, जयप्रकाश सिंह, दिनेश कुमार, अमितेश सिंह, शिवम सिंह, रवि कुमार, सुचुन सिंह, सत्यम सिंह, परिहारा निवासी कुणाल सिंह, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, तिवारी मरहटिया निवासी ब्रजेश कुमार आदि का नाम शामिल है. मौके पर पार्टी में शामिल होने वालों ने कहा कि वे लोग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं. झामुमो ही एकमात्र झारखंड एवं झारखंड वासियों की हितैशी पार्टी है. इस सरकार से पूर्व राज्य में जितनी भी सरकारें बनी, सभी ने झारखंड को चारागाह समझकर लूटा. अब राज्य का सही मायने में विकास हो रहा है.

**केंद्र की घटिया राजनीति से उब चुकी है जनता : मिथिलेश :** वहीं मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चौतरफा विकास हुआ है. अब चंपाई सोरेने के नेतृत्व में विकास की एक नई गति मिल रही है. उन्होंने कहा कि सरकार की असली ताकत राज्य की जनता है. यहां की जनता ने जिस उम्मीद के साथ सरकार बनायी है, वह उम्मीद पूरी हो रही है. पूरे राज्य की जनता का रूझान झामुमो की ओर है. पूरे राज्य की जनता केंद्र सरकार की घटिया राजनीति से उब चुकी है. आज यही कारण है कि गढ़वा सहित पूरे राज्य में काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं. मौके पर कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## आयोजन

## अबुआ आवास में अनियमितता का आरोप

# महिलाओं ने आवास समन्वयक के साथ की धक्का-मुक्की

**महिलाओं ने बीडीओ कार्यालय में किया हंगामा**

**महिलाओं के गुस्से के शिकार हो गए बीडीओ और आवास समन्वयक**

**करीब दो घंटे तक आवास समन्वयक को घेर कर रखा**

**बीडीओ ने सचिव से स्पष्टीकरण पूछने की बात कही**



नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिले के भवनाथपुर प्रखंड के लोगों ने अबुआ आवास में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है. ग्रामीणों का आरोप है कि आवास योजना में प्रखंड कर्मी और पदाधिकारी व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरत रहे हैं। इसको लेकर भवनाथपुर, बुका, चपरी और मकरी की सैकड़ों महिलाएं बीडीओ से मिलने उनके कार्यालय पहुंची। लेकिन वो अपने कार्यालय से निकलकर सीओ कार्यालय चले गये। जिससे आक्रोशित होकर महिलाएं आवास समन्वयक अशोक कुमार के कार्यालय चली गयी और वहां जमकर हंगामा किया। महिलाओं ने करीब दो घंटे तक आवास समन्वयक अशोक कुमार को घेरकर रखा। इस दौरान आक्रोशित महिलाओं ने आवास समन्वयक के साथ धक्का मुक्की भी की और उनसे बीडीओ साहब से मिलवाने के लिए कहा। मौके की नजाकत को देखते हुए अशोक कुमार बीडीओ के पास पहुंच गये। उनके पीछे-पीछे महिलाएं भी चली गयी और वहां भी जमकर हंगामा किया. महिलाओं ने आरोप लगाया कि आवास के फाइनल सूची में छेड़छाड़ की गयी है। बीडीओ ने सचिव से स्पष्टीकरण मांगने की बात कही। जिसके बाद महिलाए शांत हुई. बता दें कि अबुआ आवास के शुरूआत से ही ग्रामीणों का हंगामा चालू है। इसी हो हंगामा के बीच पहली किश्त की राशि लाभुकों के खाते में भेज दी गयी है।

## अक्षय सिंह बने पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पेंशन पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद् कार्यालय हुसैनाबाद में गुरुवार को एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह व संचालन लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने किया। बैठक में पीछले महीने गुरखा रेजिमेंट से सेवा निवृत्त हुए सुबेदार अक्षय कुमार सिंह को सर्वसम्मति से पेंशन पदाधिकारी नियुक्त किया गया। पूर्व में यहां के पूर्व सैनिकों को पेंशन संबंधी समस्याओं में सुबेदार कामख्या नारायण सिंह का मदद लेना पड़ता था। लेकिन अब उनके ही मार्गदर्शन में सुबेदार अक्षय कुमार सिंह पूर्व सैनिकों वीर नारी एवं आम सेवानिवृत्त पेंशनधारकों के पेंशन संबंधी विसंगतियों पर काम करेंगे। इस बैठक में पूर्व सैनिकों ने होली मिलन समारोह मनाने का भी निर्णय लिया। यह कार्यक्रम 23 मार्च को कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के आवास पर मनाया जाएगा। इसके पूर्व बैठक में उपस्थित संगठन संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत को अग्रणीय देश के श्रेणी में रखने के लिए तैयार है जिसका पूरा श्रेय माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है। हम सभी सैनिकों को वन रैंक पेंशन वन पेंशन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया है इसके लिए हम सभी सैनिकों के तरफ से उन्हें धन्यवाद देते हैं। साथ ही उन्होंने कहा की सेवानिवृत्ति सैनिक फौज में जो सेवा के गुण अपनाते हैं सेवानिवृत्त के बाद इस गुण को वो समाज में बांटने का काम करते हैं। इस बैठक में सुबेदार सतेन्द्र ठाकुर, गौरीशंकर ठाकुर ,सुमेर सिंह ,महाराज सिंह ,अशर्फी पाल, उदित चौधरी, राम प्रसाद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## खुफिया जानकारी को साझा करने पर बल

नवीन मेल संवाददाता

### लोस चुनाव को लेकर बिहार-झारखंड पुलिस ने बनाई साझा रणनीति

**हरिहरगंज।** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर झारखंड व बिहार के वरीय पुलिस पदाधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक गुरुवार को हरिहरगंज थाना परिसर में हुई। बैठक में चुनाव के दौरान अंतर्राज्यीय सीमा में चौकसी बरतने के अलावे चुनाव को शांतिपूर्ण व सुचारु तरीके से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वहीं सूचनाओं के आदान-प्रसाद, आपसी तालमेल व अपराधियों के धड़-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया। शराब व हथियार की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आपस में सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर भी चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि बिहार व झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में आपस में सामंजस्य बनाकर कार्य किया जाएगा। इस बारे में छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाएगी। हथियार व शराब की तस्करी पर रोक लगाने के लिए खुफिया जानकारी आपस में साझा की जाएगी। अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए वांछित अपराधियों व वारंटियों के खिलाफ बिहार व झारखंड की पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाएगी। बैठक में औरंगाबाद सदर एसडीपीओ संजय कुमार, हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, नबीनगर के सर्किल इंस्पेक्टर विजय कुमार, टंडवा थाना अध्यक्ष द्वारिका राम, अंबा थाना अध्यक्ष राहुल राज, कुटुंब थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार, नबीनगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय, ढिबरा थाना अध्यक्ष कमलापति मिश्रा, छतरपुर प्रभारी थाना प्रभारी राहुल कुमार, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी गोपाल कृष्णा, अंबा पीएसआई आकाश कुमार शामिल थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल की तबीयत बिगड़ी, भर्ती



**मुंबई।** देश की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभाताई पाटिल की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें तत्काल इलाज के लिए पुणे के भारती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह बुखार और सीने में संक्रमण से पीड़ित हैं। फिलहाल प्रतिभा पाटिल की तबीयत में सुधार हो रहा है। डॉक्टरों ने गुरुवार को बताया कि प्रतिभा पाटिल प्रतिभाताई पाटिल (89 वर्ष) की तबीयत पिछले कई दिनों से खराब चल रही थी। बुधवार को देर रात उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने से उन्हें पुणे के भारती अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। भारती अस्पताल के डॉक्टरों की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ प्रतिभाताई पाटिल का इलाज कर रही है।

### नायब सैनी ने पीएम मोदी से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उन्हें सशक्त और समृद्ध हरियाणा के विराट संकल्प की सिद्धि के लिए सबको साथ लेकर चलने का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

### रूस में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**मॉस्को।** रूस के मगादान क्षेत्र में गुरुवार को एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। रूस की इंटरफैक्स समाचार एजेंसी ने स्थानीय आपातकालीन सेवाओं का हवाला देते हुए बताया, एमआई-8 हेलीकॉप्टर मगादान क्षेत्र की एक खदान से 20 मजदूरों को ले जा रहा था, जो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दो लोगों की मौत हो गई और बाकी के बारे में जानकारी नहीं है।

### नेपाल : सड़क दुर्घटना में सात की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के उदयपुर जिले में गुरुवार सुबह एक जीप के हाईवे से फिसल जाने से एक बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई। जिले के पुलिस प्रवक्ता रोशन थापा ने सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया, ३हमने नौ लोगों को जीवित बचाया, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस को संदेह है कि ओवरलोडिंग और ढलानदार सड़क के कारण यह दुर्घटना हुई। जीप में 16 लोग सवार थे और दुर्घटना जिस जगह हुई, वो हिस्सा काफी संकरा था। नेपाल में यातायात दुर्घटनाओं में आम तौर पर हर साल सैकड़ों लोगों की मौत हो जाती है।

### भाजपा नेता विनय प्रधान रालोद में शामिल

**मेरठ।** भाजपा नेता विनय प्रधान ने गुरुवार को राष्ट्रीय लोक दल का दामन थाम लिया। प्रधान ने दिल्ली में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विनय प्रधान की गिनती मेरठ के गुर्जर समाज के दिग्गज नेताओं में होती है। उनके दादा प्रभुदयाल और राम दयाल विधायक रह चुके हैं।

### पीएम ने दिल्ली को दिया डबल तोहफा

# स्ट्रीट वेंडरों को ऋण और मेट्रो के दो कॉरिडोर की रखी आधारशिला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पीएम स्वनिधि योजना के तहत दिल्ली के 5 हजार रेहड़ी-पटरी वालों सहित देश के एक लाख स्ट्रीट वेंडरों को ऋण वितरित किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण में लाजपत नगर से साकेत-जी ब्लॉक तक और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक के दो नए कॉरिडोर की आधारशिला भी रखी।

इस मौके पर अपने संबोधन ने प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश भर में लगभग 1 लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत उनके बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। इसके अलावा, आज दिल्ली मेट्रो के दो नए प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास किया गया है। इस प्रकार, यह दिल्ली के लोगों के लिए दोहरे उपहार की तारीख है। महामारी के दौरान रेहड़ी-पटरी वालों की ताकत को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने रोजमर्रा की जिंदगी में उनके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आज का पीएम स्वनिधि महोत्सव उन लोगों को समर्पित है जिनके बिना हम अपने दैनिक जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। स्ट्रीट वेंडरों की इस ताकत हम कोरोना के दौरान देख चुके हैं। पिछली सरकारों पर रेहड़ी-पटरी वालों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि रेहड़ी-पटरी वालों के ठेले-दुकान भले ही छोटे हों, लेकिन इनके सपने बड़े होते हैं।



**रेहड़ी-पटरी वालों के लिए जीवनरेखा साबित हुई है पीएम स्वनिधि योजना : मोदी**

**इंडी गठबंधन की विचारधारा -कुशासन, करप्शन व देश विरोधी एजेंडे को हवा देना**

### पीएम स्वनिधि योजना से 62 लाख लाभार्थियों को लगभग 11 हजार करोड़ रुपए मिले

फुटपाथ पर सामान बेचते हुए पैसों की जरूरत पड़ जाती थी, तो मजबूरी में महंगे ब्याज पर पैसा लेना पड़ता था। प्रधानमंत्री ने बैंकों में इन लोगों के खाते तक नहीं होने का उल्लेख करते हुए कहा कि बैंकों में खाता खुलवाने के लिए तरह-तरह की गारंटी उन्हें देनी पड़ती थी। ऐसे में बैंक से इनको लोन मिलना असंभव ही था। मोदी ने कहा कि जिन लोगों के पास बैंक खाता था उनके पास व्यापार का कोई रिकॉर्ड नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह स्वयं गरीबी से निकलकर यहां पहुंचे हैं इसलिए जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी ने पूछा भी और पूजा भी है। कोविड के दौरान पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने एक हालिया अध्ययन पर प्रकाश डाला जिसमें कहा गया है कि स्ट्रीट वेंडरों की आय कई गुना बढ़ गई है और खरीदारी के डिजिटल रिकॉर्ड भी उन्हें बैंक से लाभ उठाने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि डिजिटल लेनदेन पर हर साल 1200 रुपये का कैशबैक भुनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत अभी तक देश के 62 लाख लाभार्थियों को लगभग 11 हजार करोड़ रुपए मिल चुके हैं। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों में आधे से अधिक महिलाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन बेहतर बनाने में जुटा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन है, जो मोदी को गालियां देने के लिए घोषणा पत्र के साथ दिल्ली में एकजुट हो गया है। इंडी गठबंधन की विचारधारा कुशासन, करप्शन और देश विरोधी एजेंडे को हवा देने की है। जबकि मोदी की विचारधारा जनकल्याण से राष्ट्र कल्याण, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को जड़ से मिटाने और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की है। वे कहते हैं कि मोदी का परिवार नहीं है। मोदी के लिए तो देश का हर परिवार अपना परिवार है। इसीलिए तो पूरा देश भी कह रहा है- मैं हूं मोदी का परिवार। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने रेहड़ी-पटरी वालों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। देश में बने 4 करोड़ से ज्यादा घरों में से करीब 1 करोड़ शहरी गरीबों को आवंटित किए गए हैं। दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों को पक्का मकान देने के लिए हमारी सरकार बहुत बड़ा अभियान चला रही है। गौरतलब है कि इसके तहत दिल्ली में अब तक 3,000 से ज्यादा घर बन चुके हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में लॉन्च की गई पीएम सूर्य घर योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के तहत छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार पूरी मदद करेगी। इससे 300 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगी। सरकार इस योजना पर 75 हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों और मध्यम वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। एक ओर, हमने शहरी गरीबों के लिए पक्के घर बनाए हैं, दूसरी ओर, मध्यम वर्ग के परिवारों को घर बनाने के लिए मदद की। देशभर में मध्यम वर्ग के लगभग 20 लाख परिवारों को पक्के घर बनाने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा चुकी है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि दिल्ली मेट्रो भारत के शहरी विकास का महत्वपूर्ण पहलु है।

# 'एक देश एक चुनाव' पर कमेटी ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च-स्तरीय समिति ने एक देश एक चुनाव पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। रिपोर्ट में पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया गया है। कहा गया है कि समिति की सर्वसम्मत राय है कि एक साथ चुनाव कराए जाने चाहिए। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव को एक साथ कराए जाने का प्रस्ताव है। भारत में फिलहाल संसद और राज्य विधानसभा के चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं।

केन्द्रीय कानून और न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को अपने एक्स हैंडल पर राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपने की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि आज पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक देश एक चुनाव कमेटी के सदस्य के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपे जाने के समय कमेटी के सभी 7 सदस्य गृहमंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, संविधानविद् सुभाष कश्यप और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी उपस्थित थे। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे विदेश में रहने के कारण उपस्थित नहीं रह सके। इस कमेटी में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी सदस्य बनाया गया था, पर उन्होंने असहमति जताते हुए उसी समय इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया था।



### उत्तराखंड में कांग्रेस को एक और झटका

## हरीश रावत के करीबी गोपाल सिंह रावत का पार्टी से इस्तीफा



**एजेंसी। देहरादून**

लोकसभा चुनाव से पहले ही उत्तराखंड कांग्रेस में एक के बाद एक इस्तीफों का दौर चल रहा है। अब कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव और हरीश रावत के करीबी गोपाल रावत ने भी कांग्रेस का दामन छोड़ दिया है। गोपाल रावत जल्द ही बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस पार्टी में नेताओं और कार्यकर्ताओं की नाराजगी के बाद कांग्रेस पार्टी में बिखराव आने लगा है। गोपाल सिंह रावत ने कहा कि वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बीजेपी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री और बीजेपी के नेतृत्व में जिस प्रकार से मुख्यमंत्री धामी प्रदेश के विकास से लिए कार्य कर रहे हैं उससे मैं प्रभावित हुआ है। माना जा रहा है कि जल्द ही गोपाल सिंह रावत अपने समर्थकों के साथ बीजेपी का दामन थाम सकते हैं।

## सुधा मूर्ति ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली



**नई दिल्ली।** लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन स्थित अपने कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। सदन के नेता पीयूष गोयल और इंफोसिस के संस्थापक व सुधा मूर्ति के पति नारायण मूर्ति उनके शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मौजूद थे।

## आप ने घोषित किये 8 उम्मीदवार, पांच मंत्री

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब की सत्तारूढ़ आप ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब से आठ उम्मीदवारों का ऐलान करते हुए पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पंजाब के पांच कैबिनेट मंत्रियों समेत दो विधायक शामिल है। इस सूची में आप ने अमृतसर से मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, खडूर साहिब लोकसभा से कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, जालंधर से मौजूदा सांसद सुशील कुमार रिंकू, फतेहगढ़ साहब से गुरप्रीत सिंह जीपी, फरीदकोट से गायक एवं अदाकार करमजीत अनमोल, बठिंडा से मंत्री गुरमीत सिंह खुड़िया, संगरूर से मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर और पटियाला से मंत्री बलवीर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। इस सूची के बाद अब आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब से पांच और उम्मीदवारों की एक सूची जारी करेगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी भाजपा में शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री परनीत कौर गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील झाखड़ और पार्टी महासचिव तरुण चुग एवं अरुण सिंह मौजूद रहे। कौर पटियाला से चार बार कांग्रेस की सांसद रही हैं। पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वे अपने निर्वाचन क्षेत्र, राज्य और देश के लिए काम करना चाहती हैं। कांग्रेस के साथ उनकी पारी अच्छी रही और उन्हें उम्मीद है कि भाजपा के साथ भी उनकी पारी बेहतर होगी। उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ाना है या नहीं, यह भाजपा पर निर्भर है।




### मछली उत्पादों के निर्यात में शामिल एक इकाई भी रडार पर

## ईडी ने संदेशखाली के कई स्थानों पर फिर की छापेमारी

### भारी सुरक्षा के बीच धमखाली के मछली बाजार में छापेमारी

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में राशन वितरण घोटाला मामले में ईडी ने गुरुवार को संदेशखाली में कई जगहों पर छापेमारी की। मालूम हो कि इसके पूर्व 5 जनवरी को राशन वितरण घोटाला मामले में संदेशखली स्थित शेख शाहजहां के घर छापेमारी करने गई ईडी की टीम पर जानलेवा हमला किया गया था। सूत्रों ने बताया कि राशन वितरण मामले के अलावा, मछली उत्पादों के निर्यात में शामिल संदेशखाली-स्थित एक इकाई भी केंद्रीय एजेंसी के रडार पर है। इस यूनिट का मालिक शेख शाहजहां है।

इस मामले में ईडी अधिकारी सीएपीएफ अधिकारी की भारी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच संदेशखाली के धमखाली के मछली बाजार में छापेमारी करने पहुंचे। इधर ईडी अधिकारियों की एक छोटी टीम ने मछली बाजार के स्वामित्व में भागीदार नशीरुद्दीन मोल्ला के आवास पर भी छापेमारी की। जिस बाजार में छापेमारी और तलाशी अभियान चल रहा है, वह झींगा के थोक व्यापार केंद्र के रूप में लोकप्रिय है। ईडी की मौजूदा छापेमारी और तलाशी अभियान उनके अधिकारियों द्वारा हासिल किए गए विशेष इनपुट पर आधारित है कि राशन वितरण मामले में अवैध कमाई का एक बड़ा हिस्सा शाहजहां के स्वामित्व वाले मछली-व्यापार व्यवसायों में निवेश किया गया था।



### मुस्लिम लीग सांसद के परिसरों में भी रेड

**चेन्नई।** ईडी के अधिकारी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग नेता और सांसद के नवास कानी के व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर रहे हैं। नवास कानी रामनाथपुरम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार हैं। वो वर्तमान में यहीं से सांसद हैं। वह आईयूएमएल की तमिलनाडु इकाई के उपाध्यक्ष भी हैं। उनके व्यापारिक प्रतिष्ठान, एसटी कूरियर के परिसरों में तलाशी ली जा रही है।

### यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी



**अमेठी।** ईडी ने यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति से संबंधित रेत खनन मामले में कई स्थानों पर छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान ईडी के कई अधिकारी मौजूद हैं। घर के बाहर सुरक्षा बल तैनात है। गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी और बेटा भी घर के अंदर मौजूद हैं। अमेठी के आवास विकास कॉलोनी और गंगागंज मोहल्ले में ईडी की ये छापेमारी चल रही है। तलाशी में गायत्री प्रजापति, उनकी पत्नी और बेटों के आवास शामिल थे। लखनऊ स्थित गायत्री प्रजापति के आवास पर भी सुबह से छापेमारी की कार्रवाई चल रही है। गायत्री के कथित महिला मित्र गुड्डी देवी के घर पर भी छापेमारी की जा रही है। मालूम हो कि गायत्री प्रजापति फिलहाल जेल में हैं।

# अब आसमान में जमेगी अमेरिकी 'अपाचे' और स्वदेशी 'प्रचंड' की लड़ाकू जोड़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अब अमेरिकी 'अपाचे' और स्वदेशी 'प्रचंड' लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की जुगल जोड़ी आसमान में नया गुल खिलाएगी। भारतीय वायु सेना पहले ही स्वदेशी 'प्रचंड' की पहली स्क्वाड्रन जोधपुर में स्थापित कर चुकी है लेकिन अब भारतीय सेना की आर्मी एविएशन कोर भी 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों का अपना पहला स्क्वाड्रन स्थापित करने जा रही है। इस यूनिट के पहले हेलिकॉप्टर इस साल मई में अमेरिका से आने की उम्मीद है। भारतीय सेना ने अमेरिका से छह अपाचे हेलिकॉप्टर हासिल करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय वायु सेना पहले ही अमेरिकी कंपनी बोइंग के अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों पर भरोसा करती है, इसीलिए वायु सेना ने सितम्बर, 2015 में अमेरिकी सरकार और बोइंग लिमिटेड के साथ 22 अपाचे हेलिकॉप्टरों के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे।

वायु सेना ने पठानकोट एयरबेस पर सितम्बर, 2019 में आठ लड़ाकू अपाचे हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं। यह शक्तिशाली और भारी हथियार ले जाने में सक्षम होने के बावजूद वजन में भारी होने की वजह से उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाते हैं। इसीलिए हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की जरूरत को देखते हुए वायु सेना ने पिछले साल जोधपुर में मल्टी रोल वाले हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' की पहली 'धनुष' स्क्वाड्रन बनाई थी। इसी तरह रक्षा मंत्रालय ने 2017 में 4168 करोड़ रुपये कीमत पर सेना के लिए हथियारों के साथ छह अपाचे हेलिकॉप्टरों की खरीद को मंजूरी दी थी। भारतीय सेना की आर्मी एविएशन कोर को इस साल मई में अमेरिका से अपाचे हेलिकॉप्टर मिलने की उम्मीद है लेकिन सेना 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों का अपना पहला स्क्वाड्रन स्थापित करने जा रही है। इस स्क्वाड्रन के नाम का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन अमेरिका से मिलने वाले पहले बैच के हेलिकॉप्टरों को जोधपुर की इसी स्क्वाड्रन में तैनात किया जायेगा। सेना के लिए अपाचे को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दुश्मन की किलेबंदी को भेदकर और उसकी सीमा में घुसकर हमला करने में सक्षम है। पाकिस्तानी सीमा पर पश्चिमी सेक्टर के जोधपुर में वायु सेना की स्वदेशी 'प्रचंड' की स्क्वाड्रन और यहीं पर भारतीय सेना की अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की स्क्वाड्रन मिलकर काम करेगी। दोनों स्क्वाड्रन एक ही जगह पर होने से लड़ाकू अमेरिकी 'अपाचे' और स्वदेशी 'प्रचंड' की जुगल जोड़ी आसमान में नया गुल खिलाएगी। अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर फ्लाइंग रेंज 550 किलोमीटर में 16 एंटी टैंक मिसाइल दागकर उसके परखच्चे उड़ा सकता है। इसे दुश्मन पर बाज की तरह हमला करके सुरक्षित निकल जाने के लिए बनाया गया है। हेलिकॉप्टर के नीचे लगी बंदूकों से 30 एमएम की 1,200 गोलियां एक बार में भरी जा सकती हैं। अपाचे एक बार में 2:45 घंटे तक उड़ान भर सकता है।



**भारतीय सेना गुरुवार को जोधपुर में बनाएगी अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की पहली स्क्वाड्रन**

**जोधपुर में पिछले साल ही स्वदेशी 'प्रचंड' की पहली स्क्वाड्रन स्थापित कर चुकी है वायु सेना**